आदर्श कार्यालय पद्धति

मन्नूलाल द्विवेदी

आदर्श कार्यालय पद्धति

सरकारी कार्यालयों में हिन्दी में कामकाज करना सीखने तथा अभ्यास करने के लिए सबसे प्रामाणिक एवं श्रेष्ठ पुस्तक

लेखक :
मन्नूलाल द्विवेदी
भू० पू० संसद सदस्य एवं सचिव संसदीय हिन्दी परिषद्

प्रभात प्रकाशन, दिल्ली-६

प्रस्तावना

हिन्दी भारत की राजभाषा है। यह प्रादेशिक भाषाओं को आपस में जोड़ने वाली एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। हिन्दी जन-जन की भाषा है, इसलिए इसे भारत के संविधान में सर्वसम्मति से 'राष्ट्रभाषा' का पद प्रदान किया गया था। जैसा हमारे संविधान में निर्धारित था, भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का स्मरणीय अवसर 26 जनवरी 1965 को आ गया। हिन्दी में सरकारी कामकाज करने की पद्धति सिखलाने के लिए ही प्रस्तुत पुस्तक का निर्माण किया गया है।

सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में पत्र-व्यवहार का महत्त्व सर्वोपरि है। स्वतन्त्रता प्राप्ति से पहले सरकारी पत्राचार पूरी तरह अँग्रेजी में ही होता था। यही कारण है कि सरकारी कामकाज में आज भी अंग्रेजी का प्रयोग सुविधाजनक माना जाता है। यह कितना हास्यास्पद लगता है कि आज भी हम में से बहुत से व्यक्तियों को हिन्दी के इने-गिने शब्दों को समझना तो कठिन लगता है लेकिन अंग्रेजी हमें सुविधापूर्ण लगती है, जिसके शब्द, गठन, वाक्य-विन्यास, शैली आदि सभी कुछ हमारे लिए विदेशी हैं।

वस्तुत: यदि अंग्रेजी के सांचे में ढली वर्तमान पीढ़ी परिश्रमपूर्वक एवं निष्ठा के साथ नयी शब्दावली सीखकर उसका प्रयोग करना आरम्भ कर दे और दूसरी ओर हिन्दी प्रेमी जन मात्र शब्दावली का निर्माण करके ही अपने कर्तव्य की इतिश्री न समझें, तो किसी प्रकार की समस्या नहीं रहेगी। यह निश्चित है कि हिन्दी के प्रयोग में प्रारम्भ में कुछ कठिनाई अवश्य आयेगी, लेकिन यह भी निश्चित है कि धीरे-धीरे निरन्तर प्रयोग से उसका एक रूप स्थिर हो जायेगा।

'आदर्श कार्यालय पद्धति' में सचिवालय की कार्यविधि, हिन्दी में टिप्पणी तथा प्रारूप तैयार करने की विधि, सरकारी और गैर-सरकारी पत्राचार के विभिन्न रूप और उनके नमूने दिये गये हैं ताकि इस सम्बन्ध में पूरा व्यावहारिक ज्ञान हो सके। एक पृथक् प्रकरण में अनुवाद की समस्या पर भी विचार किया गया है।

साथ ही प्रशासनिक शब्दों के अद्यतन हिन्दी पर्याय, कार्यालयों के हिन्दी नाम, पदनाम आदि भी परिशिष्टों में दिये गये हैं आशा है, सरकारी तथा गैर-सरकारी पत्र-व्यवहार में हिन्दी का प्रयोग करने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए प्रस्तुत पुस्तक सहायक सिद्ध होगी।

—मन्नूलाल द्विवेदी

अनुक्रमणिका

प्रकरण १

भारतीय राज्य प्रणाली

१५ अगस्त, १९४७ को स्वतन्त्रता संग्राम की पूर्णाहुति के साथ ही अंग्रेजों का दो सौ वर्ष पुराना शासन समाप्त हो गया और एक नये गणराज्य 'भारत' का जन्म हुआ। २६ जनवरी, १९५० का दिन विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायगा।

न्याय, स्वातन्त्र्य, समानता एवं भ्रातृत्व के आधार पर भारतीय प्रजातन्त्र की स्थापना के लिए संविधान की आवश्यकता का अनुभव किया गया और आर्थिक एवं सामाजिक आदर्शों तथा महत्त्वाकांक्षाओं से परिपूर्ण हमारा मौजूदा संविधान इन्हीं प्रयत्नों का परिणाम है, जिसके अनुसार भारत सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोक-तन्त्रात्मक गणराज्य (Sovereign Democratic Republic) है।

मन्त्रिमण्डलीय शासन प्रणाली

मन्त्रिमण्डलीय शासन प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस प्रणाली में कार्यपालिका विधानमण्डल के प्रति पूर्ण उत्तरदायी होती है। मन्त्रिमण्डल में प्रधानमन्त्री के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ मन्त्री भी सम्मिलित होते हैं। मन्त्रिमण्डल के सदस्य प्रशासन के विभिन्न विभागों में मुखिया होते हैं और नियम आदि बनाने का कार्यक्रम मन्त्रिमण्डल द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है, जिसे बाद में संसद के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है। इस दिशा में महत्त्वपूर्ण निर्णय तथा नीति-निर्देशन संसद द्वारा ही किया जाता है।

संविधान के बनाने वालों ने जनता के प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व तथा राज्यों के प्रतिनिधित्व के बीच सन्तुलन बनाये रखने के उद्देश्य से लोक-सभा तथा राज्य-सभा दो सदनों का निर्माण किया। लोक-सभा के सदस्यों का चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर किया जाता है और राज्य-सभा में मुख्यतः राज्यों की विधान सभाओं द्वारा निर्वाचित सदस्यों का प्रतिनिधित्व होता है।

राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग है और अनुच्छेद ७९ के अनुसार राष्ट्रपति सहित दोनों सदनों से संसद का निर्माण होता है। राष्ट्रपति में वे सभी शक्तियाँ निहित हैं जो सम्राट् (क्राउन) में निहित हैं। संघ का सारा कार्यकारी प्राधिकार

औपचारिक रूप से राष्ट्रपति को प्राप्त है। इस प्राधिकार में रक्षा-सेनाओं की सर्वोच्च कमान भी शामिल है। वास्तव में जो महान् शक्तियाँ उसके नाम से प्रयुक्त की जाती हैं यथार्थ में उसे उपलब्ध तक नहीं होतीं। वह संवैधानिक राज्याध्यक्ष होता है, तथा उसे अपने कार्य-सम्पादन करने में सहायता तथा सलाह देने के उद्देश्य से प्रधान मन्त्री के नेतृत्व में एक मन्त्रिपरिषद् का निर्माण करना होता है। प्रधान मन्त्री की नियुक्ति राष्ट्रपति स्वयं करते हैं। यों तो अन्य मन्त्रियों की नियुक्ति भी राष्ट्रपति करते हैं, लेकिन ऐसा करते समय प्रधान मन्त्री की राय भी ली जाती है। राष्ट्रपति के अनुग्रह पर्यन्त मन्त्री अपने पद पर आसीन रहते हैं।

मन्त्रिमण्डल (Cabinet)

इस प्रकार राष्ट्रपति के निदेश तथा प्रधान मन्त्री के परामर्श पर मन्त्रिमण्डल का गठन किया जाता है। मन्त्रिपरिषद् में प्रधान मन्त्री के अतिरिक्त मन्त्रिमण्डलीय मन्त्री, राज्य मन्त्री तथा उपमन्त्री होते हैं। प्रधान मन्त्री के पश्चात् मन्त्रिमण्डलीय मन्त्रियों का स्थान सबसे ऊँचा होता है। राज्य मन्त्रियों का स्थान मन्त्रिमण्डलीय मन्त्रियों से निम्न और उपमन्त्री का स्थान क्रम की दृष्टि से सबसे निम्न होता है।

मन्त्रिमण्डल में केवल वरिष्ठ मन्त्री होते हैं जो उन्हें सौंपे गये प्रशासनिक विभागों के लिए ही उत्तरदायी नहीं होते; अपितु प्रशासन के सभी क्षेत्रों के प्रति उनका दायित्व होता है। वस्तुतः मन्त्रिमण्डल एक पृथक् सत्ता बन चुकी है और राष्ट्रपति को सलाह देने का कार्य केवल मन्त्रिमण्डल द्वारा ही किया जाता है।

प्रशासनिक कार्यों के सुविधापूर्ण निष्पादन की दृष्टि से प्रत्येक मन्त्री को एक या एक से अधिक प्रशासनिक विभागों का कार्य सौंप कर मन्त्रालय की स्थापना कर दी जाती है। कुछ प्रमुख विभाग इस प्रकार हैं—

१. परराष्ट्र	(External Affairs)
२. वित्त	(Finance)
३. स्वराष्ट्र	(Home Affairs)
४. परिवहन व जहाजरानी	(Transport and Shifting)
५. परमाणु शक्ति	(Atomic Energy
६. पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन	(Tourism Civil Aviation)
७. वाणिज्य	(Commerce)
८. संचार	(Communication)
९. प्रति रक्षा	(Defence)
१०. शिक्षा	(Education)
११. खाद्य तथा कृषि	(Food and Agriculture)

१२. स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन (Health and Family Planning)
१३. औद्योगिक विकास तथा कंपनियों के मामले (Industrial Development & company Affairs)
१४. सूचना तथा प्रसारण (Information and Broadcast)
१५. सिंचाई तथा बिजली (Irrigation and Power)
१६. श्रम तथा रोजगार (Labour and Employment)
१७. संसदीय मामले (Parliamentary Affairs)
१८. पेट्रोलियम तथा रसायन (Petroleum and Chemical)
१९. रेल (Railways)
२०. पुनर्वास (Rehabilitation)
२१. इस्पात, खान व धातुएँ (Steel, Mines & Metals)
२२. निर्माण तथा आवास (Works and Housing)
२३. योजना (Planning)

यों तो प्रत्येक मन्त्री अपने विभाग/मन्त्रालय का प्रमुख होता है, किन्तु वास्तव में विभाग के कार्य संचालन का दायित्व मन्त्रालय के सचिव पर होता है। मन्त्रालय का सचिव प्रशासनिक अध्यक्ष होता है। वह अपने मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी प्रशासनिक और नीति विषयक मामलों में मंत्री का मुख्य सलाहकार होता है। सचिव के पश्चात् क्रमानुसार सहसचिव, उपसचिव, अवरसचिव और शाखा अनुभाग अधिकारी का स्थान आता है। सौंपे गये कामों को शीघ्र और सुचारु रूप से निपटाने के लिए मंत्रालय को प्रभागों, शाखाओं और अनुभागों में बाँट दिया जाता है। अनुभाग का कार्यभार अनुभाग-अधिकारी पर होता है। अनुभाग में कुछ सहायक और क्लर्क होते हैं। जिन मन्त्रालयों का कार्यक्षेत्र किसी केन्द्रीय कार्यालय तक सीमित न रह कर स्थान-स्थान पर बिखरा होता है, उन्हें आवश्यकतानुसार कुछ संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों की स्थापना करनी पड़ती है। डाक-तार विभाग तथा रेल विभाग जैसे जनसम्पर्क विभागों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था अनिवार्य है। उदाहरणतः, डाक-तार विभाग का कार्यक्षेत्र देश भर में फैला है, क्योंकि इस विभाग के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले डाक, तार तथा टेलीफोन तीनों विभाग जनता से सम्बन्धित हैं।

राज्य सरकारें

राज्यों (प्रदेशों) की शासन प्रणाली संघीय शासन प्रणाली के अनुरूप ही है। राज्यों का शासन भी संसदीय है तथा राज्य का अध्यक्ष राज्यपाल होता है। राज्य की शासन प्रणाली का प्रमुख मुख्य मन्त्री होता है और संघीय शासन की तरह प्रत्येक

राज्य का अपना मन्त्रिमण्डल होता है। दूसरे शब्दों में, राज्य सरकार को केन्द्रीय सरकार की प्रामाणिक प्रतिलिपि की संज्ञा दी जा सकती है।

राज्य सरकारें उन सभी कार्यों का संचालन करती हैं जो स्थानीय रूप से अधिक कल्याणकारी सिद्ध हो सकते हैं और सफलतापूर्वक किये जा सकते हैं। प्रतिरक्षा, मुद्रा, आयात-निर्यात, अन्तरराष्ट्रीय आदि मामले, जिनका अखिल भारतीय महत्त्व है, केन्द्रीय सरकार द्वारा निपटाये जाते हैं तथा जनस्वास्थ्य, शिक्षा, वन आदि सम्बन्धी कार्य राज्य सरकारों के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं।

राज्य सरकारों के कार्य-संचालन के लिए भी केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों की परिपाटी का अनुसरण किया जाता है। राज्य सरकारों का कार्य-संचालन प्रत्येक मन्त्रालय के सचिवालय में बँटा होता है और उनका प्रशासनिक अध्यक्ष मुख्य सचिव होता है। मुख्य सचिव के पश्चात् क्रम से निदेशक, उपनिदेशक आदि का स्थान आता है। यहाँ भी संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों की व्यवस्था रहती है।

वित्तीय प्रक्रिया

संविधान के अनुच्छेद ११२ के अन्तर्गत राष्ट्रपति के आदेश पर वित्तमन्त्री प्रति वर्ष दोनों सदनों में प्राक्कलित प्राप्तियों और व्यय का विवरण प्रस्तुत करेगा।

वार्षिक वित्तीय विवरण में व्यय को दो पृथक् भागों में बाँट दिया जाता है, जिनमें से एक संचित निधि (Consolidated Funds) कहलाता है। इस निधि में राष्ट्रपति, राज्य परिषद् के सभापति, उपसभापति, लोक-सभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, सरकारी ऋणभार, न्यायाधीशों तथा नियन्त्रक महालेखा परीक्षक आदि के वेतन-भत्ते तथा पद से सम्बन्धित अन्य व्यय सम्मिलित होता है। संचित निधि पर संसद में मतदान नहीं होता।

व्यय का दूसरा भाग अनुदानों की माँग (Demands for Grants) के रूप में संसद में रखा जायेगा। प्रत्येक मन्त्रालय अपने प्राक्कलनों के आधार पर अनुदान की माँग उपस्थित करता है और लोक-सभा को यह अधिकार प्राप्त है कि वह किसी माँग को पूर्णतः या अंशतः स्वीकार अथवा अस्वीकार करे। इस सम्बन्ध में कटौती प्रस्ताव भी प्रस्तुत किये जाते हैं।

सांविधिक प्राधिकार

देश में विधि सम्बन्धी मामलों पर मन्त्रणा, अनियमित रूप से की जाने वाली नियुक्तियों तथा अनुसूचित तथा पिछड़ी जातियों के हितों की सुरक्षा आदि के लिए निम्नवर्ती सांविधिक प्राधिकारियों/आयोगों की नियुक्ति की जाती है—

१. भारत का महा न्यायवादी (Attorney General of India)—राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया गया महा न्यायवादी देश का सर्वोच्च कानूनी सलाहकार होता है। उच्च न्यायालयों में भी आवश्यकता पड़ने पर महा न्यायवादी सरकार का प्रतिनिधित्व करता है। किसी विशेष मामले की कानूनी स्थिति स्पष्ट करने के उद्देश्य से भी उसे संसद की बैठकों में आमन्त्रित किया जा सकता है।

२. संघीय लोक-सेवा आयोग—इस आयोग का कार्य इस प्रकार बँटा हुआ है–

(१) भारत सरकार की सेवाओं में नियुक्ति के लिए परीक्षाएँ आदि आयोजित करना।

(२) सेवा सम्बन्धी विषयों पर मन्त्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों को सलाह देना।

(३) सरकारी कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले अनुशासनिक विषयों पर सलाह देना।

(४) सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध की गयी कानूनी कार्रवाई में खर्चे के दावे के सम्बन्ध में निर्णय देना।

(५) सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने कर्त्तव्यों का पालन करते समय घायल हो जाने की स्थिति में पेंशन सम्बन्धी मामलों पर निर्णय देना।

(६) राष्ट्रपति के आदेशानुसार किसी अन्य विषय के सम्बन्ध मेंअपना मत देना।

चुनाव आयोग (Election Commission)

राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के अतिरिक्त केन्द्रीय संसद तथा राज्य विधानमंडल के प्रतिनिधियों का चुनाव इसी आयोग द्वारा कराया जाता है। इन चुनावों से सम्बन्धित सन्देहों, आपत्तियों और झगड़ों के निर्णय करने के लिए निर्वाचन न्यायाधिकरणों की नियुक्ति करना भी इसी आयोग का दायित्व है।

अनुसूचित तथा पिछड़ी जातियों के आयुक्त (Commissioner of Scheduled Castes and Backward Classes)

संविधान के अनुच्छेद ३३८ के अधीन इस प्राधिकारी का कार्य यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय संविधान के अन्तर्गत निर्दिष्ट अनुसूचित तथा पिछड़ी जातियों और एंग्लो-इंडियन्स जाति के व्यक्तियों के हितों की पूरी रक्षा की जाय।

प्रकरण २

सचिवालय की कार्यविधि

प्रत्येक कार्यालय में एक केन्द्रीय रजिस्ट्री (Central Registry) अनुभाग होता है जो बाहर से आने वाली सभी प्रकार की डाक को प्राप्त करता है। काम के दिनों में कार्य समय के दौरान दस्ती तौर पर या डाक द्वारा प्राप्त सारी डाक प्राप्ति-क्लर्क (Receipt Clerk) ले लेता है लेकिन अधिकारियों के नाम से प्राप्त हुए पत्रों को सीधे ही उनके निजी सहायकों या स्टेनोग्राफरों को दे दिया जाता है। मन्त्री के नाम प्राप्त हुए पत्र भी उसके निजी सचिव (Personal Secretary) या निजी सहायक (Personal Assistant) को भिजवा दिये जाते हैं। इस सम्बन्ध में यह ध्यान रखना चाहिए कि पत्र देते समय उसकी प्राप्ति-स्वरूप प्राप्तकर्त्ता के पूरे हस्ताक्षर (स्याही में) करा कर पावती (रसीद) ले ली जाए। पत्रों की सुरक्षा के लिए ऐसा करना आवश्यक है।

कार्य-समय के पश्चात्, छुट्टियों या रविवारों को आने वाली डाक केन्द्रीय रजिस्ट्री अनुभाग में स्थिति के अनुसार स्थानिक क्लर्क (Resident Clerk) या प्राप्ति-क्लर्क प्राप्त करता है। इस प्रकार प्राप्त हुई डाक में यदि कोई तत्काल या अग्रता पत्र प्राप्त हो तो उसे सम्बन्धित अधिकारों के निवास-स्थान पर और यदि सम्बन्धित अनुभाग का कोई कर्मचारी इसी उद्देश्य के लिए अनुभाग में उपस्थित हो तो उसके पास भेज देना चाहिए।

इसके पश्चात् डाक को खोलने का कार्य प्रारम्भ होता है। अधिकारियों के नाम से प्राप्त पत्रों को बिना खोले ही भेज दिया जाता है। 'गोपनीय' (Secret) तथा 'परम गोपनीय' (Top Secret) अंकित पत्रों को, यदि वे अधिकारियों के नाम से न भेजे गये हों, उस अधिकारी के पास भेज दिया जायेगा जो इस प्रकार के पत्रों को खोलने, पढ़ने और उन पर आगे कार्रवाई करने का अधिकारी हो। शेष सभी बन्द लिफाफों की प्राप्ति क्लर्क खोल लेगा और जहाँ तक सम्भव होगा उनके साथ भेजे गये कागजों की भी जाँच करेगा और यदि साथ का कोई कागज उसमें न हो तो उसका उल्लेख भी कर देगा। और प्रत्येक पत्र पर केन्द्रीय रजिस्ट्री अनुभाग की मोहर लगा देगा, जिसका एक नमूना नीचे दिया गया है—

..................मन्त्रालय में
दिनांक..............को प्राप्त
केन्द्रीय रजिस्ट्री क्रमांक.........
अनुभाग डायरी क्रमांक.........

प्रत्येक आवती (प्राप्त पत्र) पर तारीख मोहर लगाई जाएगी। मोहर लगाने के पश्चात् डाक की अनुभागों के अनुसार छँटाई की जाएगी। डाक अधिक होने तथा अनुभाग में डाक बांटने के कार्य को सुविधापूर्ण बनाने की दृष्टि से बड़े-बड़े कार्यालयों में रजिस्ट्री अनुभाग में प्रत्येक अनुभाग की डाक के लिए एक-एक खाना नियत कर दिया जाता है और प्राप्ति क्लर्क पत्र के विषय के अनुसार डाक को विभिन्न अनुभागों के लिए नियत खानों में रख देता है। अनुभागों के अनुसार डाक छाँटने का कार्य बहुत महत्त्वपूर्ण है और इसके प्रति पूरी सावधानी बरती जानी चाहिए। कभी-कभी ऐसा देखा गया है कि किसी अनुभाग के पास यदि कोई ऐसा पत्र प्राप्त हो जाता है जो उससे सम्बन्धित नहीं होता तो ऐसी स्थिति में उसके वापस रजिस्ट्री अनुभाग या सम्बन्धित अनुभाग में लौटने में बहुत समय नष्ट हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप पत्र के निपटाने में बहुत देरी लग जाती है। इस स्थिति से बचाव के लिए दो उपाय लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। एक तो, केन्द्रीय रजिस्ट्री अनुभाग में अनुभवी कर्मचारियों को रखना चाहिए और उनका स्थानान्तरण बहुत जल्दी नहीं किया जाना चाहिए। दूसरे, अनुभागों के अनुसार डाक बाँटने का आधार अर्थात् प्रत्येक अनुभाग के कार्यों तथा विषयों की वर्णानुक्रम-सूची अद्यतन (अपटूडेट) होनी चाहिए। ऐसा करने से प्राप्ति क्लर्क को अपने कार्य में बहुत सुविधा रहती है और भूल होने की सम्भावना बहुत कम रहती है।

इस प्रकार अनुभागों के अनुसार डाक छांट लेने के बाद पत्रों को प्राप्ति रजिस्टर में दर्ज कर लिया जाता है। प्राप्ति रजिस्टर का नमूना नीचे दिया हुआ है—

प्राप्ति रजिस्टर

क्रमांक	प्राप्त हुए पत्र की क्रमसंख्या तथा तारीख		प्रेषक का नाम तथा पता	अनुभाग/शाखा जिसके नाम अंकित किया गया	विशेष
	क्रमसंख्या	तारीख			
१	२	३	४	५	६

प्राप्ति रजिस्टर में केवल निम्नवर्ती श्रेणियों की डाक दर्ज की जाती है—

(क) तार,

(ख) डाक से आये हुए रजिस्ट्री पत्र,

(ग) अनौपचारिक फाइलें,

(घ) वर्गीकृत डाक, जैसे परम गुप्त, गुप्त और गोपनीय पत्र आदि,

(ङ) न्यायालय से प्राप्त समन तथा अन्य महत्त्वपूर्ण कागजात, जैसे सेवा पंजी, करार आदि।

इसके पश्चात् प्राप्ति क्लर्क प्राप्ति रजिस्टर में दर्ज की गई डाक को अनुभागों में वितरित करने के लिए भेजता है। भेजते समय प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग-अलग दो प्रतियों में बीजक तैयार करेगा और सारी आवतियों को (उनको भी जो केन्द्रीय रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई हैं) बीजक दो प्रतियों के साथ सम्बन्धित अनुभाग के पास भेज देगा। जिसमें से बीजक की एक प्रति पर प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर करा लिये जाते हैं और दूसरी प्रति उसके पास रहने दी जाती है।

इस प्रकार अनुभागों में प्राप्त हुई डाक अनुभाग के दैनिकी क्लर्क (Diarist) के पास इकट्ठी हो जाती है जो सारी डाक को अनुभाग अधिकारी (Section Officer) के अवलोकनार्थ रख देता है। अनुभाग अधिकारी यदि आवश्यक समझे तो कुछ विशेष पत्रों को डाकस्तर पर ही शाखा अधिकारी (Branch Officer) या अन्य उच्च अधिकारियों के अवलोकनार्थ भेज देता है।

शेष डाक सम्बन्धित सहायकों (Assistants) के नाम अंकित कर दी जाती है और तत्पश्चात् यह डाक अनुभाग के दैनिकी क्लर्क को वापस कर दी जाती है जो इन्हें अनुभाग के डायरी रजिस्टर में दर्ज कर लेता है, जिसमें निम्न विवरण भरे जाते हैं—

अनुभाग डायरी

क्रमांक	प्राप्त पत्र आदि की क्रमसंख्या तथा तारीख		प्रेषक का नाम तथा पता	संक्षिप्त विषय	जिस सहायक के नाम अंकित किया गया	फाइल नम्बर	विशेष
	क्रमसंख्या	तारीख					
१	२	३	४	५	६	७	८

अनुभाग के डायरी रजिस्टर में प्रतिदिन डाक चढ़ाने से पूर्व तारीख लाल स्याही से लिख दी जानी चाहिए तथा गोपनीय पत्रों आदि को इस उद्देश्य के लिए दी गयी पृथक् डायरी में दर्ज करना चाहिए।

अनुभाग के दैनिकी क्लर्क के लिए निम्न श्रेणियों के पत्रों को डायरी रजिस्टर में चढ़ाना आवश्यक नहीं है—

(क) ऐसी पावतियाँ जिनके लिए अन्यथा पृथक् रजिस्टर नियत है, जैसे टेलीफोन बिल, बिजली व पानी का बिल आदि,

(ख) ऐसे पत्र जिन पर प्रेषक ने हस्ताक्षर न किये हों,

(ग) एक जैसे अभ्यावेदन (केवल एक प्रति ही दर्ज करनी पर्याप्त है),

(घ) तारों की पुष्ट प्रतिलिपियाँ,

(ङ) आकस्मिक अवकाश के लिए दिये गये प्रार्थना-पत्र,

(च) सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भेजे गये परिपत्र, सूचना, सार आदि
(छ) बाहर से वापस प्राप्त होने वाली अनुभाग की अपनी फाइलें।

शाखा अधिकारी या उच्च अधिकारियों के अवलोकनार्थ भेजे जाने वाले पत्रों को डाक पैड में रखकर भेज दिया जायेगा और शेष डाक अनुभाग के सम्बन्धित सहायकों में बांट दी जायेगी।

शाखा अधिकारी के पास केवल ऐसे मामले ही भेजे जाते हैं जिनके सम्बन्ध में अनुभाग अधिकारी अन्तिम निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं होता। यहाँ यह बता देना अनुपयुक्त नहीं होगा कि कुछ मामले केवल सूचनार्थ या अवलोकनार्थ होते हैं और ऐसे मामलों का अन्तिम निपटान अनुभाग अधिकारी के स्तर पर ही किया जाता है। पहले से लिये गये निर्णयों से सम्बन्धित पत्र अनुस्मारक तथा अन्य सामान्य श्रेणी के पत्र भी इसी स्तर पर निपटा दिये जाते हैं।

जिन मामलों पर नये निर्णय लेना आवश्यक होता है, उन्हें अनुभाग अधिकारी सम्बन्धित फाइल पर अपने सुझाव देकर शाखा अधिकारी के विचारार्थ भेज देगा। शाखा अधिकारी जहाँ तक सम्भव हो अपने स्तर पर ही मामले का निपटान करेंगे और तत्सम्बन्धी आदेश देंगे, लेकिन फिर भी कभी-कभी उच्च अधिकारियों का अनुमोदन या स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होता है। ऐसी स्थिति तब उत्पन्न होती है जब नीति सम्बन्धी कोई महत्त्वपूर्ण निर्णय लेना होता है। ऐसा करने के लिए शाखा अधिकारी मामले पर अपने सुझाव देते हुए स्थिति की आवश्यकता के अनुसार उच्च अधिकारी, सचिव या मन्त्री के विचारार्थ भेज देगा और उच्च अधिकारी अपने विवेकानुसार अपनी सहमति या असहमति प्रकट कर देंगे।

कुछ परिस्थितियों तथा महत्त्वपूर्ण विषयों के सम्बन्ध में मन्त्रियों का अनुमोदन प्राप्त करना भी आवश्यक होता है। ऐसे मामलों के अन्तर्गत पदों की स्वीकृति, बड़ी लागत वाली योजनाएँ, नीति सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण निर्णय आदि आते हैं। मन्त्री के विचारार्थ भेजे जाने वाले प्रत्येक मामले के साथ एक स्वतःपूर्ण (Self-contained) सार भी अवश्य भेजा जाना चाहिए। संसद में दिये जाने वाले प्रश्नों के उत्तरों के सम्बन्ध में भी विभागीय मन्त्री की स्वीकृति प्राप्त कर लेनी आवश्यक होती है।

इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि शाखा अधिकारी या उच्च अधिकारियों को भेजे गये पत्र गुम न हो जाएँ। अनुभाग तथा दैनिकी क्लर्क को इस सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। शाखा अधिकारियों से भी यह आशा की जाती है कि वे डाक जल्दी से जल्दी देखें और आवश्यकतानुसार अपने आदेशों सहित अनुभाग को लौटा दें।

महत्त्वपूर्ण पत्रों, निविदाओं आदि के सम्बन्ध में अनुभाग अधिकारी को

तत्सम्बन्धी विवरण अपनी व्यक्तिगत नोटबुक (Personal Diary) में दर्ज करा लेना चाहिए, जिससे कि भूल होने की सम्भावना न रहे।

डाक प्राप्त कर लेने पर सम्बन्धित सहायक प्रत्येक पत्र की प्रारम्भिक जाँच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि पत्रों में बताये गये संलग्न पत्र आदि प्राप्त हो गये हैं। यदि जाँच करने पर ऐसा पता चले कि अमुक पत्र के साथ उसमें बताये गये संलग्न पत्र आदि प्राप्त नहीं हुए हैं तो उन्हें प्राप्त करने का प्रयत्न किया जायेगा। 'अग्रता' या 'आवश्यक' पत्रों को भी अलग कर लिया जायेगा और उन पर सबसे पहले कार्रवाई की जायगी।

यदि पत्र का विषय ऐसा हो कि उस सम्बन्ध में किसी दूसरे अनुभाग या अधिकारी के सुझाव तथा विचार प्राप्त करने जरूरी हों तो ऐसे पत्र या फाइल को अपने अनुभाग अधिकारी के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारी या अनुभाग को भेज दिया जायेगा। ऐसा करते समय अनुभाग की जो फाइल बाहर जाय या वापस अनुभाग में प्राप्त हो—उसका निर्देश अन्तर अनुभागीय आवाजाही रजिस्टर (Inter sectional movement register) में कर देना चाहिए। ऐसा करने से किसी फाइल के गुम होने की सम्भावना नहीं रहती और सहायक के लिए भी अपनी फाइल खोजना सरल हो जाता है।

इसके पश्चात् पावतियों को सम्बन्धित फाइल पर रखा जाता है। फाइल पर किसी पावती के रखने से पूर्व यह बता देना अनुपयुक्त नहीं होगा कि प्रत्येक फाइल के दो भाग होते हैं : (१) पत्राचार भाग, तथा (२) टिप्पणी भाग। पत्राचार भाग में केवल पत्र होते हैं और टिप्पणी वाले भाग में केवल टिप्पणियाँ। दोनों भागों पर पृष्ठ-संख्या अंकित होनी चाहिए। प्राप्त हुए तथा प्रेषित पत्रों को पत्राचार वाले भाग में रखा जाता है। प्रत्येक पत्र पर क्रमांक अंकित करना आवश्यक है।

नयी पावती को फाइल के पत्राचार वाले भाग में सबसे ऊपर की ओर रख दिया जाता है और उस पर पत्राचार क्रमांक (ऊपर बीच में) अंकित कर दिया जाता है। क्रमांक के साथ-साथ पृष्ठ-संख्या (ऊपर की ओर दायें कोने में) लिख दी जाती है। पावती में जिन पुराने पत्रों आदि का जिक्र होता है उनके सम्बन्ध में पावती पर ही निशान लगाकर यह दिखलाया जाता है कि उक्त पत्राचार में कौन से क्रमांक तथा पृष्ठ संख्या पर मौजूद है। पावती के ऊपर विचाराधीन पत्र (P. U. C.) या नयी पावती की पताका (Flag) लगा दी जाती है और इसके बाद पावती पर टिप्पणी लिखने का कार्य प्रारम्भ होता है।

प्रकरण ३

टिप्पणी तथा आलेखन

टिप्पणी वाले भाग के पहले पृष्ठ पर मन्त्रालय और अनुभाग का नाम लिखा जाता है और इसके पश्चात् नीचे लिखे ढंग से टिप्पणी का प्रारम्भ करना चाहिए—

............मन्त्रालय
............अनुभाग

क्रमांक............(पावती) डाक-तार महानिदेशालय का
.... क्रम संख्या.........दिनांक का पत्र
....

प्रेषित पत्र की स्थिति में "क्रमांक...........(प्रेषित)" इस प्रकार लिख देना चाहिए। पावती को फौरन देख सकें—इस उद्देश्य से पत्राचार की पृष्ठ-संख्या भी (पेंसिल से) लिख देनी चाहिए, तथा यहाँ तक सारा कार्य लाल स्याही से किया जाना चाहिए।

इसके पश्चात् विचाराधीन पत्र के विषय का उल्लेख करना चाहिये और यदि पत्र के विषय पर पहले से ही कोई निर्णय मौजूद है या शाखा या उच्च अधिकारी द्वारा कार्रवाई का स्वरूप बताया जा चुका है तो उक्त निर्णय आदि का हवाला देते हुए, अनुभाग अधिकारी द्वारा अनुमोदनार्थ एक मसौदा भी प्रस्तुत कर दिया जाता है। ऐसे मामलों पर लम्बी-लम्बी टिप्पणियाँ लिखना न तो आवश्यक है और न उपयोगी। इस सम्बन्ध में जिन पत्रों, पूर्व टिप्पणों या टिप्पण अंशों का हवाला देना है, उन्हें टिप्पणी के बायें पार्श्व (Margin) में लिख देना चाहिए।

जिन मामलों पर नये निर्णय लेने की आवश्यकता हो, उनके सम्बन्ध में सहायक का काम है कि पावती में उठाये गये सभी मामलों की जाँच करे, सम्बद्ध नियमों, उपनियमों आदि का ब्यौरा दे तथा आवश्यकतानुसार अन्य विभागों, मन्त्रालयों आदि के तत्सम्बन्धी निर्णयों को मँगाकर प्रस्तुत करे। यदि उपयुक्त और सम्भव हो तो उसमें सुझाव भी दिये जा सकते हैं।

टिप्पणी तैयार करते समय सहायकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि विषय को अत्यन्त स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जाय। सहायक की सफलता इसी में है कि उसकी टिप्पणी में विषयों का क्रमबद्ध तथा अत्यन्त स्पष्ट उल्लेख हो और इस उद्देश्य से अलग-अलग विषयों को अलग-अलग पैराग्राफों में प्रस्तुत करना चाहिए। जिन बातों के सम्बन्ध में निर्णय लेना है उनका भी अत्यन्त स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

इस प्रकार टिप्पणी लिख चुकने के बाद क्लर्क या सहायक को टिप्पणी के

अन्त में बायीं ओर तारीख सहित अपने आद्याक्षर (Initials) कर देने चाहिएँ और फाइल अनुभाग अधिकारी को सौंप देनी चाहिए। अनुभाग अधिकारी सहायक द्वारा तैयार की गयी टिप्पणी और उस पर आवश्यकतानुसार अपने सुझाव या विचार लिख कर शाखा या उच्च अधिकारी के पास भेज देगा। जिन मामलों को अनुभाग अधिकारी के स्तर पर ही निपटाया जा सकता है, उन्हें शाखा या उच्च अधिकारी के पास नहीं भेजना चाहिए।

किसी मन्त्री, प्रधानमन्त्री, अथवा राष्ट्रपति द्वारा लिखी हुई टिप्पणियाँ 'मिनट' (Minute) कहलाती हैं।

टिप्पणी तैयार करने के सिद्धान्त

(क) टिप्पणी की भाषा सरल और स्पष्ट होनी चाहिए तथा उसके तैयार करते समय बहुत संयत तथा विनम्र भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए।

["टिप्पणियाँ" वे बातें हैं, जो किसी विचाराधीन कागज के बारे में इसलिए लिखी जाती हैं, कि मामले को निपटाने में सुविधा हो। इनमें ये बातें सम्मिलित होती हैं—पिछले कागजों का सार, जिन प्रश्नों के बारे में निर्णय करने की आवश्यकता है उनकी व्याख्या, कार्रवाई के बारे में सुझाव और उस पर दिये गये आदेश।

(ख) टिप्पणी में अन्य पुरुष का प्रयोग करना चाहिए।

(ग) जब एक ही मामले से सम्बन्धित बहुत सी बातों पर निर्णय लेना आवश्यक हो तो प्रत्येक बात के सम्बन्ध में पृथक् टिप्पणी तैयार करके शाखा या उच्च अधिकारी के विचारार्थ भेजनी चाहिए। इस प्रकार की टिप्पणियों को 'आंशिक' या 'अनुभागीय' टिप्पणियाँ कहते हैं।

(घ) यदि किसी मामले में अन्य विभाग या अनुभाग की टिप्पणी पर आलोचना करनी आवश्यक हो तो पूर्णसंयत भाषा का प्रयोग करना चाहिए तथा आलोचना तथ्यपूर्ण होनी चाहिए।

(ङ) जिन पावतियों पर शाखा या उच्च अधिकारी ने अपने विचार या राय प्रकट कर दी हो उनके सम्बन्ध में टिप्पणी तैयार करते समय पहले अलग कागज़ पर उसकी नकल की जानी चाहिए और तब उस पर लिखी जानी चाहिए। शाखा या उच्च अधिकारी के विचार लिख देने चाहिए और बाद में टिप्पणी शुरू करनी चाहिए।

(च) बहुत अधिक नेमी मामलों को छोड़कर किसी भी स्थिति में पावती पर ही टिप्पणी नहीं लिखनी चाहिए।

(छ) टिप्पणी लिखते समय सहायक से यह आशा की जाती है। कि वह केवल असली स्थिति की चर्चा करेगा तथा किसी भी मामले में व्यक्तिगत रूप से पक्षपात करने का प्रयत्न नहीं करेगा।

(ज) विचाराधीन प्रश्नों को अत्यन्त स्पष्ट तथा क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। किसी शाखा या उच्चाधिकारी को टिप्पणी भेजते समय यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उक्त अधिकारी को विचाराधीन मामले पर निर्णय लेने का अधिकार भी प्राप्त है अथवा नहीं।

(झ) टिप्पणी का बहुत अधिक लम्बा होना निश्चित रूप से उसका गुण नहीं है। कुछ व्यक्तियों को यह भ्रम बना रहता है कि लम्बी टिप्पणी प्रस्तुत करने से योग्यता का पता लगता है, जो बिल्कुल ठीक नहीं है। टिप्पणी तैयार करते समय, "कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक प्रस्तुत करने" का उद्देश्य ही सहायक की योग्यता की कसौटी है। अतः टिप्पणी में अप्रासंगिक तथा इधर-उधर की बातों का समावेश करना टिप्पणी के आदर्शों का हनन करना होगा।

आलेखन (प्रारूप अर्थात् मसौदा तैयार करना)

सरकारी कामकाज में ही नहीं, बल्कि व्यापारिक या निजी क्षेत्र में भी आलेखन का अपना महत्त्व है। उस स्थिति को छोड़कर जब कि प्रेषक और प्राप्तकर्ता एक दूसरे से पूरी तरह परिचित हों, उन दोनों के मध्य आलेखन ही एकमात्र वह आधार है, जिस पर प्राप्तकर्ता प्रेषक के सम्बन्ध में अपनी धारणा बनाता है। अतः आलेखन सुस्पष्ट, सरल और शुद्ध होना चाहिए।

सरकारी कामकाज में प्रारूप केवल तभी तैयार किया जाता है जबकि कार्रवाई का स्वरूप अत्यन्त स्पष्ट हो तथा उक्त विषय पर पहले से निर्णय लिया जा चुका हो। जिन मामलों पर नया निर्णय लिया जाना है, उनके सम्बन्ध में शाखा या उच्च सक्षम अधिकारी के आदेश प्राप्त होने पर ही प्रारूप तैयार किये जायेंगे। सक्षम अधिकारी को चाहिए कि वह जब प्रारूप तैयार करने का आदेश दे तो बता दे कि उत्तर में क्या-क्या बातें लिखी जानी चाहिए। प्रारूप तैयार करते समय सहायक से यह आशा की जाती है कि शाखा या उच्च अधिकारी द्वारा दिये गये आदेशों में निहित भावों को सही ढंग से प्रकट किया गया है। यदि विषय लम्बा हो तथा तदनुसार प्रारूप का आकार भी बड़ा हो तो प्रारूप को समाप्त करने से ठीक पहले विचाराधीन मामले का सार दे देना चाहिए।

राष्ट्रपति के नाम से जारी किये जाने वाले सभी आदेशों तथा मंजूरी संबंधी पत्रों पर ऐसे अधिकारी को हस्ताक्षर करने चाहिए, जिसे इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से अधिकार दिया गया हो।

प्रारूप तैयार करने के लिए सामान्य अनुदेश

(क) प्रारूप फार्म एस ५ में तैयार किया जायेगा। प्रारूप इस फार्म के दोनों ओर हाथ से लिखा जा सकता है और टाइप भी कराया जा सकता है। प्रारूप

लिखते या टाइप करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि पंक्तियों के बीच काफी स्थान छूटा हो, जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर कोई शब्द या वाक्यांश जोड़ने में कठिनाई न हो।

(ख) इस प्रकार तैयार किये गये प्रारूप पर "अनुमोदनार्थ प्रारूप" शब्दों की पताका लगा देनी चाहिये। जब एक ही फाइल पर एक से अधिक प्रारूप प्रस्तुत करने हों तो "अनुमोदनार्थ प्रारूप १", "अनुमोदनार्थ प्रारूप २" तथा इसी प्रकार अन्य प्रारूप प्रस्तुत किये जायेंगे।

(ग) किसी पत्र का उत्तर देते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रारूप में उक्त पत्र का या अन्तिम सन्दर्भ का पूरा हवाला दिया गया हो। पृष्ठांकन में तो अन्तिम सन्दर्भ का उल्लेख करना नितान्त आवश्यक है।

(घ) अनुस्मारकों सहित सभी प्रकार के पत्रों के ऊपर विषय अवश्य दिया जाना चाहिए।

(ङ) प्रारूप में इस सम्बन्ध में स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये कि वास्तविक पत्र के साथ क्या-क्या संलग्न किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में प्रारूप के अन्त में बायें कोने में संलग्न पत्रों का व्यौरा दे देना चाहिए तथा "संलग्न पत्रों की संख्या"।

(च) यदि पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले पत्रों आदि की प्रतिलिपियाँ उपलब्ध हैं तो प्रारूप के बायें किनारे पर यह बात लिख देनी चाहिए, जिससे कि टाइपिस्ट को बेकार मेहनत न करनी पड़े।

(छ) फाइल में रखे गये प्रारूपों पर फाइल का नम्बर अवश्य ही लिखा होना चाहिए।

(ज) प्रारूप को तैयार करते समय भी प्रत्येक बात को पृथक् अनुच्छेद में कहना चाहिए। अनुच्छेदों पर संख्या डालते समय पहले अनुच्छेद पर कोई संख्या नहीं डाली जायेगी और दूसरे अनुच्छेद पर २, तीसरे पर ३ और इसी प्रकार आगे संख्याएँ डाली जायेंगी। हिन्दी में तैयार किये गये प्रारूपों में १, २, ३ के स्थान पर क, ख, ग आदि का प्रयोग भी किया जाता है, लेकिन अंग्रेजी के ए, बी, सी के स्थान पर अ, ब, स निर्दिष्ट करना किसी भी स्थिति में ठीक नहीं।

(झ) जब राज्य सरकारों, मन्त्रालयों आदि से किसी सम्बन्ध में पूछताछ की गयी हो तो ऐसी स्थिति में देरी से बचने के लिए प्रारूप में ही उत्तर प्राप्त होने की अवधि बता देनी चाहिये।

(ञ) प्रत्येक प्रारूप में हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का पूरा नाम, उसकी पदसंज्ञा, टेलीफोन नम्बर तथा कार्यालय का पूरा पता आदि अवश्य ही लिख देना चाहिए। प्रारूप के अनुमोदन स्वरूप सम्बन्धित अधिकारी को अपने आद्यक्षर भी कर देने चाहिएँ।

(ट) प्रारूप की भाषा सदैव स्पष्ट, संक्षिप्त, संयत तथा विनम्र होनी चाहिए। किसी भी बात पर अत्यधिक महत्त्व देते समय उसके समर्थन में ठोस प्रमाण भी प्रस्तुत करने चाहिए। साहित्यिक या कविता की भाषा प्रारूपों के लिये उपयुक्त नहीं होती। प्रारूप में तथ्यों का स्पष्ट उल्लेख तथा अपने मन्तव्य की ठीक-ठीक अभिव्यक्ति होनी चाहिए। आदर्श प्रारूप में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि प्रेषक का मन्तव्य बिलकुल साफ होना चाहिए। कई बार ऐसे पत्र देखने में आते हैं, जिन्हें पूरा पढ़ लेने पर भी प्रेषक का मन्तव्य स्पष्ट नहीं हो पाता। अतः तरल और शुद्ध भाषा का प्रयोग, अपने मन्तव्य का स्पष्ट उल्लेख, छोटे-छोटे वाक्य आदि आदर्श प्रारूप के आवश्यक गुण हैं। बेसिलसिले से विचार, अनावश्यक शब्दों के प्रयोग, घुमा-फिरा कर या बढ़ा-चढ़ाकर बात कहने या शब्दों और विचारों को दुहराने से बचना चाहिए।

एक ही प्रकार के प्रारूपों की पुनरावृत्ति होने पर उन प्रारूपों के आदर्श नमूने तैयार कर उन्हें साइक्लोस्टाइल करा लेना चाहिए। प्रारूपों के ऐसे कुछ नमूने परिशिष्ट III में दिये गये हैं।

अर्द्धसरकारी पत्रों के अतिरिक्त कोई भी सरकारी पत्र किसी अधिकारी के नाम पर नहीं भेजा जाना चाहिए, जब तक कि उस पत्र में ऐसी गोपनीय सामग्री न हो जो विशेष रूप से उससे सम्बन्धित हो या पत्र इतना 'आवश्यक' या 'तुरंत' हो कि उस पर उस अधिकारी का विशेष रूप से ध्यान देना आवश्यक हो।

सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अनुमोदित ये प्रारूप पुनः अनुभाग में प्राप्त किये जाते हैं, जिन पर अनुभाग अधिकारी स्वयं अग्रताक्रम के अनुसार "प्रेषित किया जाय" ये शब्द निर्दिष्ट कर देता है।

इसके पश्चात् प्रारूप टाइप किया जाता है और टाइप करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रारूप में बताये गये सभी संलग्न पत्र भी नत्थी कर दिये जायँ। टाइप हो जाने पर पत्र की जाँच की जाती है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्रारूप में किये गये सभी संशोधन पत्र में भी कर दिये गये हैं। इसके बाद पत्र पुनः केन्द्रीय रजिस्ट्री अनुभाग में आगे प्रेषण के लिए भेज दिया जाता है और इस प्रकार सरकारी पत्राचार का अन्तिम निपटान कर दिया जाता है।

प्रकरण ४

सरकारी पत्राचार के विभिन्न रूप[1]

१. पत्र (Letter)—(क) सरकारी पत्र-व्यवहार में सबसे अधिक प्रयोग पत्र का होता है। विभिन्न विदेशी सरकारों, राज्य सरकारों, संलग्न तथा अधीनस्थ

१. नमूनों के लिए परिशिष्ट V देखिए।

कार्यालयों, संघीय लोकसेवा आयोग जैसे अन्य कार्यालयों, सार्वजनिक निकायों आदि से सम्पर्क स्थापित करने में पत्र का प्रयोग किया जा सकता है। भारत सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों के आपसी पत्र-व्यवहार में इसका प्रयोग नहीं किया जाता। मन्त्रालयों आदि का पत्र-व्यवहार अर्द्ध-सरकारी पत्रों, अनौपचारिक टिप्पणियों या कार्यालय ज्ञापनों आदि तक ही सीमित रहता है।

(ख) पत्र के अंग—

(१) सबसे ऊपर भारत सरकार तथा सम्बद्ध मन्त्रालय अथवा प्रभाग/विभाग/शाखा का नाम,
(२) पत्र की क्रमसंख्या तथा तारीख
(३) प्रेषक का नाम और/या पदसंज्ञा,
(४) प्राप्तकर्ता का नाम और/या पदसंज्ञा,
(५) पत्र भेजने का स्थान और तारीख,
(६) विषय,
(७) सम्बोधन,
(८) पत्र का मुख्य कलेवर,
(९) स्वनिर्देश,
(१०) प्रेषक के हस्ताक्षर तथा पदसंज्ञा।

(ग) मन्त्रालयों के जिन पत्रों के माध्यम से भारत सरकार के आदेशों को पारेषित किया जाय, उनमें विशेष रूप से यह लिखा जाना चाहिए कि वे सरकार के निर्देशों के अनुसार लिखे गये हैं। अत: हिन्दी में लिखे पत्रों में "मुझे निर्देश हुआ है कि………" इन शब्दों से पत्र का प्रारम्भ किया जाना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को भेजे गये पत्रों में 'महोदय' शब्द से सम्बोधित किया जाना चाहिए तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों की स्थिति में 'प्रिय महोदय' का प्रयोग किया जाना चाहिए। पत्र के अन्त में 'भवदीय' का प्रयोग होना चाहिए और फिर प्रेषक के हस्ताक्षर तथा उसकी पदसंज्ञा।

२. **परिपत्र (Circular)**—परिपत्र द्वारा मन्त्रालय आदि अपने संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों को विभागीय सूचनाएँ, आदेश आदि भेजते हैं। परिपत्र की विशेषता यह होती है कि इसका भेजने वाला एक ही व्यक्ति होता है, विषय-वस्तु भी एक ही होती है, लेकिन इसे आवश्यकतानुसार बहुत से संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों के नाम भेजा जा सकता है।

३. **कार्यालय ज्ञापन (Office Memorandum)**—पत्राचार के इस रूप का प्रयोग भारत सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों के मध्य होता है। कार्यालय ज्ञापन अन्य पुरुष में लिखा जाता है तथा इसमें किसी प्रकार का सम्बोधन नहीं होता। कार्यालय

ज्ञापन के अन्त में केवल प्रेषक के हस्ताक्षर तथा उसकी पदसंज्ञा दी जाती है। प्राप्तकर्ता का नाम तथा पता प्रेषक के हस्ताक्षर के पश्चात् बायीं ओर दिया जाता है। अधीनस्थ तथा संलग्न कार्यालयों आदि से पत्र-व्यवहार करते समय जहाँ तक सम्भव हो कार्यालय ज्ञापन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

४. ज्ञापन (Memorandum)—पत्राचार के इस रूप का प्रयोग मुख्यत: प्रार्थनापत्रों, पत्रों की पावती भेजने आदि के लिए होता है। अधीनस्थ कार्यालयों को ऐसे आदेश भेजते समय, जो पूरी तरह सरकारी न हों, ज्ञापन का ही प्रयोग किया जाता है। ज्ञापन भी अन्य पुरुष में लिखा जाता है और 'कार्यालय ज्ञापन' की तरह इसमें भी न तो कोई संशोधन होता है और न स्वनिर्देश। अन्त में केवल प्रेषक के हस्ताक्षर तथा उसकी पदसंज्ञा दी जाती है। प्राप्तकर्ता का नाम तथा पता प्रेषक के हस्ताक्षर के पश्चात् बायें किनारे पर लिख दिया जाता है—

५. अर्द्ध-सरकारी पत्र (Semi-official Letter)—सरकारी पत्राचार के इस रूप का प्रयोग निम्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है—

(१) सरकारी कार्यविधि की औपचारिकता की ओर ध्यान दिये बिना अधिकारियों द्वारा आपस में विचार-विनिमय करने के लिए।

(२) जब किसी मामले में प्राप्तकर्ता का ध्यान व्यक्तिगत रूप से आकर्षित करना हो।

(३) जिन मामलों के निपटान में बहुत अधिक देरी हो गयी हो और सरकारी अनुस्मारक (Raminder) भेजने पर भी कोई उत्तर न मिला हो, उनके जल्दी निपटान के उद्देश्य से किसी विशेष अधिकारी का ध्यान व्यक्तिगत रूप से आकर्षित करने के लिए।

अर्द्ध-सरकारी पत्र अधिकारी के नाम से भेजा जाता है तथा एकवचन उत्तम पुरुष में लिखा जाता है। इसकी भाषा में सरकारी औपचारिकता की गन्ध नहीं रहती, अपितु वह बहुत कुछ मित्रतापूर्ण होता है। इसका सम्बोधन "प्रिय श्री......" इस प्रकार किया जाता है। स्वनिर्देश देने के लिए 'आपका' लिख देना अधिक उपयुक्त रहता है। हस्ताक्षर के स्थान पर प्रेषक केवल हस्ताक्षर ही करता है तथा प्राय: पदसंज्ञा नहीं दी जाती।

६. अनौपचारिक टिप्पण/सन्दर्भ (Unofficial Note/Reference)—अनौपचारिक सन्दर्भ दो प्रकार से किये जा सकते हैं—

(१) फाइल पर टिप्पणी तैयार करके फाइल को ही मन्त्रालय में भेजकर,

(२) स्वत: पूर्ण टिप्पणी या ज्ञापन भेजकर।

पत्राचार के इस रूप का प्रयोग किसी विषय विशेष पर विभिन्न मन्त्रालयों आदि के विचार/टीका-टिप्पणी आदि मँगाने में किया जाता है। कभी-कभी मौजूदा

अनुदेशों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण कराने या कुछ कागज या सूचना मँगाने में भी अनौपचारिक टिप्पणी/ज्ञापन का प्रयोग किया जाता है। अनौपचारिक टिप्पणी में किसी भी प्रकार का सम्बोधन, अधोलेख या स्वनिर्देश नहीं होता।

७. पृष्ठांकन (Endorsement)—पृष्ठांकन का प्रयोग निम्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है—

(१) जब मूल पत्र प्रेषक को वापस किया जाना हो।

(२) जब उस पत्र को मूल रूप में या उसकी प्रतिलिपि तैयार कराके किसी मन्त्रालय/संबद्ध कार्यालय की जानकारी के लिए या उसके विचार जानने के लिए या विचाराधीन मामले का निपटान करने के लिए भेजा जाए।

(३) जब किसी पत्र की प्रतिलिपियाँ प्राप्तकर्ता के अतिरिक्त अन्य कार्यालयों आदि को भी जानी हों।

राज्य सरकारों के पास प्रतिलिपियाँ भेजने के लिए पृष्ठांकन का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

८. अधिसूचना (Notification)—अधिसूचना भारतीय राजपत्र में प्रकाशन के लिए होती है और इसमें नियमों, आदेशों के लागू होने, अधिकार प्रदान करने तथा राजपत्रित अधिकारियों की नियुक्तियों/स्थानान्तरणों, छुट्टियों/पदोन्नतियों आदि से सम्बद्ध सूचना दी हुई होती है। अधिसूचनाएँ भारतीय राजपत्र में प्रकाशित की जाती हैं। भारतीय राजपत्र चार भागों में प्रकाशित होता है और प्रत्येक भाग के एक से अधिक खण्ड होते हैं, अतः राजपत्र में प्रकाशन के उद्देश्य से भेजी जाने वाली अधिसूचनाओं में, इस सम्बन्ध में स्पष्ट आदेश होने चाहिएँ कि उन्हें राजपत्र के कौन से भाग के कौन से खण्ड में प्रकाशित किया जाना है।

९. संस्ताव या संकल्प (Resolution)—संस्ताव का प्रयोग निम्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है—

(१) नीति सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण मामलों पर सरकारी निर्णयों को सार्वजनिक घोषणाओं के लिए।

(२) जाँच आयोगों तथा समितियों की नियुक्ति तथा ऐसे अन्य निकायों के महत्त्वपूर्ण प्रतिवेदनों की जाँच के परिणामों की घोषणाओं के लिए।

(३) संस्तावों को प्रायः राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है।

१०. प्रेस विज्ञप्ति या प्रेस नोट (Press Communique or Press Note)—सरकार के निर्णयों को विस्तृत रूप से प्रसारित करने के उद्देश्य से प्रेस विज्ञप्ति का प्रयोग किया जाता है। प्रेस विज्ञप्ति प्रेस नोट की अपेक्षा अधिक औपचारिक होती है और समाचार पत्रों आदि में उसे ज्यों का त्यों प्रकाशित किया जाना चाहिए। उसमें किसी प्रकार की काटछाँट या परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए

क्योंकि इसके माध्यम से सरकारी निर्णय की भावना का मूल रूप प्रेषित किया जाता है। प्रेस विज्ञप्ति और प्रेस नोट के सम्बन्ध में एक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इन्हें एक विशेष निर्धारित तारीख को या उसके पश्चात् ही प्रकाशित किया जा सकता है।

प्रेस विज्ञप्ति के आरम्भ में भी किसी प्रकार का सम्बोधन या अन्त में कोई स्वनिर्देश नहीं होता। विषय के तुरन्त बाद मूल सामग्री लिख दी जाती है। प्रेस नोट समाचार पत्रों में छपने के लिए सामग्री के रूप में होता है; इसे पत्रकार/सम्पादक आवश्यकतानुसार सम्पादित (छोटा-बड़ा) कर सकते हैं।

११. तार (Telegram)—तार केवल उस अवस्था में भेजा जाना चाहिए जबकि मामला अत्यन्त आवश्यक हो और यदि द्रुतपत्र भी आवश्यकता की पूर्ति करता है तथा तार भेजने से विशेष समय की बचत की सम्भावना नहीं तो ऐसी स्थिति में तार का भेजना अनुपयुक्त समझा जायेगा।

तार की भाषा अत्यन्त स्पष्ट हो तथा उसमें कम से कम शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए। शब्द-चयन में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए, जिससे कम से कम शब्दों में भाव को भली-भाँति प्रकट किया जा सके। तार इतना छोटा भी नहीं होना चाहिए कि मतलब साफ न निकल सके।

तारों की भाषा की दृष्टि से दो प्रकार के तार होते हैं—

(क) **साधारण भाषा में लिखे तार**—जो आगे पारेषण के उद्देश्य से सीधे तार-घरों को भेज दिये जाते हैं।

(ख) **'कूट तार'**—जिन तारों में ऐसे गुप्त और गोपनीय मामलों की चर्चा होती है जिनके सम्बन्ध में साधारण भाषा का प्रयोग सार्वजनिक हित में नहीं होता, कूट शब्दों का प्रयोग किया जाता है। ऐसे तार विदेश मन्त्रालय के कूट भाषा (बीजांक) ब्यूरो द्वारा स्वीकार तथा वितरित किये जाते हैं। इन तारों के निपटान के सम्बन्ध में विदेश मन्त्रालय द्वारा विस्तृत अनुदेश जारी किये गये हैं जिनका कड़ाई से परिपालन किया जाना चाहिए।

प्राथमिकता संकेत—सरकारी तारों में ५ प्रकार के निम्नवर्ती प्राथमिकता संकेत हैं—

(१) संकट सन्देश (जीवन रक्षा हेतु) एस० वी० एच०,
(२) अति तात्कालिक (मोस्ट इम्मीडियेट),
(३) सैन्य तात्कालिक (आप्रेशन इम्मीडियेट),
(४) तात्कालिक (इम्मीडियेट),
(५) आवश्यक (इम्पारटेण्ट)।

उक्त प्रकार के तारों को भेजने के सम्बन्ध में डाक-तार महानिदेशक द्वारा

जारी किये तत्सम्बन्धी नियमों का परिपालन किया जाना चाहिए तथा इस प्रकार के तार केवल आवश्यकता पड़ने पर तथा इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से निर्धारित अधिकारी द्वारा ही भेजे जाने चाहिएँ। फिर भी असाधारण परिस्थितियों में कोई भी सरकारी अधिकारी इस प्रकार के तार भेज सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति में तार भेजने के तुरन्त पश्चात् उसे अपने निकटतम उच्च अधिकारी को स्थिति में अवगत करा देना चाहिए।

साधारण भाषा में भेजे गये तारों के लिए डाक द्वारा पुष्टि प्रतिलिपि भी भेजी जानी चाहिए।

तार के प्रारम्भ में पता, उसके पश्चात् मूल विषय और अन्त में प्रेषक के हस्ताक्षर होते हैं। तार के मूल विषय के निचली ओर प्रेषक का पूरा नाम, पदसंज्ञा आदि दी जाती है, जिसके पारेषण के लिए डाक-तार विभाग द्वारा किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता।

१२. द्रुत पत्र (Express Letters)—द्रुत पत्र साधारण लिफाफे, पोस्टकार्ड आदि पर १५ नये पैसे के अतिरिक्त डाक-टिकट लगाकर भेजा जा सकता है। पत्र पर "तुरन्त वितरण" ये शब्द अंकित कर दिये जाते हैं। अब तो डाक-तार विभाग ने इस उद्देश्य के लिए ३० पैसे के मूल्यवर्ग के रंगीन लिफाफे चालू कर दिये हैं जिन पर कोई अतिरिक्त टिकट चिपकाने की आवश्यकता नहीं रहती तथा डाक-तार विभाग के कर्मचारियों को भी उन्हें छाँटने में असुविधा नहीं रहती। इस प्रकार के पत्रों के प्रति डाक-तार विभाग द्वारा साधारण पत्रों की अपेक्षा अधिक अग्रता दी जाती है। साधारण परिस्थितियों को छोड़कर तार के बदले द्रुत पत्रों का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। द्रुत पत्रों में भी सम्बोधन तथा स्वनिर्देश नहीं रहते।

१३. मितव्यय पत्र (Savingram)—हालाँकि विदेशों से पत्र-व्यवहार के लिए द्रुत पत्र का प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यदि पत्र का विषय गोपनीय हो तो मितव्यय पत्र का प्रयोग किया जाना चाहिए। मितव्यय पत्र की भाषा 'कूट तार' की भाषा जैसी होती है, अन्तर केवल इतना है कि मितव्यय पत्र हवाई डाक द्वारा या कूटनीतिक थैले द्वारा पारेषित किये जाते हैं।

१४. कार्यालय आदेश (Office Order)—किसी कार्यालय या मन्त्रालयों के सभी कर्मचारियों या एक या एक से अधिक कर्मचारियों को उनसे सम्बन्धित सूचनाएँ भेजने के लिए कार्यालय आदेश का प्रयोग किया जाता है। कभी-कभी छुट्टी मंज़ूर करने, पदोन्नति रोकने आदि की सूचना भी कार्यालय आदेश द्वारा दी जाती है।

कार्यालय आदेश में एकवचन उत्तम पुरुष का प्रयोग किया जाता है और इसकी भाषा भी सीधी और स्पष्ट होनी चाहिए। इसमें भी कोई सम्बोधन या स्वनिर्देश नहीं होता। आदेश के अन्त में दायीं ओर आदेश देने वाले अधिकारी के

हस्ताक्षर तथा पदसंज्ञा दी जाती है तथा हस्ताक्षर के बाद बाईं ओर उन व्यक्तियों/अनुभागों/कार्यालयों के नाम लिखे जाते हैं, जिनको उक्त कार्यालय आदेश की प्रतिलिपियाँ भेजी जानी हों।

१५. अनुस्मारक (Reminder)—अनुस्मारक के लिए पत्र का वही रूप प्रयोग किया जायेगा जिसमें मूल पत्र भेजा गया था। यदि मूल पत्र कार्यालय ज्ञापन या अर्द्ध-सरकारी पत्र के रूप में ही था तो अनुस्मारक भी क्रमशः कार्यालय ज्ञापन या अर्द्ध-सरकारी पत्र के रूप में ही भेजा जायेगा।

प्रकरण ५

गैर सरकारी पत्राचार

जैसा कि पहले भी बताया जा चुका है, पत्र-लेखन कला का अपना महत्त्व है। सरकारी और गैर-सरकारी पत्राचार में सबसे बड़ा अन्तर यह है कि सरकारी पत्रों में औपचारिकता और तथ्यों आदि की ही चर्चा होती है जबकि गैर-सरकारी पत्राचार में हार्दिक भावों की अभिव्यक्ति। गैर-सरकारी पत्रों को मुख्यतः तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है—

१. व्यक्तिगत पत्र (Private Letters)—इस प्रकार के पत्र पूर्णतः व्यक्तिगत तौर पर लिखे जाते हैं। मित्रों, सम्बन्धियों, परिचितों तथा अपरिचितों आदि को लिखे गये पत्र इसी श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं। इन पत्रों की शैली स्पष्ट, स्वाभाविक और सीधी होनी चाहिए। पत्र का बहुत अधिक लम्बाई में होना कोई गुण नहीं है। किसी की सिफारिश करने, सम्वेदना प्रकट करने, बधाई देने, निमन्त्रण देने या प्रार्थना करने के लिए इस प्रकार के पत्रों का प्रयोग किया जाता है।

२. व्यापारिक पत्र (Business Letters)—ऐसे पत्र दुकानदारों, बड़ी कम्पनियों आदि को लिखे जाते हैं। इन पत्रों द्वारा माल मँगाया जाता है, जानकारी प्राप्त की जाती है या प्राप्त हुई वस्तुओं की पावती/शिकायत आदि भेजी जाती हैं। इस प्रकार के पत्र यथासम्भव औपचारिक होने चाहिए।

३. सार्वजनिक पत्र (Public Letters)—इस श्रेणी के अन्तर्गत आवेदन पत्र, याचिकाएँ, अभ्यावेदन आदि आते हैं।

गैर सरकारी पत्रों को लिखने के लिए कुछ अनुदेश

मित्रों, सम्बन्धियों, व्यापारिक आदि से सुदृढ़ सम्बन्ध स्थापित करने के उद्देश्य की पूर्ति में पत्र लेखन के महत्त्व के सम्बन्ध में कोई सन्देह नहीं किया जा

सकता। पत्र लिखते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपका पत्र आपका प्रतिनिधि है और जो कुछ आप लिख रहे हैं वह आपकी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। अतः एक अच्छा पत्र लिखना कोई साधारण बात नहीं है। अच्छे पत्र लिखने के लिए निम्न बातों का ध्यान विशेष रूप से रखना चाहिए—

(क) पत्र ऐसे लिखिए जैसे आप व्यक्तिगत रूप से बात कर रहे हों।

(ख) अपरिचितों को पत्र लिखते समय आवश्यक आदर और औपचारिकता बरतनी आवश्यक है। मित्रों, सम्बन्धियों तथा परिचित व्यक्तियों को पत्र लिखते समय अनौपचारिक और स्वाभाविक शैली का प्रयोग करना चाहिए।

(ग) पत्र का आरम्भ आकर्षक और प्रभावशाली होना चाहिए।

(घ) पत्र में जो कुछ कहें, अत्यन्त स्पष्ट और संक्षिप्त रूप में लिखें। अनावश्यक तौर पर कुछ भी लिखने की चेष्टा न करें।

(ङ) पत्र की भाषा सरल, स्पष्ट और नम्र होनी चाहिए।

(च) अपने पत्र पर तारीख और अपना पता लिखना न भूलें।

(छ) पत्र में ग्रामीण शब्दों, मुहावरों तथा कहावतों का प्रयोग भी अच्छा नहीं समझा जाता।

(ज) व्यापारिक पत्र लिखते समय अत्यन्त सावधानी बरतनी आवश्यक है क्योंकि ये पत्र व्यापारिक महत्त्व के पत्र होते हैं और इनसे व्यापार भी सीधे प्रभावित होता है।

(झ) ऐसे पत्रों में 'विषय' भी लिख देना चाहिए ताकि प्राप्तकर्ता एक दृष्टि में ही यह समझ सके कि पत्र किस सम्बन्ध में है।

(ञ) व्यापारिक पत्र किसी नाम पर नहीं भेजे जाते बल्कि मैनेजर या मैसर्स……आदि के पते पर भेजे जाते हैं।

(ट) प्राप्त हुए किसी पत्र का उत्तर देते समय यह ध्यान रखिए कि आप अपने उत्तर में उन सभी बातों की चर्चा करेंगे जो कि पत्र भेजने वाले ने विचाराधीन पत्र में उठायी थीं।

(ठ) यथासम्भव शुद्ध भाषा का प्रयोग कर और वर्तनी अर्थात् अक्षर योजना (Spelling) की भूलें न होने दें। केवल व्यापारिक या अन्य औपचारिक श्रेणी के पत्र-व्यवहार में ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत और गैर-सरकारी पत्रों में भी शुद्ध वर्तनी की ओर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए।

(ड) पत्र-लेखन में स्वाभाविक और सीधी भाषा का प्रयोग करना चाहिए जहाँ तक शैली का प्रश्न है, वह पत्र के विषय पर निर्भर करती है। व्यक्तिगत पत्र सीधी और बोलचाल की शैली में तथा व्यापारिक पत्र संक्षिप्त शैली में होने चाहिएँ।

सरकारी पत्रों की शैली में औपचारिकता के साथ-साथ मार्जित भाषा का प्रयोग होना चाहिए।

पत्र के अंग

सामान्यत: पत्र के ७ अंग होते हैं जो इस प्रकार हैं :—

१. पत्र लिखने वाले का पता और पत्र लिखने की तारीख (Address and date)
२. सम्बोधन (Salutation)
३. पत्र की विषय-वस्तु (Body of the letter)
४. समापन वाक्यांश (Concluding words)
५. स्वनिर्देश (Subscription)
६. पत्र लेखक के हस्ताक्षर (Signature of the sender)
७. प्राप्तकर्ता का पता (Address of the addressee)

हिन्दी तथा अंग्रेजी पत्रों में उक्त अंगों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी नीचे दी गयी है।

१. पत्र लिखने वाले का पता और पत्र लिखने की तारीख (Address and date)—पत्र के ऊपर की तरफ दायें कोने में प्रेषक का पता और पत्र लिखने की तारीख लिख दी जाती है, जैसे—

हिन्दी में

१३१, लक्ष्मीबाई नगर,
नई दिल्ली, दिनांक ५ फरवरी, १९७१

अंग्रेजी में

131, Laxmibai Nagar,
New Delhi the 5th Feb. 1971

२. सम्बोधन (Salutation)—सम्बोधन के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया जाय, यह इस बात पर निर्भर करता है कि पत्र लिखने वाले तथा प्राप्तकर्ता के बीच क्या और कैसा सम्बन्ध है। आवश्यकता और स्थिति के अनुसार हिन्दी और अंग्रेजी पत्रों में प्रयोग किये जाने वाले कुछ शब्द आगे दिये गये हैं।

सम्बन्ध

हिन्दी में	अंग्रेजी में
१. बराबरवालों को :	
प्रिय, प्रियवर, भाई, प्रिय भाई आदि	Dear, My Dear
२. साधारण परिचितों को :	
प्रिय, प्रिय महोदय	Dear, Dear Sir

३. बड़ों को (सम्बन्धियों को) :

पूज्य, पूज्यवर, मान्यवर, परमपूज्य, मान्य, आदरणीय	Respected

४. छोटों को :

प्रिय चिरंजीवी	Dear

५. मित्रों के लिए :

प्रिय.............	Dear, My Dear....

६. अपरिचितों को :

महोदय, प्रिय महोदय	Dear Sir, Sir

७. स्त्रियों को :

श्रीमती जी, आदरणीय महोदया, महोदया, पूजनीया	My Dear, Dear Madum Madam

८. व्यापारियों को :

प्रिय महोदय, महोदय, महोदय, श्रीमान् प्रिय महाशय	Dear Sir, Gentleman

९. किसी कर्मचारी द्वारा किसी अधिकारी को, व्यापारी द्वारा अपने ग्राहक को तथा सेवक द्वारा स्वामी को :

आदरणीय महोदय, महोदय, प्रिय महोदय, मान्यवर पूज्य	Dear Sir, My Dear Sir

१०. अध्यापकों-स्कूल कॉलिज के प्रिन्सिपलों को या कर्मचारियों द्वारा अपने नियोक्ताओं या अधिकारियों को :

आदरणीय महोदय, महोदय, मान्यवर पूज्य, पूज्यवर	Sir

११. नौकरी के लिए आवेदन पत्र :

आदरणीय महोदय, महोदय, मान्यवर, पूज्य, पूज्यवर	Sir

१२. राजा या राजा के परिवार के किसी सदस्य को :

परमादरणीय महाराजा श्री...... महामहिम.......... महामान्य	May it please your Majesty तथा May it please your Highness

१३. महाराजा तथा नवाबों को :

परमादरणीय महाराजा श्री...... महामान्य	May it please your Highness

१४. वायसराय तथा गवर्नरों को :

परमश्रेष्ठ	May it please your Excellency

१५. पादरियों को

महामान्य, परमादरणीय	My Lord Bishop, The Most Reverend

१६. लेफ्टीनेण्ट गवर्नरों को :

महामान्य	May it please your Honour

यद्यपि अंग्रेजी के पत्रों में प्रायः प्रशस्ति के तुरन्त बाद ही पत्र आरम्भ कर दिया जाता है, फिर भी हिन्दी में प्रशस्ति के पश्चात् शिष्टाचार प्रदर्शित करने के लिए भी कतिपय शब्दों का प्रयोग किया जाता है। आवश्यकता और स्थिति के अनुसार शिष्टाचार के शब्दों का प्रयोग किया जाता है। फिर भी कुछ सामान्य स्थितियों में निम्न शब्दों का प्रयोग किया जा सकता है—

अपने से बड़ों के लिए :	प्रणाम, सादर नमस्कार, सादर प्रणाम, सादर वन्दे, चरणस्पर्श, सादर चरणस्पर्श
बराबर वालों के लिए :	नमस्कार, नमस्ते, जयहिन्द, वन्दे आदि
छोटों को :	आशीर्वाद, सुखी रहो, सस्नेह, स्वस्ति
अपरिचितों को :	सादर अभिवादन

३. पत्र की विषय-वस्तु (Body of the Letter)—पत्र की विषय-वस्तु और उसकी भाषा भी इस बात पर निर्भर करती है कि प्रेषक और प्राप्तकर्ता के आपस में क्या और कैसे सम्बन्ध हैं। किसी अभिन्न मित्र को पत्र लिखते समय एकदम अनौपचारिक और सीधी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। अपने से बड़ों को पत्र लिखते समय पत्र की भाषा पूर्णतया संयत तथा आदरपूर्ण होनी चाहिए। अपरिचितों तथा व्यापारियों आदि को लिखे गये पत्रों की भाषा भी संयत, सीधी तथा औपचारिक होनी चाहिए। पत्र लिखते समय आवश्यकतानुसार पैराग्राफ बनाइए तथा विराम-चिह्नों के प्रयोग के प्रति भी पूरी सावधानी बरतिए।

गोलमोल या अस्पष्ट भाषा का प्रयोग किसी भी स्थिति में ठीक नहीं होता क्योंकि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है आपका पत्र आपका प्रतिनिधि होता है। अंतः पत्र की भाषा सीधी, स्पष्ट और नम्र होनी चाहिए। व्यापारिक पत्रों की भाषा तो असाधारण रूप में संयत और नम्र होनी चाहिए।

४. समापन वाक्यांश (Concluding Words)—यह वाक्यांश पत्र के समाप्त करने के पश्चात् तथा स्वनिर्देश के पूर्व प्रयोग किया जाता है। स्थिति और आव-

श्यकता के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार के समापन वाक्यांशों का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार के कुछ वाक्यांशों के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूप नीचे दिये गये हैं—

हिन्दी में	अंग्रेजी में
१. अभिवादन सहित	With kind regard
२. मंगल तथा शुभकामनाओं सहित	With love and best wishes
३. आपके निमन्त्रण के लिए हार्दिक धन्यवाद	With sincere thanks for your kind invitation
४. मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार कीजिए	Accept my heartly congratulations
५. कष्ट के लिए क्षमा	I hope you won't mind the trouble
६. सभी को यथायोग्य	Convey my best compliments to elders and love to Children
७. शेष फिर कभी	Well good-bye for the present
८. आपके प्रति मेरी हार्दिक सहानुभूति है	With sincere sympathy in your distress
९. आपको हुई असुविधा के प्रति अत्यन्त खेद है	Inconvenience caused to you is very much regretted
१०. कष्ट के लिए क्षमा	Hoping to be excused for the trouble
११. मेरे योग्य कोई सेवा हो तो लिखें	Any service fit for me
१२. पत्रोत्तर की प्रतीक्षा में	Hoping for an early reply
१३. कष्ट के लिए धन्यवाद	Thanking you for the trouble
१४. आशा है आप शीघ्र ही स्वास्थ्य-लाभ कर लेंगे	Hoping you will be soon quite well
१५. कृपया पावती भेजने का कष्ट करें	Please acknowledge receipt and oblige
१६. आशा है आप स्थिति की गम्भीरता का अनुभव करेंगे और उसकी पुनरावृत्ति रोकने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई करेंगे	I hope you will realise the gravity of situation and act promptly to avoid any recurrence
१७. आशा है आप सानन्द होंगे	(a) I hope you are enjoying good health

हिन्दी में	अंग्रेजी में
	(b) Hoping this finds you fit in good health and cheerful spirit
१८. पूज्य माताजी को मेरी ओर से सादर चरणस्पर्श कहिए	With love to dear mother
१६. सधन्यवाद	Thanking you
२०. आशा है आप क्षमा करेंगे	Hoping to be forgiven by you
२१. (अ) आशा है आप मुझसे सहमत होंगे	(a) I am sure you will agree with me
(ब) आशा है आपको मेरा सुझाव पसन्द आयेगा	(b) I am sure my suggestion will appeal you
२२. शुभकामनाओं सहित	With best wishes

५. स्वनिर्देश (**Subscrtiption**)—प्रेषक के हस्ताक्षर से पहले स्वनिर्देश दिया जाता है। हिन्दी और अंग्रेजी के पत्रों में स्थिति और आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के स्वनिर्देशों का प्रयोग किया जाता है। जिनका वर्णन इस प्रकार है—

हिन्दी में	अंग्रेजी में
१. बड़ों के लिए (सम्बन्धियों के लिए) :	
कृपाकांक्षी	Yours affectionately
आपका आज्ञाकारी पुत्र	Your affectionate/loving son
आपका आज्ञाकारी/छोटा भाई	Your affectionate/loving brother
आज्ञाकारी, आपका स्नेहभाजन, स्नेहाकांक्षी, कृपाकांक्षी आदि	
२. छोटों के लिए (सम्बन्धियों के लिए) :	
हितैषी, शुभचिन्तक, तुम्हारा शुभाकांक्षी, चिर-हितरत	Yours affectionate
१. मित्रों के लिए:	
आपका अपना	Your sincerely
आपका ही	Yours very sincerely
आपका अपना/तुम्हारा मित्र	Sincerely yours
अभिन्न	Yours ever
अभिन्न	Ever yours

हिन्दी में	अंग्रेजी में
साधारण परिचितों के लिए :	
भवदीय	Yours truly
	Yours very truly
२. अपरिचितों के लिए :	
आपका	Yours truly
आपका	Yours sincerely
भवदीय	Yours faithfully
(क) कम्पनियों, दुकानदारों आदि के लिए (ख) नौकरी के लिए प्रार्थना पत्रों में (ग) समाचार पत्रादि के सम्पादकों के लिए (घ) शिकायतों आदि के लिए (ङ) सामान्य प्रार्थना पत्रों आदि में	Yours faithfully, भवदीय
राजाओं, शाही परिवारों के सदस्यों के लिए :	
महामान्य के कृपाकांक्षी	Yours Highness, most obedient servant
वायसरायों, गवर्नरों, लेफ्टिनेण्ट गवर्नरों आदि के लिए :	
परमश्रेष्ठ······का/के कृपाकांक्षी	Your Excellency's most obedient servant

६. पत्र लेखक के हस्ताक्षर (Signature of the Sender)—स्वनिर्देश के पश्चात् प्रेषक अपने हस्ताक्षर करता है। यद्यपि इस सम्बन्ध में कोई निश्चित नियम आदि की व्यवस्था नहीं है, फिर भी यथासम्भव हस्ताक्षर ऐसे होने चाहिए कि प्राप्तकर्त्ता बिना विशेष कठिनाई के यह जान सके कि पत्र किस व्यक्ति ने भेजा है। दूसरे शब्दों में, या तो हस्ताक्षरों के नीचे कोष्ठक (Bracket) में अपना पूरा नाम स्पष्ट अक्षरों में लिख देना चाहिए (सरकारी या औपचारिक पत्रों में इसी प्रकार होता है) या हस्ताक्षर ऐसे ढंग से करने चाहिए कि प्राप्तकर्ता को तत्काल यह पता लग सके कि पत्र प्रेषक कौन है।

७. प्राप्तकर्ता का पता (Address of the Addressee)—पता सदा शुद्ध और स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए अन्यथा पत्र का समय पर गन्तव्य स्थान पर पहुंचना कठिन हो जाता है। पता लिखने के सम्बन्ध में आगे लिखी बातें ध्यान में रखनी चाहिए—

(१) (क) सामान्य सम्बन्धियों/व्यक्तियों के लिए :

श्री, श्रीमान, श्रीयुत — Shree, Mr.

(ख) बड़े तथा आदरणीय व्यक्तियों/सम्बन्धियों के लिए :

आदरणीय, श्री, श्रीमान आदि — Mr.

(ग) विवाहित महिलाओं के लिए :

श्रीमती — Mrs.

(घ) अविवाहित महिलाओं के लिए :

सुश्री, कुमारी — Miss, Km.

(ङ) दुकानदारों, कम्पनियों, कारखानों, उद्योग-धन्धों आदि को

मैसर्स — Messers

(च) राजाओं के लिए :

महामान्य, महामहिम श्री — His Highness, His Excellency

(छ) पादरियों के लिए :

परम पावन श्री — His Holiness

(ज) वायसराय तथा गवर्नरों आदि के लिए :

परमश्रेष्ठ श्री — His Excellency

(झ) लेफ्टीनेण्ट गवर्नरों आदि के लिए :

महामान्य श्री — His Highness

(२) प्राप्तकर्ता के नाम के पश्चात् पहले मकान/गली मोहल्ला और इसके बाद गाँव/शहर का नाम। इसके पश्चात् डाकघर/प्रधान डाकघर आदि का नाम और सबसे अन्त में जिला/राज्य आदि लिखने चाहिए।

गैर-सरकारी पत्रों के कुछ नमूने परिशिष्ट VI में देखिए।

प्रकरण ६

अनुवाद, उसका महत्त्व तथा प्रकार

किसी भी देश की निरन्तर परिवर्तनशील सांस्कृतिक परम्पराओं, सामाजिक मान्यताओं तथा साहित्यिक गतिविधियों से परिचय प्राप्त करने के लिए हमें अनुवाद की आवश्यकता होती है। विश्व के भौतिक विकास के साथ-साथ अनुवाद की आवश्यकता भी बलवती होती जा रही है। विश्व के प्रगतिशील राष्ट्रों की दौड़ में अपना स्थान बनाने के लिए हमें उनके वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों से सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन करना होगा, जिसका प्रत्यक्षतः एकमात्र साधन अनुवाद है। अनुवाद

द्वारा हम केवल दूसरी भाषा के ज्ञान-भण्डार का ही परिचय प्राप्त नहीं करते, बल्कि दूसरे देश और राष्ट्र की सभ्यता और संस्कृति को समझने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। अनुवादक विश्व के विभिन्न देशों की अपनी-अपनी संस्कृतियों और विचार शैलियों को एक दूसरे के निकट लाने का महत्त्वपूर्ण-कार्य करता है।

अनुवाद के सम्बन्ध में सामान्यतः यह धारणा बनी रहती है कि अनुवाद मूल लेखन की अपेक्षा निम्न कोटि की प्रक्रिया है और उसमें मूल की सी स्थायिता, सौन्दर्य आदि की आशा करना कोरी कल्पना है। इस प्रकार की धारणा का मूल कारण यह है कि बहुत कम अनुवादों में मूलकृति की सी स्वाभाविकता, यथार्थता तथा भावाभिव्यक्ति के दर्शन होते हैं। अतः अनुवादक के कार्य को मौलिक लेखन की अपेक्षा कम महत्त्व दिया जाता है, जबकि वस्तुस्थिति बहुत भिन्न है। अनुवादक का कार्य मूल लेखक से कहीं अधिक कठिन तथा श्रमसाध्य होता है। मूल लेखक को अपने भावों की अभिव्यक्ति के लिए विपुल शब्द-संग्रह प्राप्त होता है और वह अपनी इच्छा तथा विवेक के अनुसार शब्द-चयन करने में स्वतन्त्र होता है। अपनी कृति को सजाने और सँवारने में उसके सम्मुख ऐसी कोई शर्त नहीं होती कि उसे अपनी भावाभिव्यक्ति के लिए निश्चित शब्दों का ही प्रयोग करना है।

दूसरी ओर अनुवादक की अपनी सीमाएँ होती हैं। अनुवाद करते समय उसे केवल मूल लेखक की भावना और विचारों को ही नहीं समझना होता, अपितु उसे अपने पाठकों की रुचि, अनुवाद की भाषा के गठन और शैली की ओर भी पूर्ण सचेत रहना होता है। अतः अनुवादक का स्थान किसी भी दृष्टि से मूल लेखक से कम नहीं होता।

अनुवाद के प्रकार (१) शब्दानुवाद—इस प्रकार का अनुवाद सामान्य प्रयोग के लिए किया जाता है। बसों में प्रायः अंग्रेजी के Smoking is prohibited का हिन्दी अनुवाद 'धूम्रपान वर्जित है' दिया होता है। इस अनुवाद से भाव की सन्तोष पूर्ण अभिव्यक्ति हो गयी है और उक्त अनुवाद पर किसी ठोस आपत्ति की अपेक्षा नहीं की जाती। वस्तुतः अनुवाद का अच्छापन मूल सन्देश की प्रकृति पर आश्रित होता है। क्योंकि उक्त वाक्य अत्यन्त सीधा है तथा इनमें भावनाओं के स्थान पर तथ्य दिये गये हैं, अतः प्रत्येक शब्द स्वयं में निहित अर्थ का स्पष्ट और निश्चित बोध कराता है। ऐसा अनुवाद करने में अनुवादक को भी कोई कठिनाई नहीं होती और उपयुक्त शब्द भी तत्काल मिल जाते हैं।

(२) भावानुवाद—यह अनुवाद मुख्यतः सामान्य श्रेणी के पाठकों के लिए किया जाता है जिन्हें मूल में निहित भावनाओं के समझने की न तो अधिक चिन्ता होती है, न भाषा की गहराई में उतरने की फुरसत। मूल के प्रति पाठक की तनिक भी रुचि नहीं होती और उसका उद्देश्य केवल आनन्द-प्राप्ति तक ही सीमित होता है। अनुवादक

के लिए भी इस प्रकार के अनुवादों में शब्दों में करिश्मे दिखाने की आवश्यकता नहीं रहती। इस प्रकार के अनुवादों में भाषा के सौन्दर्य, माधुर्य और कोमलता के प्रति ध्यान देना आवश्यक नहीं समझा जाता और अनुवादक के ऐसा करने में पूर्ण औचित्य भी है, क्योंकि पाठक केवल कथा का आनन्द लेने का इच्छुक होता है, अनुवाद नहीं। अतः इस प्रकार के अनुवाद से वह स्पष्ट हुआ कि मूल तथा अनुवाद दोनों में विषय का महत्त्व शैली से कहीं अधिक होता है। विषय प्रधान होता है और शैली गौण।

(३) **मिश्रित अनुवाद**—गद्य का अनुवाद करना आसान नहीं होता और कठिनाई तब अधिक होती है जब मूल तथा अनुवाद दोनों की भाषाएँ दो पृथक् भाषा परिवारों से सम्बद्ध हों। अंग्रेजी और हिन्दी को ही ले लीजिए। अंग्रेजी के किसी गद्यांश का गद्यानुवाद करते समय अनुवादक को यह नहीं भूलना चाहिए कि अंग्रेजी का वाक्य-विन्यास, शैली और गठन आदि हमारी भाषा (हिन्दी) की प्रकृति से मेल नहीं खाते।

पद का अनुवाद तो और भी कठिन है क्योंकि कविता की भाषा और उसके शब्द अपने संस्कार जन्य अर्थ के बोधक होते हैं। इस प्रकार का अनुवाद करते समय शब्द में छिपे भाव को समझने के लिए मूल लेखक की भावनाओं के साथ तादात्म्य स्थापित करना होता है और तभी शब्द की आत्मा, उसमें दिया हुआ संस्कार अन्य भाषा में अनूदित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक भाषा के लय और छन्द के सुकोमल और मधुर साँचों के माधुर्य और उदात्त तत्त्व को किसी अन्य भाषा में स्थानान्तरित करना तो कोरी कल्पना ही है।

यही कारण है कि पद्य के अनुवाद में कभी भी पूर्णता नहीं आ पाती और अनुवादक को इतना अधिक परिश्रम करना होता है कि वह अनुवाद न होकर बहुत कुछ मस्तिष्क व्यायाम बन जाता है। वस्तुतः इस प्रकार के अनुवाद व्यापारिक दृष्टि से कभी नहीं किये जाते। इनकी पृष्ठभूमि में नितान्त साहित्यिक तथा कलात्मक प्रेरणा होती है। होता यह है कि जब अनुवादक को कोई विशेष कविता या पद्यांश बहुत अधिक आकर्षित करता है और वह अपने इस आनन्द की अनुभूति केवल अपने तक ही सीमित रखने में असमर्थ हो जाता है तो वह इस आनन्द को दूसरों पर प्रकट करने को लालयित हो उठता है, और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनुवाद ही एकमात्र साधन हो सकता है। ग्रीस, रोम आदि देशों में इसी कोटि का बहुत सा महान् साहित्य अनूदित हो चुका है, और आज भी जबकि मनुष्य का दृष्टिकोण अत्यधिक व्यावसायिक बन चुका है, इस प्रकार के अनुवाद देखने में आते हैं।

(४) **बौद्धिक, वैज्ञानिक तथा तकनीकी अनुवाद**—इस प्रकार के अनुवाद में विषय को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है तथा शैली का स्थान गौण हो जाता है। पाठक भी अनुवाद की भाषा, शैली आदि के प्रति अधिक सचेत नहीं होता। उसका आकर्षण केवल मूल की विषय-वस्तु तक सीमित होता है, क्योंकि इस प्रकार

के अनुवाद के पीछे पाठक को जीवनापयोगी विषय-वस्तु से परिचित कराने की भावना रहती है। अतः स्वाभाविक है कि अनुवाद की भाषा में कहीं-कहीं आशा के अनुसार शुद्धता न दिखाई दे। ऐसे अनुवाद करते समय अनुवादक की सफलता अभि-व्यंजना शैली में नहीं, बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि वह विषय-वस्तु को कहाँ तक बोधगम्य बना सका है।

इस प्रकार के अनुवाद के लिए यह भी आवश्यक है कि अनुवादक को विषय का पूरा ज्ञान होना चाहिए अन्यथा पाठक को विषय-वस्तु का वास्तविक बोध कदापि न हो सकेगा। अर्थशास्त्र की किसी पुस्तक का अनुवाद करने वाले अनुवादक से यह आशा की जाती है कि अनुवाद की भाषा के अतिरिक्त उसे विषय का भी पूरा और गहरा ज्ञान है।

विषय के पूरे ज्ञान के साथ-साथ अनुवाद की भाषा में तत्सम्बन्धी विषय के पारिभाषिक तथा तकनीकी शब्दों की प्रचुर मात्रा का प्रयोग होना भी आवश्यक है, जिसके अभाव में मूल विषय का सही अनुवाद होना नितान्त कठिन हो जाता है। हिन्दी में अनुवाद करते हुए सबसे बड़ी कठिनाई यही सामने आती है कि इसमें तक-नीकी शब्दों की बहुत कमी है। फिर भी भारत सरकार (शिक्षा मन्त्रालय) द्वारा प्रत्येक विषय के लिए तकनीकी शब्दों के हिन्दी पर्याय तैयार करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति की गयी है, जिससे हिन्दी में तकनीकी विषयों के सफल अनुवाद की सम्भावना बढ़ गयी है। हिन्दी में ऐसे अनुवाद करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए कि सरकार द्वारा स्वीकृत पारिभाषिक शब्दों का ही प्रयोग किया जाय। मनमाने शब्दों के प्रयोग द्वारा भाषा में एकरूपता और स्थिरता तो कभी आ ही नहीं सकती।

सरकारी सामग्री का अनुवाद और उसकी समस्याएँ

१६५८ में संसद की राजभाषा समिति ने यह निर्णय किया था कि २६ जनवरी, १६६५ से हिन्दी को राजभाषा का ध्यान दे दिया जायगा, किन्तु जब तक आवश्यक होगा अंग्रेजी सहभाषा बनी रहेगी। १६६३ के राजभाषा अधिनियम की तीसरी धारा के अनुसार २६ जनवरी, १६६५ के पश्चात् भी सरकारी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता रहेगा। राजभाषा हिन्दी की संवैधानिक स्थिति से इतना तो अवश्य स्पष्ट हो जाता है कि किसी विदेशी भाषा (अंग्रेजी) को अनि-श्चित काल तक केवल इस दृष्टि से प्रयोग नहीं किया जायेगा कि वह भाषा अन्तर-राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विनिमय के लिए सुविधापूर्ण है या पिछले डेढ़ सौ वर्षों से प्रयोग की जा रही है।

चूँकि अभी तक केन्द्रीय व राज्य सरकारों का आपसी पत्र-व्यवहार प्रायः पूरी तरह अंग्रेजी में होता रहा है, अतः अब इस पत्र-व्यवहार को हिन्दी का रूप देने के

लिए अनुवाद का ज्ञान आवश्यक है। सरकारी सामग्री मोटे तौर पर निम्न वर्गों में बाँटी जा सकती है—

(१) **सामान्य पत्र-व्यवहार**—सरकारी सामग्री के इस वर्ग में कार्यालय ज्ञापन, अर्द्ध-सरकारी पत्रों के अतिरिक्त टिप्पणी आदि आते हैं। इस प्रकार के अनुवाद करते समय अनुवादक को यथासम्भव शाब्दिक अनुवाद करना चाहिए। ऐसे अनुवादों में विषय का महत्त्व सर्वोपरि होता है। इस प्रकार के अनुवादों की भाषा सीधी, सरल और सुबोध होनी चाहिए। भावुकता के लिए ऐसे अनुवादों में कोई स्थान नहीं होता।

(२) **सार्वजनिक जानकारी तथा पथ-प्रदर्शन के लिए**—इस वर्ग में प्रेस विज्ञप्तियाँ टिप्पणियाँ आदि आती हैं जो सामान्य जनता की जानकारी के लिए देश से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाती हैं। क्योंकि इस प्रकार की सामग्री मुख्य रूप से जनता की जानकारी के लिए होती है, अतः इस वर्ग के अनुवाद की भाषा सरल के साथ-साथ चुस्त भी होनी चाहिए। अनुवाद का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब सामान्य व्यक्ति मूल के भाव को सहज रूप से समझ सके। ऐसा करने के लिए यदि अनुवादक को मूल के कुछ शब्द ज्यों के त्यों भी रखने पड़ते हैं, तो यह कोई आपत्तिजनक बात नहीं है।

(३) **सरकारी आलेख**—इस प्रकार की सामग्री के अन्तर्गत संसदीय प्रश्न, प्रतिवेदन आदि आते हैं तथा इस प्रकार के अनुवाद की भाषा अपेक्षाकृत अधिक गम्भीर तथा अधिकारिक होनी चाहिए। इस प्रकार के अनुवाद में यथासम्भव निश्चित वाक्यांशों का प्रयोग अच्छा रहता है। ऐसे अनुवादों में अनुवादक को बिल्कुल भी स्वतन्त्रता नहीं होती, बल्कि उसका मुख्य उद्देश्य सामान्य जनता को मूल के आशय का बोध कराना होता है।

(४) **कानूनी साहित्य**—इस वर्ग के अन्तर्गत अधिनियमों, नियमों आदि का अनुवाद होता है और ऐसे अनुवाद में योग्य अनुवादक 'शब्द ही सबसे महत्त्वपूर्ण है' इस मान्यता का शतप्रतिशत परिपालन करता है क्योंकि कानून का सम्बन्ध केवल अनुवादक, मूल पाठक या उसके पाठक वर्ग तक ही सीमित न रहकर सम्पूर्ण देश की जनता से होता है, अतः इस प्रकार के अनुवाद में तनिक भी लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होती है। अतः यह आवश्यक है कि अनुवाद में प्रयुक्त शब्द निश्चित और स्पष्ट अर्थ का बोधक हो।

अनुवाद की समस्याएँ और उनका हल

उपयुक्त पर्यायों का चुनाव—अनुवाद की सबसे बड़ी समस्या अपनी भाषा में उपयुक्त पर्यायों के चयन की है। सरकारी पत्राचार आदि के हिन्दी में अनुवाद करते समय तो यह समस्या और भी अधिक गम्भीर बन जाती है, क्योंकि हिन्दी में पारि-

भाषिक शब्दों का निर्माण कार्य अभी भी जारी है। शब्दों का पारिभाषिक स्वरूप अभी तक पूरी तरह परिनिश्चित नहीं हो पाया है। उपयुक्त पर्यायों के चयन के लिए सबसे पहली आवश्यकता यह है कि अनुवादक को मूल भाषा का पूरा सम्यक् ज्ञान हो। कभी-कभी अज्ञान के कारण ऐसे पर्यायों का प्रयोग कर दिया जाता है जिनसे अर्थ का अनर्थ हो जाता है। उदाहरण के लिए नीचे का एक वाक्य देखिए—

"A Camp Post Office was opened at an altitude of 7000 ft. in Simla."

इस वाक्य में altitude का अर्थ न समझ सकने के कारण इसका अनुवाद इस प्रकार किया गया—

"शिमला में ७००० फुट ऊँचा एक कैम्प डाकघर खोला गया।"

हालाँकि इसका सही अनुवाद इस प्रकार होगा :—

"शिमला में ७००० फुट की ऊँचाई पर एक कैंप डाकघर खोला गया।"

दूसरी बात यह है कि अनुवादक को मूल के विषय का भी पूर्ण ज्ञाता होना चाहिए। जब तक विषय का पूरा ज्ञान नहीं होगा, तब तक उसके अनुवाद में यथार्थता और स्वाभाविकता नहीं आ सकती। अंग्रेजी के Beautiful शब्द के लिए हिन्दी में सुन्दर, रुचिर, चारु, सुहावना, मोहक, रमणीय, चित्ताकर्षक, ललित, कमनीय, उत्कृष्ट ललाम, रम्य, कलित, मंजुल, मनोज्ञ, मनभावन ये १६ पर्याय उपलब्ध हैं, लेकिन प्रत्येक पर्याय के उच्चारण मात्र से प्रकट होने वाले अर्थों में व्यापक अन्तर है। मौसम के लिए 'सुहावना' तथा स्थान के लिए 'रमणीक' शब्दों का प्रयोग बहुत कुछ रूढ़ि का रूप धारण कर चुका है। अतः अनुवाद में प्रवाह और यथार्थता लाने की दृष्टि से विषय का ज्ञान होना इसलिए आवश्यक है जिससे कि विषय की आवश्यकता के अनुरूप पर्याय का चयन किया जा सके।

पर्याय का चयन करते समय अनुवादक को इस सम्बन्ध में पूरी तरह सतर्क होना चाहिए कि एकार्थक शब्दों में भी सूक्ष्म भेद अवश्य बना रहता है। उदाहरण के लिए, हिन्दी में 'अवस्था' और 'आयु', 'कृपा' और 'अनुग्रह', 'सहानुभूति' और 'संवेदना' इन शब्दों का प्रयोग एकार्थक शब्दों के रूप में कर दिया जाता है। लेकिन नीचे दिये गये इनके विशिष्ट अर्थों को जान लेने पर भूल-सुधार सम्भव है—

अवस्था = जन्म से वर्षों की गणना को कहते हैं।

आयु = सम्पूर्ण जीवन को आयु कहते हैं।

कृपा = जब कोई दूसरों के दुःख-निवारण का प्रयत्न करे।

अनुग्रह = जब कोई दूसरों का इष्ट-सम्पादन करे।

सहानुभूति = जब कोई किसी के दुःख को समान रूप से अनुभव करे।

संवेदना = जब कोई दूसरों के साथ तुल्य वेदना का अनुभव और प्रकट करे।

पर्याय का चुनाव करते समय अनुवादक में किसी प्रकार का दुराग्रह नहीं होना चाहिए। भारत सरकार के तत्वावधान में हो रहे शब्दावली निर्माण कार्य के दौरान यह मान लिया गया है कि वस्तुओं के माप और वजन की इकाइयां (जैसे मीटर, लिटर आदि), आविष्कारकों के नाम पर बने शब्द (जैसे एम्पीयर, वोल्ट आदि), अत्यधिक प्रचलित शब्द (जैसे रेडियो, टेलीफोन आदि), नये तत्त्वों आदि के नाम (जैसे एल्यूमीनियम, हाइड्रोजन आदि) ज्यों के त्यों स्वीकार कर लिये जायँ। अंग्रेजी तथा अन्य विदेशी भाषाओं के ऐसे कुछ शब्दों को परिशिष्ट III में देखिए। यही नहीं, अन्य भाषाओं के जो शब्द हमारी भाषा में अच्छी तरह घुलमिल चुके हैं उन्हें भी ज्यों का त्यों स्वीकार कर लेना चाहिए। उदाहरणस्वरूप, यदि उर्दू के किसी शब्द के माध्यम से किसी भाव-विशेष की अभिव्यक्ति अत्यन्त स्पष्ट तथा बोधगम्य हो सकती है तो दुराग्रह से ऊपर उठकर उस सुबोध पर्याय को चुन लेना चाहिए। अंग्रेजी के एक शब्द Recommendation के लिए उर्दू का 'सिफारिश' शब्द पूर्णतः उपयुक्त है और ऐसे प्रयोग को प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

इसी प्रकार अंग्रेजी के प्रचलित शब्द, जैसे फिल्म, रेडियो, सिनेमा, रेल आदि शब्दों को भी बिना किसी हिचक के स्वीकार कर लिया जाना चाहिए। जानबूझ कर नये क्लिष्ट शब्दों की रचना करना किसी भी स्थिति में उपयुक्त नहीं।

इसके साथ-साथ अनुवादक को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि चुने हुए पर्याय अत्यधिक क्लिष्ट न हो जाएँ। वस्तुतः 'क्लिष्टता' या 'सरलता' मूल विषय की आवश्यकता के अनुसार होती है। अनुवाद की भाषा तो विषय के अनुरूप होती है। यदि अर्थ गम्भीर है तो भाषा तो गम्भीर होगी ही। अधिनियम के अनुवाद में पारिभाषिक शब्दों के विपुल प्रयोग के कारण गम्भीरता और दुरूहता आना स्वाभाविक है। लेकिन इसका यह तात्पर्य भी नहीं हो जाता कि हम भाषा को अनावश्यक शब्द-जाल से ढक दें। उदाहरण के लिए, अंग्रेजी के एक ज्ञापन के एक अंश के दो प्रकार के हिन्दी अनुवाद दिये गये हैं। दोनों प्रकार के अनुवादों में बात तो एक ही कही गयी है लेकिन पहला अनुवाद अस्वाभाविक, कठिन और बनावटी है, जबकि दूसरा अनुवाद हिन्दी की प्रकृति के अनुकूल है तथा सीधा है—

प्रत्येक कार्यालय में कार्य की व्यवस्था इस प्रकार से की जाय कि वह कार्यालय के निर्धारित कार्य-समय में ही पूर्ण हो सके। यदि किसी विशेष परिस्थितिवश ऐसा करना साध्य न हो और अधिकारियों का कार्यालय के निर्धारित समय के पश्चात् और/या रविवार (या अन्य

प्रत्येक कार्यालय को काम की ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उसका सारा काम कार्यालय के नियत समय में ही पूरा हो जाय। अगर किसी मामले में ऐसा करना सम्भव न हो और कुछ कर्मचारियों को कार्यालय के घण्टों के बाद और/या रविवार (या साप्ताहिक अवकाश के अन्य

साप्ताहिक अवकाश के दिन) तथा अवकाश के दिन निरोधन करना पड़ा तो उसे अधि-समय भत्ता/प्रतिकारात्मक अवकाश देने का कार्य निम्नलिखित अनुच्छेदों के अनुसार विनियमित किया जायगा।	दिन) और छुट्टी के दिन काम पर रोकना आवश्यक हो जाय तो ऐसे काम के लिए समयोपरि भत्ते/काम के बदले में माँगी हुई छुट्टी का नियम आगे के पैराग्राफों में दी हुई व्यवस्था के अनुसार होगा।

अनुवादक को मुहावरों का समुचित ज्ञान होना भी आवश्यक है। कभी-कभी मेल की भाषा या उसके मुहावरों के सम्बन्ध में पूरा ज्ञान न होने के कारण अर्थ का अनर्थ हो जाता है। इसके अतिरिक्त यह भी आवश्यक नहीं है कि मूल में प्रयुक्त मुहावरों के समानार्थी मुहावरे हमारी भाषा में मिल ही जायँ। फिर भी कभी-कभी संयोगवश समानार्थी मुहावरे मिल जाने पर उनका निस्संकोच प्रयोग किया जाना चाहिए, अन्यथा व्याख्यात्मक सीधी भाषा में उनका अनुवाद करना अधिक उपयुक्त होगा। नीचे अंग्रेजी का एक वाक्य दिया है जिसमें मुहावरे को मोटे अक्षरों में कर दिया गया है :

"**Thanks** to the telecommunication service, that the P & T Department could earn more than Rs. 50,000 as revenue."

सामान्य व्यक्ति इस वाक्य का अनुवाद इस प्रकार करेगा, जो कि अशुद्ध होगा—

"दूरसंचार सेवाएँ **धन्यवाद की पात्र** हैं क्योंकि डाक-तार विभाग ने ५०,००० रुपये का राजस्व अर्जित किया।" वस्तुतः अंग्रेजी के वाक्य 'Thanks to' का सही अर्थ 'के कारण' है, न कि 'धन्यवाद के पात्र,' जैसा कि अनुवाद में कर दिया गया है।

भाषा में एकरूपता लाने की दृष्टि से अनुवादक को पर्याय चुनते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यथासम्भव निर्धारित पारिभाषिक शब्द का ही प्रयोग किया जाय। यदि मनमाने ढंग से भिन्न-भिन्न पर्यायों का प्रयोग किया गया तो शब्दों की पारिभाषिक सत्ता के नष्ट होने की पूरी सम्भावना है। निर्धारित शब्दावली का प्रयोग करने से ही हिन्दी का वास्तविक हित होगा। इस सम्बन्ध के केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने प्रायः सभी वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों से सम्बद्ध पारिभाषिक शब्दों के निर्माण की दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है; लेकिन जब तक शब्दों का वास्तविक प्रयोग नहीं किया जाता तब तक भाषा में स्थिरता नहीं आ सकती। होना यह चाहिए कि एक विशिष्ट शब्द के लिए यथासम्भव एक ही पारिभाषिक शब्द का प्रयोग किया जाय।

सरकारी सामग्री के अनुवाद की भाषा

सरकारी सामग्री के अनुवाद की भाषा एक प्रकार के शासन की ही भाषा होती है, अतः इस भाषा में वे सभी गुण होने चाहिए जो कि शासन की भाषा के लिए

आवश्यक हैं। शासन की भाषा में निम्न चार गुण होने चाहिए; (१) औपचारिकता (२) स्पष्टता और माधुर्य, (३) चुस्ती तथा (४) विषय के अनुरूप मूल के आशय के स्पष्ट प्रतिपादन करने की सामर्थ्य।

१. **औपचारिता**—शासन की भाषा की सबसे पहली आवश्यकता औपचारिकता है। शासन के दृढ़ मंच पर भावनाओं तथा भाषा की असाधारण साजसज्जा का कोई महत्त्व नहीं है। अनावश्यक शब्दाडम्बर किसी भी दृष्टि से शासन की भाषा का गुण नहीं है। प्रशासन की भाषा में जो कुछ कहा जाय वह आधिकारिक रूप से कहा जाना चाहिए और उसी के अनुकूल भाषा का प्रयोग होना चाहिए। भाषा स्वयं में स्पष्ट, संक्षिप्त और ऐसी होनी चाहिए कि उसका कोई और अर्थ न लगाया जा सके।

२. **स्पष्टता और माधुर्य**—औपचारिकता के साथ-साथ शासन की भाषा में स्पष्टता तथा माधुर्य का होना भी आवश्यक है। स्पष्टता से तात्पर्य यही है कि लेखक का मन्तव्य बिलकुल स्पष्ट हो। कभी-कभी पूरा का पूरा पत्र पढ़ लेने पर भी यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि लेखक चाहता क्या है? इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रयुक्त शब्द से एक ही अर्थ का बोध होना चाहिए। स्पष्टता के साथ-साथ माधुर्य का होना भी आवश्यक है। सरकारी पत्राचार में विनम्रता लाने के उद्देश्य से भाषा में भी माधुर्य लाना होगा। कटु, अपमानजनक या कड़वी भाषा का प्रयोग किसी भी स्थिति में ठीक नहीं कहा जा सकता।

३. शासन की भाषा का तीसरा गुण उसकी चुस्ती अर्थात् प्रवाहमयता है। प्रत्येक शब्द वाक्यांश या वाक्य सुगठित तथा सशक्त होना चाहिए। प्रत्येक पत्र या आलेख अपने में पूर्ण तथा सन्तुलित होना चाहिए। किसी भी प्रकार की शिथिलता भाषा की चुस्ती पर हानिकर प्रभाव डालती है, अतः सरकारी पत्राचार करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि भाषा सुगठित, सन्तुलित तथा प्रवाहमय हो।

४. शासन की भाषा में मूल के आशय को स्पष्टतः प्रकट करने की सामर्थ्य भी होनी चाहिए। जहाँ तक हिन्दी का प्रश्न है, हमें यह स्वीकार करना होगा कि शासन में सरल हिन्दी का प्रयोग न केवल विषय की जटिलता की सुस्पष्ट अभिव्यक्ति में सहायक होगा, बल्कि सामान्य क्लर्क का काम भी अपेक्षाकृत सहज हो सकेगा। वर्त्तमान पीढ़ी, जो अंग्रेजी के साँचे में ढली है और जिसके पास अंग्रेजी में पत्राचार के आदर्श रूप सहज रूप से उपलब्ध हैं, हिन्दी को 'हव्वा' नहीं समझेगी। अतः शासन में प्रयोग की जाने वाली हिन्दी सरल और सहज होनी चाहिए और ऐसा करने के लिए अत्यन्त प्रचलित अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग, हिन्दी के प्रयोग और प्रचार में सहायक सिद्ध होगा। उदाहरण: 'Patent Medicine' के लिए 'एकस्व भेषज' तथा 'Brick' के लिए 'इष्टिका' का प्रयोग अच्छा नहीं होगा।

परिशिष्ट II में अंग्रेजी के प्रारूपों के साथ उनका हिन्दी अनुवाद भी दिया

गया है जिससे सरकारी पत्रों के अनुवाद की भाषा शैली आदि का कुछ परिचय अवश्य मिल सकेगा।

हिन्दी का सरल रूप

इस सम्बन्ध में हिन्दी को सरल बनाने की समस्या के सम्बन्ध में भी दो शब्द कहना उचित होगा। इस समस्या के दो मुख्य पहलू हैं। एक ओर तो अंग्रेजी के साँचे में ढली वर्तमान पीढ़ी परिश्रमपूर्वक निष्ठा के साथ हिन्दी की नयी पारिभाषिक शब्दावली सीख कर उसका प्रयोग करने के लिए तत्पर नहीं है, दूसरी ओर हिन्दी वाले मात्र शब्दावली का निर्माण करके अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझ लेते हैं। वस्तुत: भाषा में सरलता और सुबोधता उसके प्रयोग पर निर्भर करती है। निरन्तर अभ्यास करते रहने पर भाषा स्वयं ही सरल लगने लगती है। बार-बार प्रयोग में आने पर ऊपर से कठिन दीखने वाले शब्द भी सुगम और सुबोध हो जाते हैं और व्यवहार में न आने के कारण उच्चारण की दृष्टि से सूक्ष्म और सरल शब्द भी दुर्बोध बने रहते हैं।

वस्तुत: इस दृष्टि से हम में संकल्प की दृढ़ता होनी चाहिए। यह कहना कितना हास्यास्पद लगता है कि हिन्दी के इने-गिने शब्दों का समझना तो कठिन है लेकिन अंग्रेजी, जिसके शब्द, गठन, वाक्य-विन्यास सभी कुछ हमारे लिए विदेशी हैं, हमें सुविधापूर्ण लगती है। अंग्रेजी ही क्यों, उर्दू और फारसी के शब्दों में लिखे सम्मन (Summon) का एक वाक्य देखिए, जिसे आज तक भी प्रयोग किया जाता है, और जिसे हम समझ लेने की हामी भरते हैं—

"सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब"

ये वाक्य सम्मन का शीर्ष वाक्य है। यह स्वीकार करना होगा कि उर्दू का यह रूप सामान्य बोलचाल की उर्दू से बहुत अधिक कठिन है, लेकिन कचहरियों के वकीलों, मुंशियों आदि के लिए 'करारदार', 'उमूर' आदि शब्द सुगम और सुबोध हैं। जब हम इन शब्दों के प्रयोग को स्वीकार कर सकते हैं, अंग्रेजी पर गर्व कर सकते हैं तो हिन्दी शब्दों को क्यों नहीं सीख सकते ? केवल सुविधा की दृष्टि से शासन में अंग्रेजी का प्रयोग करना या प्रयोग में सुविधा को ही एकमात्र कसौटी मानना, एक प्रकार से संसार के सामने अपने करोड़ों देशवासियों की और उनकी अपनी भाषाओं के अस्तित्व की उपेक्षा करना है।

अत: हिन्दी के प्रयोग में प्रारम्भ में कुछ कठिनाई तो अवश्य होगी, लेकिन धीरे-धीरे निरन्तर प्रयोग करने से उसका एक स्थिर रूप तैयार हो जायगा। हिन्दी का प्रयोग करने वालों का भी उद्देश्य यह होना चाहिए कि अप्रचलित तथा कठिन शब्दों का तब तक प्रयोग न किया जाय जब तक अन्य किसी शब्द द्वारा प्रयोजन सिद्ध न होता

हो । विशेषतः अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी के प्रसार और प्रचार के प्रति अत्यन्त उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए । ऐसा करना कोई कायरता नहीं, बल्कि समर्थ व्यक्ति की विशुद्ध उदारता है । हिन्दी का प्रयोग करने वालों को भी पूर्ण संयम और समझ से काम लेना चाहिए । हिन्दी को सरल, समृद्ध बनाने तथा उसके अधिकाधिक प्रयोग की दृष्टि से अन्य भाषाओं से ऐसे शब्द निस्संकोच स्वीकार कर लेने चाहिए जिनमें हिन्दी के किसी विशिष्ट भाव की अभिव्यक्ति अधिक पूर्णता तथा प्रभावोत्पादकता हो सके । आज की विकसित अंग्रेजी और सरकारी कामकाज में उसकी उपयुक्तता के पीछे यही कारण है कि अंग्रेजी में अन्य भाषाओं के अन्य अनेकों शब्द घुलमिल गये हैं जिनमें पूर्ण तथा प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति की क्षमता अधिक है ।

प्रकरण ७

सारलेखन

सारलेखन का अभिप्राय किसी बात को संक्षेप में कहने या लिखने से है । दो-तीन पृष्ठों की किसी घटना को केवल एक पैराग्राफ में कह देना ही सारलेखन है । समय की बचत की दृष्टि से व्यापारिक तथा सरकारी दोनों क्षेत्रों में सारलेखन का अपना महत्त्व है ।

सारलेखन का प्रयोजन यह होता है कि उच्च अधिकारियों को सारा का सारा पत्र-व्यवहार न पढ़ना पड़े और केवल तत्सम्बन्धी सार के आधार पर ही निर्णय या आदेश दिये जा सकें । वस्तुतः संक्षेप प्रस्तुत करने में पत्र-व्यवहार का समूचा विस्तार समाहित हो जाना चाहिए । संक्षेप की विशेषता केवल उसका संक्षिप्त रूप ही नहीं है, बल्कि उसके साथ-साथ मूल सामग्री के सभी महत्त्वपूर्ण भावों एवं विषयों का सार भी होता है । सारलेखन का महत्त्व इसलिए अधिक है कि थोड़े से थोड़े समय में अधिक से अधिक सामग्री को समझ लिया जाता है ।

अतः सार तैयार करते समय पूरी सावधानी बरती जानी चाहिए तथा उसमें शुद्धता, सुस्पष्टता आदि गुणों का होना अत्यावश्यक है, जिनके अभाव में सार के प्रयोजन की पूर्ति नहीं हो सकेगी ।

सरकारी क्षेत्र में सारलेखन की उपयोगिता

सरकारी क्षेत्र में जहाँ समय की कमी के कारण अधिकारियों को पत्र-व्यवहार का विस्तार पूरी तरह पढ़ना असम्भव होता है, सारलेखन की आवश्यकता का अनुभव होता है । वे यह चाहते हैं कि जिन मामलों पर उन्हें निर्णय या आदेश देना

हो उसके सम्बन्ध में पूरी सामग्री थोड़े से थोड़े शब्दों में प्रस्तुत हो जाय, जिससे उन्हें विषय का शीघ्र और सही ज्ञान हो सके।

सारलेखन का महत्त्व केवल सरकारी क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पत्रकारिता, शिक्षा, न्यायालय आदि के क्षेत्रों में भी इसकी उपयोगिता छिपी नहीं है।

आदर्श सारलेखन की विशेषताएँ

(१) **संक्षिप्त अभिव्यक्ति**—सारलेखन की सबसे अधिक महत्वपूर्ण विशेषता उसका संक्षिप्त रूप है। मूल विषय को इस ढंग से प्रस्तुत किया जाना चाहिए कि उसके मुख्य भावों की संक्षिप्त अभिव्यक्ति हो सके। सारलेखक का कौशल इसी में है कि वह किस प्रकार विषय के विस्तार को सीमित और संक्षिप्त आकार में प्रस्तुत करे। इस सम्बन्ध में उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि मूल के मुख्य भावों की अभिव्यक्ति अवश्य ही की जाय।

(२) **भावों की क्रमानुसार अभिव्यक्ति**—अच्छे सारलेख की दूसरी विशेषता यह है कि मूल में निहित मुख्य भावों की अभिव्यक्ति क्रमानुसार की जाय। भावों की अभिव्यक्ति में यदि क्रम की उपेक्षा की गयी तो विचारों का क्रम टूट जायेगा और विषय वस्तु विशृंखल हो जायेगी। अतः आदर्श सारलेख तैयार करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि विचारों की अभिव्यक्ति के समय उसके क्रम में कोई गड़बड़ी न हो।

(३) **शुद्धता**—सारलेख में शुद्धता की ओर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। सारलेखन में मूल सामग्री के सभी मुख्य भाव मौजूद होने चाहिएँ और सारलेख में भी उन पर उतना ही महत्त्व दिया जाना चाहिए जितना कि मूल सामग्री में दिया गया है।

(४) **सुस्पष्टता**—संक्षेप में लिखने का उद्देश्य यही होता है कि उसको पढ़कर विषय-वस्तु को पूर्णतः समझ लिया जाय। अतः आदर्श संक्षेप इतना स्पष्ट होना चाहिए कि मूल सामग्री की तनिक भी सहायता लिये बिना सारी बात स्पष्ट हो और इस उद्देश्य के लिए सार में ऐसे शब्दों और वाक्यांशों का प्रयोग करना चाहिए जिनसे अर्थ की अभिव्यक्ति साफ तौर से हो सके। सरकारी कामकाज में तो इस बात का महत्व और भी बढ़ जाता है। सारलेख इतना स्पष्ट होना चाहिए कि उसे समझने के लिए बौद्धिक कसरत करने की आवश्यकता न पड़े।

(५) **प्रवाह**—सार में प्रवाह होना उसकी एक अन्य विशेषता है। असम्बद्ध और विशृंखल शब्दों और वाक्यंशों के प्रयोग के सार के मूल प्रयोजन का हनन होता है।

(६) **पूर्णता तथा बोधगम्यता**—सारलेखन की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता उसकी पूर्णता है। प्रत्येक सार स्वयं में पूर्ण होना चाहिए और मूल सामग्री की विषय-वस्तु को समझने के लिए पर्याप्त समर्थ होना चाहिए। इसके साथ-साथ सारलेखक को

ऐसी भाषा और शैली का प्रयोग करना चाहिए जो सामान्यतः बोधगम्य हो हालाँकि सारलेखन में शब्द-सौन्दर्य का भी अपना महत्व है किन्तु किसी विशेष शब्द के प्रति सारलेखक की आसक्ति होने के कारण उसके अनावश्यक प्रयोग से भी बचना चाहिए। अनुपयुक्त और अनावश्यक शब्द चाहे सुन्दर ही हों, मूल सामग्री की विषयवस्तु के समझने में रुकावट उत्पन्न करते हैं।

सारलेखन के गुण

सारलेखन मुख्यतः दो प्रकार के विषयों का होता है : (१) कोई भी स्वतन्त्र सामग्री, (२) पत्र-व्यवहार आदि। उक्त दोनों विषयों में से किसी एक का सारलेख तैयार करते समय सारलेखक को आदर्श सारलेखक की विशेषताएँ ध्यान में रखनी चाहिएँ। उसकी सफलता इसी में है कि उसके द्वारा तैयार किया गया सारलेख अपने में आदर्श हो। ऐसा करने के लिए सारलेखक में निम्नवर्ती तीन बातें अवश्य होनी चाहिए —

१. गम्भीर अध्ययन तथा शीर्षक चयन—योग्य सारलेखक में इतनी क्षमता होनी चाहिए कि वह समूची सामग्री से महत्त्वपूर्ण बातों का चयन कर सके तथा इसका निर्णय कर सके कि सारलेखन में उनको किस क्रम से रखा जाय। इसके साथ-साथ उसे यह भी निर्णय करना होगा कि सारलेख में कौन-सी बात पर अधिक महत्त्व देना है और किसको गौण या नगण्य समझना है सारलेख तैयार करते समय सबसे पहले एक शीर्षक का निश्चय करना होता है और योग्य सारलेखक की सफलता इसी में है कि वह मूल सामग्री का गम्भीर अध्ययन करके, उसके प्रत्येक शब्द, वाक्यांश से प्रकट होने वाले भावों को दृष्टिगत रखते हुए एक ऐसे उपयुक्त शीर्षक का चयन करे, जिसके उच्चारण मात्र से सारलेख में निहित आधारभूत विषयवस्तु का ज्ञान हो सके। सारलेख का मुख्य आशय उसके शीर्षक से सुस्पष्ट होना चाहिए।

२. संक्षिप्तीकरण करने की क्षमता—संक्षिप्त रचना-शक्ति का होना सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है और इसके लिए अभ्यास तथा प्रतिभा की आवश्यकता है। निरन्तर अभ्यास तथा विस्तृत सामग्री को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करने के प्रति जागरूक रहने से इस गुण का विकास सम्भव है।

३. भाषा का ज्ञान—सारलेखन, अनुवाद, पत्र-व्यवहार आदि सभी के लिए मूल की भाषा का पूरा ज्ञान होना आवश्यक है। यदि भाषा का ज्ञान अपूर्ण या अल्प होगा तो मूल सामग्री को ही नहीं समझा जा सकता तथा उसमें प्रयुक्त मुहावरों आदि का समझना तो नितान्त असम्भव है। ऐसी स्थिति में आदर्श सारलेख का तैयार करना, उसके लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन करना, संक्षिप्त रूप से तथा क्रमानुसार भावों को प्रकट करना किसी भी दशा में सम्भव नहीं हो सकता। भाषा का केवल

ऊपरी ज्ञान सारलेखन के लिए पर्याप्त नहीं समझा जा सकता । अत: योग्य सारलेखक में मूल सामग्री का गम्भीर अध्ययन करके उपयुक्त शीर्षक चयन करने तथा संक्षिप्त रूप से भावों को प्रकट करने की क्षमता के अतिरिक्त, भाषा पर पूरा अधिकार भी होना आवश्यक है ।

सारलेख कैसे तैयार किया जाय

सारलेखन दो प्रकार का होता है : (१) स्वतन्त्र सामग्री तथा (२) पत्र-व्यवहार। पत्र-व्यवहार का सार तैयार करने के लिए भी दो प्रकार की पद्धतियाँ निर्धारित हैं : (२) प्रवाह संक्षेप तथा (२) तालिका संक्षेप । प्रवाह संक्षेप में पत्रों का क्रमानुसार संक्षिप्त वर्णन किया जाता है, लेकिन तालिका संक्षेप में एक तालिका के रूप में पत्रों का संक्षेप तैयार किया जाता है । इस प्रकार के संक्षेप में निम्नवर्ती तालिका का प्रयोग उपयुक्त रहता है—

क्रमांक	पत्र की क्रम संख्या तथा तारीख	प्रेषक का नाम तथा पता	संक्षिप्त विषय वस्तु

तालिका सारलेख (Tabular summary) में प्रस्तावों, वक्तव्यों, भाषणों, मसौदों, समाचारों, आदेशों तथा रिपोर्टों आदि का सारलेख एक तालिका के रूप में तैयार किया जाता है ।

स्वतन्त्र सामग्री का संक्षेप तैयार करते समय सामान्य वर्णनात्मक शैली का प्रयोग किया जा सकता है ।

निम्न सुझाव आदर्श सारलेख तैयार करने में बहुत सहायक सिद्ध हो सकते हैं—

(१) सबसे पहले मूल सामग्री का अध्ययन करना चाहिए और ऐसा करते समय सारलेखक का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह मूल सामग्री के आधारभूत आशय को अच्छी तरह समझ ले । सारलेखक के लिए सम्पूर्ण सन्दर्भ की मुख्य बातें, उसका मुख्य आशय तथा प्रत्येक शब्द और वाक्यांश सुस्पष्ट होने चाहिएँ ।

(२) मूल सामग्री का अध्ययन करते समय जो कुछ महत्त्वपूर्ण और आवश्यक प्रतीत हो उसे रेखांकित (Underline) कर दीजिए । इस प्रकार रेखांकित के साथ-साथ उन पर क्रमानुसार नम्बर भी डाल दीजिए ताकि सार तैयार करते समय कोई भी महत्त्वपूर्ण भाव भूला न जा सके ।

(३) इसके पश्चात् सभी रेखांकित भावों को क्रमानुसार रखते हुए एक खाका सा (Rough draft) तैयार कर लीजिए । ऐसा करते समय यह ध्यान रखिए कि कोई भी रेखांकित भाव छूटे नहीं ।

(४) इस प्रकार का एक खाका बना लेने पर सारलेखक को एक उपयुक्त शीर्षक का चुनाव करना चाहिए। शीर्षक सारलेख का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अंग है, अतः इसका चुनाव करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि चुने गये शीर्षक के उच्चारण मात्र से सारलेख के असली आशय का पूरा ज्ञान तत्काल हो सके।

(५) उपयुक्त शीर्षक का चयन करने के पश्चात् सारलेखक को मूल सामग्री में निहित भावों की एक क्रमानुसार सूची तैयार कर लेनी चाहिए और इसके साथ-साथ मन ही मन यह भी निर्णय कर लेना चाहिए कि कौन-सी बात पर अधिक बल देना है और किसे नगण्य समझ कर छोड़ देना है।

(६) सारलेखन का आरम्भ ऐसे ढंग से करना चाहिए कि आगे की स्थिति स्पष्ट हो सके। सारलेख का प्रारम्भिक वाक्य ही ऐसा होना चाहिए कि पाठक को आगे की बात का पूरा और सही ज्ञान हो सके। उदाहरणतः यदि श्री जवाहरलाल नेहरू के किसी वक्तव्य का सारलेख तैयार करना हो तो उसका पहला वाक्य कुछ-कुछ ऐसा होना चाहिए—

जनवरी १९६१ में कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्यों से खाद्य समस्या पर चर्चा करते हुए श्री जवाहरलाल नेहरू ने यह कहा कि······

(७) सारलेख के आकार के सम्बन्ध में कोई विशेष नियम लागू नहीं होता। फिर भी यह एक सामान्य सिद्धान्त है कि यदि सारलेख के लिए शब्दों की संख्या का कोई बन्धन नहीं दिया गया है तो सारलेख कुल मूल सामग्री से एक-तिहाई होना चाहिए। मूल सामग्री को संक्षिप्त रूप देते समय निम्न सुझाव सहायक हो सकते हैं—

(क) सभी अनावश्यक विशेषणों तथा क्रिया-विशेषणों को छोड़ा जा सकता है।

(ख) जिन भावों या विचारों को बार-बार दोहराया गया है, उन्हें केवल एक बार ठीक ढंग से कह देने से काम चल सकता है।

(८) सारलेख तैयार करते समय यथासम्भव अपनी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। सारलेख में मूल सामग्री के केवल ऐसे शब्दों को स्थान मिलना चाहिए जो या तो तकनीकी या वैज्ञानिक हों या उनका पर्याय दुर्लभ हो। इसके अतिरिक्त व्यक्तियों, शहरों आदि के नाम भी सारलेख में ज्यों के त्यों रखे जाने चाहिएँ।

(९) सारलेख तैयार करते समय ऐसी कल्पना कभी न कीजिए कि अमुक बात तो सम्बन्धित अधिकारी को पता होगी ही। वस्तुतः जिस अधिकारी के विचारार्थ आप सारलेख तैयार कर रहे हैं वह तो आपके सारलेख को ही पढ़ेगा और उसी के आधार पर अपना निर्णय देगा। यह समझ लेना कि अमुक तथ्य तो अधिकारी जानता ही है, उचित नहीं। अतः जो कुछ भी विषय से इतर या सम्बन्धित नहीं है छोड़ दीजिए।

(१०) यह ध्यान रखिए कि सारलेख में अपने विचार या सम्मति प्रकट

कीजिए। आदर्श सारलेखक को बहुत कुछ एक निष्पक्ष प्रवक्ता का काम करना होता है और उसमें उसकी व्यक्तिगत रुचि या अरुचि का प्रश्न नहीं उठता।

(११) सारलेख की भाषा ऐसी होनी चाहिए कि उसके माध्यम से भावों की स्पष्ट और सीधी अभिव्यक्ति हो सके। अत्यधिक कठिन या बिलकुल गँवारू भाषा का प्रयोग उपयुक्त नहीं होता। प्रयोग किये जाने वाले शब्दों में भी अर्थ-अभिव्यक्ति की इतनी क्षमता होनी चाहिए कि भावों का विस्तार उनमें पूरी तरह समा जाय।

(१२) मूल सामग्री के प्रत्येक भाव या विचार को पृथक् अनुच्छेद में प्रकट किया जाना चाहिए।

(१३) भाव की स्पष्ट और सीधी अभिव्यक्ति के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार विराम-चिह्नों का प्रयोग किया जा सकता है। किन्तु ऐसे प्रयोग के प्रति पूरी सतर्कता बरती जानी चाहिए। यूँ तो भावों की अभिव्यक्ति की दृष्टि से विराम चिह्नों के प्रयोग का अपना महत्त्व है, किन्तु सारलेख में तो विराम-चिह्नों के प्रति तनिक भी लापरवाही अर्थ का अनर्थ कर देती है। अतः योग्य सारलेखक से यह आशा की जाती है कि वह विराम-चिह्नों के प्रयोग के प्रति यथोचित ध्यान दे।

परिशिष्ट

प्रशासनिक पत्र-व्यवहार में प्रयोग किये जाने वाले वाक्यांश तथा उनके हिन्दी पर्याय

A

Above citede/above quoted	ऊपर उद्धृत, ऊपर दिया हुआ
Above mentioned (said)	उपर्युक्त, उपरिलिखित, ऊपर कहा गया
Above given	उपरिलिखित
Abstract statement of cases disposed of	निपटाये गये प्रकरणों का संक्षिप्त विवरण
A brief resume of the case is given in the ensuing paragraphs	इस मामले का संक्षेप सार नीचे के पैराग्राफों में दिया जा रहा है
Accord sanction	मंजूरी दीजिए
Acknowledge receipt of this office letter dated	इस कार्यालय के पत्र, दिनांक······ की पावती भेजिए
A chronological summary of the case is placed below	इस मामले का तिथिवार सारांश नीचे दिया है
Action may be taken as proposed	यथा प्रस्तावित कार्रवाई की जाय
Action as desired	इच्छित कार्रवाई
Action as at 'A' above	'क' में प्रस्तावित कार्रवाई कीजिए
A copy of the decision taken in this case forwarded herewith for information / guidance/ action/compliance/reply	इस प्रकरण (मामले) में लिये गये निर्णय की एक प्रति सुचना/संदर्शन/ कार्रवाई/अनुपालन/उत्तर देने के लिए प्रेषित की जा रही है
Adjourned sine die	अदिन स्थगित
Admission with permission	आज्ञा लेकर भीतर आइए
Administrative approval may be obtained	प्रशासनीय अनुमोदन प्राप्त किया जाय

Administrative functions/action	प्रशासनीय कृत्य/कार्रवाई
All concerned to note	सम्बन्धित व्यक्ति इसे ध्यान में रखें
Allocation of Accounts	लेखा-विनिधान
Allotment of funds	धनदिष्टि, धन प्रदेशन, धन नियतन
Appear for interview	समक्ष भेंट/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होइए
Application may be rejected	आवेदन अस्वीकार किया जाय
Approved as proposed	यथा प्रस्तावित अनुमोदित
'A' of page 6 ante and 'B' of page 6/N	पूर्व पृष्ठ ६ का 'क' और पृष्ठ ६/टि० का 'ख'
A revised statement is submited for perusal	पुनरीक्षित विवरण अवलोकनार्थ प्रस्तुत है
Arrear has to be cleared off	अवशेष/बाकी कार्य पूरा किया जाना है
As above	जैसा ऊपर दिया है
As directed	यथानिदेशित
As desired	यथावांछित
As early as possible	यथाशीघ्र
As far as possible	यथासम्भव
As far as practicable	यथाव्यवहार्य
As may be deemed fit	जैसा ठीक समझा जाय
As may be necessary	यथाआवश्यक
As modified	यथापरिष्कृत, यथासंशोधित
As per	के अनुरूप/पर से/पर का
As proposed at 'A'	यथा 'क' पर प्रस्तावित
As of right	साधिकार
As regards	के सम्बन्ध में
As required	यथाअपेक्षित
As the case may be	यथास्थिति, यथावस्था, यथाप्रसंग
As the circumstances of the case may require	जैसा कि प्रकरण की अवस्था-विशेष में अपेक्षित हो
A substantive proposal may be put forward to provide substitute as an interim arrangement	अंतरिम प्रबन्ध के रूप में उक्त स्थान पर प्रतिस्थानी की नियुक्ति के लिए मौलिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय

As usually done in such cases	ऐसे मामलों में जैसा प्रायः होता रहा है
At any rate	येन केन प्रकारेण, किसी भी दशा में
At par	सममूल्य पर
Attached to	......से संलग्न
Attention is invited to circular No.......dated......	परिपत्र सं...दिनांक...की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है
At the instance of the A. G.	महालेखाकार के अनुरोध से
Await further comments/report	और टीका/प्रतिवेदन की प्रतीक्षा कीजिए

B

Background of the case	मामले की पृष्ठभूमि
Based on	पर आधारित
Better accept the proposal	बेहतर है कि इस प्रस्ताव को मान लिया जाय
Bag to state	निवेदन है
Best of knowledge and belief	जहाँ तक मुझे पता है तथा विश्वास है
Biased opinion	पक्षपातपूर्ण मत
Bilateral agreement	द्विपक्षी करार
Break in service due to bad conduct	दुर्व्यवहार (दुराचरण) के कारण सेवा-क्रम भंग
Budget estimate/provision	बजट प्राक्कलन, अनुमान/व्यवस्था
By order of the Governor	राज्यपाल के आदेशानुसार
By return of post	लौटती डाक से
By virtue of office	पदेन
By the way	प्रसंगवश

C

Cancellation of allotment	नियतन रद्द करना
Case is closed now	प्रकरण के सम्बन्ध में कार्रवाई समाप्त हो चुकी है
Case is to be reviewed	प्रकरण पर फिर विचार करना है
Case should pend till	...तक मामला रोक रखा जाय
Certificate of fitness	आरोग्य पत्र
Certified copy	प्रमाणित प्रति

Channel of correspondence	पत्र-व्यवहार का मार्ग
Channal and antecedents of Govt. servents	सरकारी कर्मचारियों का चरित्र और पूर्ववृत्त
Circulate and then file	प्रसारित करके इसे फाइल किया जाय
Circumstances exist which render it necessary	ऐसी परिस्थितियां वर्तमान हैं जिनसे यह आवश्यक हो गया है कि
Come into force	लागू होना
Confidential record	गोपनीय अभिलेख
Consultation with F.D. is necsesary	वित्त विभाग से परामर्श आवश्यक है
Contempt of court	न्यायालय अवमान
Contention is untenable	तर्क असमर्थनीय है
Contributory provident fund	अंशदायी भविष्य निर्वाह निधि
Copy enclosed	प्रतिलिपि संलग्न है
Copy with a spare copy is forwarded for ready reference	प्रतिलिपि, एक अतिरिक्त प्रतिलिपि के साथ तत्काल सन्दर्भ के लिए प्रेषित है

D

Delay is regretted	विलम्ब के लिए खेद है
Departmental action	वैभागिक कार्रवाई
Deputation allowance	प्रतिनियुक्ति भत्ता
Deemed to be	समझा जाएगा
Disciplinary action	अनुशासनिक कार्रवाई
Discrepancy may be reconciled	विभेदों/भिन्नता का समाधान किया जाय
Discuss	विमर्श कीजिए
Draft as amended	यथासंशोधित आलेख्य/मसौदा
Draft for approval	अनुमोदनार्थ आलेख्य/मसौदा
Duplicate copy	अनुलिपि

E

Early orders are solicited	शीघ्र आदेशों की प्रार्थना है
Efficient and successful working	सुचारु एवं सफल कार्य-संचालन के लिए
Enquiry to be completed and report submitted	जाँच पूरी की जाय और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाय

Examine the proposals in the light of observation at 'A'	'क' में व्यक्त विचारों को दृष्टि में रखते हुए प्रस्तावों की परीक्षा कीजिए
Executive power	कार्यपालिका शक्ति
Ex-officio	पदेन
Expendite action	कार्यवाही शीघ्र करें
Explanation be called for	स्पष्टीकरण माँगा जाय
Ex-post facto Sanction	कार्योत्तर स्वीकृति
Expressly enjoined	प्रत्यक्ष विहित
Explanatory note	व्याख्यात्मक टिप्पणी
Extract should be taken	उद्धरण लिया जाना चाहिए
Explicitly told	स्पष्टतया बता दिया गया

F

Facts of the case may kindly be furnished failing which serious action will be taken	कृपया मामले के तथ्य भेज दें, जिनके न प्राप्त होने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी
Fair copy	स्वच्छ प्रति
Financial irregularities	वित्तीय अनियमितताएँ
For approval	अनुमोदन के लिए
For comments	टीकार्थ
Follow up action	अनुवर्ती कार्यवाही
For compliance	अनुपालनार्थ, अनुपालन के लिए
For disposal	निपटान के लिए निस्तारणार्थ
For enquiry and report	जाँच और प्रतिवेदन के लिए
For an expression of opinion	मत की अभिव्यक्ति के लिए
For perusal and return	अवलोकन करके लौटाने के लिए
For ready reference	तत्काल निर्देश के लिए
Forwarded and recommended	प्रेषित तथा अनुमोदित
Futher orders will follow	आगे और आदेश भेजे जाएँगे
Fresh Reseipt (F. R.)	नई आवती (न० आ०)

G

Government is of the opinion that	सरकार का मत है कि

Govt. consider it desirable that	सरकार वांछनीय समझती है कि
Grace period	अनुग्रह अवधि

H

Hard and fast rule	पक्का नियम
Held in abeyance	आस्थगित रखी गयी
Herewith enclosed	इसके साथ संलग्न है
Head of account	लेखा मद/लेखा शीर्ष

I

I am directed to	मुझे निदेश हुआ है कि
I am desired to	निवेदन है कि
I am desired to say	मुझे निवेदन करने के लिए कहा गया है
I beg to submit	निवेदन है कि
I have the honour	सादर
In continuation of my letter (or this office letter) N...dated···	अपने पत्र (अथवा इस कार्यालय के संख्या···, तारीख···के प्रसंग में
In confirmation of your letter	आपके पत्र की पुष्टि में
In compliance with the request contained in your letter	आपने अपने पत्र में जो प्रार्थना की थी, उसे स्वीकार करते हुए
In consequence	परिणामस्वरूप
In confirmation of	की पुष्टि में
In connection with	के सम्बन्ध में
In modification (or supersession) of the orders or instructions contained in your letter	आपके पत्र में जो आदेश/अनुदेश दिये गये थे, उनमें तरमीम (या उनका अतिलंघन) करते हुए
In anticipation of your sanction and approval	आपकी मंजूरी और अनुमति की प्रत्याशा में
In partial modification of your orders	आपके आदेशों में कुछ तरमीम/आंशिक संशोधन करते हुए
In pursuance of the policy	नीति के अनुसार
In response/in reply to your letter	आपके पत्र के उत्तर में/निर्णय के समर्थन में
Instructions are awaited	में अनुदेशों की प्रतीक्षा है
In supersession of	···का अवक्रमण करके
In support of	···के समर्थन में

In this connection I have to state	इस सम्बन्ध में मुझे कहना है कि
In the course of time	कालात्
In the inrerest of public service	लोक सेवा के हित में
In the light of the facts mentioned above	उक्त तथ्यों के आधार पर
Is referred to	....को निर्दिष्ट है
Issue as modified	यथापरिष्कृत पत्र जारी कीजिए
Issue immediate reminder in this matter	इस मामले में तत्काल अनुस्मारक (तकाजा) भेजिए
It has since been decided	पहले से यह निश्चय किया गया है कि
It may further be added	इसके बारे में यह और लिखना है कि
Its issue is authorised	इसे जारी किया जा सकता है
It will be appreciated if	बड़ी कृपा होगी यदि/बड़ा उपकार होगा यदि

J

Just below	ठीक नीचे
Joined duty	कार्यभार ग्रहण किया, काम पर आया
Judgment in appeal	अपील का निर्णय
Justification for the proposal	इस प्रस्ताव का औचित्य

K

Keep in abeyance	मुल्तवी रखा जाय
Keep the case pending	मामला निलम्बित रखा जाय
Keep with the file	इसे पत्रावली/फाइल में रखिए
Kindly refer to my D. O. letter No......dated........	कृपया मेरा अर्ध-सरकारी पत्र संख्या... दिनांक...देखिए

L

Lay before	सामने रखना
Last pay certificate of the employee may be issued	सम्बन्धित कर्मचारी का अन्तिम वेतन-प्रमाण-पत्र जारी किया जाय
Let appointing department be consulted	नियुक्ति विभाग से परामर्श करें

M

Made to order — आदेशानुसार निर्मित
Maintenance of discipline — अनुशासन बनाये रखना
(To) Make interim arrangements — अन्तर्कालीन प्रबन्ध करना
Make reference to the personnel branch on the marginally noted point — पार्श्वलिखित विषय में कार्मिक शाखा को लिखिए
Matter is under consideration — विषय विचाराधीन है
Memorandum under reference — निर्देशित ज्ञापन

N

Needful, Do the — आवश्यक कार्यवाही करें
No action necessary. File — कोई कार्रवाही आवश्यक नहीं है। नत्थी कीजिए
Notes and orders passed at page...... — पृष्ठ...पर आदेश और टिप्पणियाँ निर्दिष्ट कर दी गयी हैं।
Null and void — व्यर्थ और विफल, प्रवृत्तिहीन

O

Objections have been dealt with — आपत्तियों पर विचार कर लिया गया है
Observations made above — ऊपर कही गयी बातें
Obliged, I shall be — मैं अनुगृहीत होऊँगा
Obtain formal sanction — औपचारिक स्वीकृति प्राप्त कीजिए
On the advice of — की सलाह पर
On the contrary — इसके विपरीत
On the other hand — प्रत्युत्
On relief by — द्वारा पदमुक्त किये जाने पर

P

Paper for disposal — निपटाने के लिए कागज
Personal attention is required — वैयक्तिक ध्यान की आवश्यकता है
Please discuss after acknowledging receipt — पावती भेजने के वाद कृपया विमर्श कीजिए
Please give top priority to this case — कृपया इसको सर्वाधिक प्राथमिकता दीजिए

Please put up with previous papers	कृपया पहले के कागजों के साथ पेश (प्रस्तुत) कीजिए
Please take a special note	कृपया इस पर विशेष ध्यान दीजिए
Please refer to endorsement No....	कृपया पृष्ठांकन संख्या···देखिए
Please treat it as most urgent	कृपया इसे अत्यन्त आवश्यक समझिए
Please hand over charge to Shri......	कृपया श्री···को कार्यभार सौंपिए
Post Script (P. S.)	पुनश्च/पश्चलेख
Practically experienced	प्रयोग निपुण
Preference, in order of	अधिमानक्रम से
Provision shall apply Mutatis Mutandis	उपबन्ध यथोचित परिवर्तन सहित लागू होगा
Put up accordingly	तदनुसार प्रस्तुत कीजिए

Q

Quoted below	नीचे उद्धृत

R

Receipt, acknowledge	प्राप्ति स्वीकार कीजिए
Recognition already granted will be withdrawn	पहले दी गयी मान्यता वापस ले ली जायगी
Reimbursement of medical charges be made	चिकित्सा-व्यय की प्रतिपूर्ति की जाय
Reject it advising Financial in-discrepencies	वित्तीय अड़चनों के बारे में बताते हुए इसे अस्वीकृत कीजिए
Relieving and joining report will be awasted	भार-मुक्ति और कार्य-ग्रहण रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जाय
Remarks, adverse	प्रतिकूल अभ्युक्तियाँ
Reinstated in service	नौकरी बहाल की गई
Returned dully endorsed	यथोचित पृष्ठांकन के बाद लौटाया गया
Remain in force	लागू रहना
Removed from office	पदच्युत
Reply not yet received	उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ
Retrospective effect	पश्चात्‌दर्शी प्रभाव, अनुदर्शी प्रभाव, भूत लक्षी प्रभाव

Ruling from the court should be obtained	कचहरी से नियम/निर्णय प्राप्त की जानी चाहिए/कीजिए

S

Sanctioned as proposed	यथाप्रस्तावित स्वीकृत
Seen and passed on to	देख लिया, को भेज दिया
Speak and put up self-contained note	बात करें और स्वतः-पूर्ण-टिप्पणी प्रस्तुत करें
Subject to the approval of	अनुमोदन उपाश्रित
Submitted for information/orders approval/perusal	सूचनार्थ/आदेशार्थ/अनुमोदनार्थ/अवलोकनार्थ प्रस्तुत
Submitted with reference to the orders on the previous page	पूर्व पृष्ठ पर आदेश के उल्लेख के साथ प्रस्तुत किया

T

Take for granted	मान लेना
Temperate and courteous language	संयत और विनीत भाषा
Tentative proposal	परीक्षणार्थ प्रस्ताव, अनुभूत्यर्थ प्रस्ताव
Territorial jurisdiction	प्रादेशिक क्षेत्राधिकार
The undersigned is directed to	अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को निदेश हुआ है कि
This is to inform	सूचना दी जाती है
This is with reference to your previous letter	यह आपके पूर्व पत्र के प्रसंग में भेजा जा रहा है
The question at issue	विवादवस्तु, विवाद विषय
There is no reason to interfere	हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं
There is no course to modify the orders already passed	जो आज्ञा दी जा चुकी है उसमें संशोधन करने का कोई कारण नहीं है
This is to bring to your kind notice	यह आपको ध्यान दिलाने के लिए है
Till further orders	अन्य आदेश होने तक
To the contrary	इसके विपरीत

U

Under cosideration	विचाराधीन
Under mentioned	निम्नलिखित

Under intimation to this office	इस कार्यालय को सूचना देते हुए
Under paragraph	अनुच्छेद के अधीन
Under required	अविलम्ब अपेक्षित

V

Vested interest	निहिताधिकार
Verification of antecedents is urgently required	पूर्व वृत्त का सत्यांकन अविलम्ब अपेक्षित है
Verified and found correct	पड़ताल की और ठीक पाया
Vide note no the order sheet	आदेश-पत्र पर लिखी टिप्पणी के अनुसार
Voted expenditure	मतदेय व्यय

W

We are not concerned with this	इसका हमसे सम्बन्ध नहीं है
Will you please refer to your D. O. letter No...Dated... regarding	कृपया····के बारे में लिखे अपने अ० स० (अर्ध सरकारी) पत्र संख्या··· तारीख····की ओर ध्यान दें
With respect to	के संबंध में
With permission to prefix and suffix	पहले और बाद में जोड़ने की अनुमति सहित
Without any further reference	आगे और उल्लेख किये बिना
With reference to the correspondence resting with (or ending with) your (This Ministry's) Letter No...dated......	आपके (इस मन्त्रालयके) पत्र संख्या ···दिनांक····के साथ रुके हुए या समाप्त होने वाले) पत्र-व्यवहार का हवाला देते हुए
Whichever is earlier	जो भी पहले हो

Y

Yours faithfully	आपका विश्वासभाजक/भवदीय
Yours Sincerely	आपका सद्भावी/आपका
Yours truly	आपका

परिशिष्ट II

प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले कुछ प्रारूपों/फार्मों के नमूने

1. Orders of Posting

D. G. S. & D.

ADMN. SECTION

Shri..................,..................is posted to...............Section with effect from...............F.N./A.N.

2. Shri..................may please be relieved and directed to report to Admn. Section immediately.

S, O. (Admn.)

Section

Admn. Section.

१. कार्य पर भेजने का आदेश

सम्भरण तथा निपटान महानिदेशालय

प्रशासन अनुभाग

श्री.........................., ...

को दिनांक...................(पूर्वाह्न/अपराह्न) से......................अनुभाग में नियुक्त किया जाता है।

२. कृपया श्री............को भार मुक्त कर दिया जाय तथा प्रशासन अनुभाग में तत्काल रिपोर्ट करने के लिए कहा जाय।

अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)

अनुभाग

प्रशासन अनुभाग

2. Forwarding of Applications for Typewriting Tests to the U. P. S. C.

INDIAN POSTS AND TELEGRAPHS DEPARTMENT OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL POSTS AND TELEGRAPHS

No. 39- /6 Admn. Dated, New Delhi the 196

To,

The Secretary,
Union Public Service Commission,
Dholpur House, **New Delhi.**

Sub. Monthly (English) Typewriting Tests in respect of the staff of the Secretariat, its Attached Offices at Centre.

Sir,

I am directed to forward herewith, applications in the Prescribed form, from the undermentioned officials of the P. & T. Directorate for admission to the English/Hindi Typewriting Test :—

1.
2.
3.
4.

Yours faithfully.
Asstt. Director General (Admn.)

DA...............

२, टाइपराइटिंग के आवेदन पत्रों को संघ लोक सेवा आयोगों को भेजना

भारतीय ताक-तार विभाग
डाक-तार महानिदेशालय

क्रमसंख्या ३६- ६ प्रशासन नई दिल्ली, दिनांक

सचिव,
संघ लोक सेवा आयोग।
धौलपुर हाउस, नई दिल्ली।

विषय : दिल्ली केन्द्र में सचिवालय तथा उसके संलग्न कार्यालयों के कर्मचारी वर्ग के लिए अंग्रेजी टाइपराइटिंग की मासिक परीक्षा।

महोदय,

(र० मूलचन्दानी)

श्री वी० मोहन,
कल्याण अधिकारी,
डाक-तार महा अध्यक्ष पटना का कार्यालय,
पटना।

अर्द्ध-सरकारी पत्र का दूसरा नमूना

अर्द्ध-सरकारी पत्र, क्रमसंख्या 4-4-61-निर्माण

भारत सरकार
निर्माण तथा आवास मन्त्रालय,

नई दिल्ली दिनांक 6 अगस्त '60

हरिहर शर्मा
अवर सचिव

प्रिय श्री सूर्यवंशजी,

आपके विभाग के अधीन चालू निर्माण कार्यों को निर्धारित अवधि तक पूरा करने के उद्देश्य से आपके कार्यालय से निम्नवर्ती विवरण माँगा गया था—

१. चालू निर्माण कार्य का संक्षिप्त व्यौरा,
२. अनुमानित लागत,
३. कितना काम पूरा हो चुका है,
४. क्या काम के निर्धारित तारीख तक समाप्त होने की आशा है,
५. यदि उक्त '४' का उत्तर नकारात्मक है तो आपके सुझाव ।

खेद है कि इस सम्बन्ध में अपेक्षित विवरण अभी तक नहीं भेजा गया है ।

कृपया व्यक्तिगत रूप से इस ओर ध्यान देने का कष्ट करें तथा अपेक्षित विवरण यथा शीघ्र भिजवाएं ।

आपका,

(हरीहर शर्मा)

श्री सूर्यवंश माथुर,
सहायक इंजीनियर,
लोक निर्माण विभाग,
लखनऊ

६. अनौपचारिक टिप्पणी (Unofficial Note)

गृह मन्त्रालय

विषय : पहचान-पत्र का गुम हो जाना/खो जाना/नष्ट हो जाना/चोरी हो जाना।

अभी तक इस सम्बन्ध में नियम यह है कि यदि किसी कर्मचारी का पहचान-पत्र गुम हो जाय या खो जाय या नष्ट हो जाय या चोरी हो जाय तो उसे तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करा देनी चाहिए, ताकि उस पहचान-पत्र का दुरुपयोग न किया जा सके। साथ ही खजाने में 5/-रुपये का शुल्क भी जमा कर देना चाहिए।

इस मन्त्रालय के श्री वंशीधर अनुभाग अधिकारी से, जो इसी महीने की 21 तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनका पहचान-पत्र खो गया है। स्पष्ट है कि एक सप्ताह पश्चात् वह सेवानिवृत्त हो जायेंगे, उन्हें अपने पहचान-पत्र की आवश्यकता नहीं रहेगी। अब भी वह सेवानिवृत्त-पूर्व छुट्टी पर हैं। प्रश्न यह है कि क्या उनके मामले में भी उक्त नियमों का पालन किया जाय या इसे एक विशेष मामला समझ कर उन्हें अपना पहचान-पत्र प्रस्तुत करने के लिए बाध्य न किया जाय।

यदि विधि मन्त्रालय इस सम्बन्ध में अपनी सलाह दे सके तो यह मन्त्रालय कृतार्थ होगा।

विधि मन्त्रालय (वापसी/न वापसी)

वापसी/न वापसी स्थिति अनुसार काट दीजिए)
गृह मन्त्रालय अ० टि० क्रमसंख्या............
दिनांक............

....
अवर सचिव
टेलीफोन नम्बर.........

अनौपचारिक टिप्पणी का दूसरा नमूना

रेल मन्त्रालय

(हिन्दी अनुभाग)

विषय : प्रवीण, प्राज्ञ परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को नकद पारितोषिक देने की योजना।

गृह मन्त्रालय को ज्ञात होगा कि रेल विभाग के कर्मचारियों में से बड़ी संख्या ऐसे कर्मचारियों की है जो दिन में कार्यालय समय के दौरान हिन्दी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सकते। रेल कर्मचारियों में से कुछ वर्गों के कर्मचारियों को तो लगातार 2-3 दिन या इससे भी अधिक समय के लिए मुख्यालय से बाहर रहना पड़ता है। संक्षेप में वे हिन्दी प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं उठा सकते।

अतः रेल विभाग अपने कर्मचारियों को पृथक् रूप से प्रोत्साहन देने के लिए नकद पारितोषिक देने की एक नई योजना चलाना चाहता है, जिससे कि रेल कर्मचारियों को हिन्दी सीखने में रुचि उत्पन्न हो सके।

अब तक हालांकि इस योजना को अन्तिम रूप नहीं दिया जा सका है, फिर भी यदि आप इस सम्बन्ध में अपने विचार भेज सकें तो कृपा होगी।

....

अवर सचिव, भारत सरकार

टेलीफोन नम्बर.........

दिनांक

गृह मन्त्रालय

रेल मन्त्रालय अ० नो० क्रमसंख्या 6/11/63-हिन्दी दिनांक 4/8/62

७. पृष्ठांकन (Endorsement)

क्रमसंख्या............

भारत सरकार

..........मन्त्रालय

नई दिल्ली दिनांक............

निम्नलिखित पत्रों की एक प्रति सूचना तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए।

या

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए।

या

आवश्यक विचार के लिए।

या

सूचना तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए उनके क्रमसंख्या·········दिनांक ···············के पत्र के प्रसंग में।

या

कर्मचारी वर्ग सूचनार्थ························को।

प्रेषित की गई।

१. सहायक महानिदेशक (प्रशासन)
२. ································
३. ································

अवर सचिव भारत सरकार

८. अधि सूचना (Notification)

भारतीय राजपत्र के भाग 1 खण्ड 2 में प्रकाशन के लिए

भारत सरकार
संचार विभाग
डाक-तार बोर्ड

नई दिल्ली दिनांक 8 जनवरी 1964

अधि सूचाना

क्रमसंख्या 2-108/63-वर्कशाप

राष्ट्रपति ने दूसरे आदेश होने तक सामान्य असैनिक सेवा की श्रेणी II के निम्नवर्ती सहायक इंजीनियरों (वर्कशाप) को उनके नाम के सामने दी गई तारीख से सामान्य असैनिक सेवा की श्रेणी I के अवर वेतनक्रम में स्थानापन्न रूप के, सहायक प्रबन्धक के रूप में नियुक्त किया है—

नाम	**नियुक्ति की तरीख**	**डाक तार वर्कशाप**
1. श्री एन० वासवानी	11 दिसम्बर 1963	तार वर्कशाप, जबलपुर,
2. श्री पी० रामकृष्णन	8 अक्तूबर 1963	·········वही·········
3. श्री आर० भास्करन	13 नवम्बर 1963	तार वर्कशाप, कलकत्ता

सहायक निदेशक

सहायक प्रबन्धक-(तकनीकी)
भारत सरकार मुद्रणालय,
फरीदाबाद

६. संकल्प (Resolution)

भारतीय राजपत्र के भाग 1 खण्ड I में प्रकाशनार्थ

भारत सरकार

सूचना तथा प्रसारण मन्त्रालय

नई दिल्ली दिनांक 18 फरवरी 1962

संकल्प

पिछले कुछ समय से भारत सरकार इस प्रश्न पर विचार कर रही है कि आकाशवाणी में प्रयोग की जाने वाली हिन्दी का क्या रूप हो, इस सम्बन्ध में जाँच-पड़ताल करने तथा सरकार की मुख्य सिफारिशों को प्रस्तुत करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने का निश्चय किया गया है। इस समिति में सरकारी और गैर सरकारी दोनों प्रकार के सदस्य होंगे।

२. श्री आदित्यनाथ झा इस समिति के अध्यक्ष होंगे।

३. यह समिति निम्न बातों पर विचार करेगी—

क............

ख............

आदेश : आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक-एक प्रति निम्नलिखित को भेज दीजिए—

....

....

यह भी आदेश दिया गया कि जन-साधारण की जानकारी के लिए यह संकल्प भारतीय राजपत्र में भी प्रकाशित कर दिया जाय।

(राम विनायक सिंह)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

संकल्प का दूसरा नमूना

भारतीय राजपत्र के भाग 1 खण्ड I में प्रकाशनार्थ

क्रमसंख्या 8/9/60-निर्माण

भारत सरकार

निर्माण तथा आवास मन्त्रालय

नई दिल्ली 22 अगस्त 1963

संकल्प

देश भर में और विशेषतः दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता तथा मद्रास जैसे भीड़ भरे शहरों में सरकारी कर्मचारियों की आवास समस्या को हल करने के उद्देश्य से

भारत सरकार कुछ समय से 'अपना मकान बनाओ' योजना चालू करने के प्रश्न पर विचार कर रही है। अब इस योजना को अन्तिम रूप देने के लिए एक ऐसी समिति के बनाने का निश्चय किया गया है जिसमें सरकारी अधिकारियों के अतिरिक्त प्रतिष्ठित गैर सरकारी इंजीनियर भी सदस्य होंगे।

यह समिति केन्द्रीय आवास तथा निर्माण मन्त्रालय के माननीय मन्त्री की अध्यक्षता में कार्य करेगी।

आदेश : आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक-एक प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित की जाय—

....

....

....

यह भी आदेश दिया गया कि सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह संकल्प भारतीय राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाय।

(राजेन्द्र बहल)
संयुक्त सचिव भारत सरकार

१०. प्रेस विज्ञप्ति (Press Communique)

प्रेस विज्ञप्ति

मंगलवार, दिनांक 8 अक्तूबर 1964 को सायंकाल 5 बजे से पूर्व
प्रकाशित या प्रसारित न किया जाय।

विषय : भारत और जापान के मध्य राजनयिक सम्बन्ध

भारत सरकार और जापान सरकार इस बात पर सहमत हो गई है कि दोनों सरकारों के दूतावासों के स्तर पर मित्रतापूर्ण सम्बन्ध स्थापित किये जायें। इस व्यवस्था से यह आशा है कि दोनों देशों में परस्पर सम्बन्ध और भी अधिक सुदृढ़ हो जायेंगे, जो दोनों के लिए लाभकारी होंगे।

मुख्य सूचना अधिकारी प्रेस सूचना ब्यूरो नई दिल्ली के पास विज्ञप्ति जारी करने तथा इसे विस्तृत रूप से प्रसारित करने के लिए प्रेषित।

(राम सेवक मिश्र)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

परराष्ट्र मन्त्रालय
नई दिल्ली 15 सितम्बर 1964

११. तार (Telegram)

तार तुरंत सरकारी

कृषि भारत (एग्रींडिया)

क्रमांक—/3548/ चौदह-दो एक सितम्बर से भूसंरक्षण प्रशिक्षण सम्बन्धी 23 जुलाई को अपना पत्र क्रमांक……देखिए पच्चीस स्थान सुरक्षित रखिए और तार से पुष्टि कीजिए।

(25 शब्द) कृषि सचिव

तार से न भेजा जाय

(रामचन्द्र)
कृषि सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार

डाक से भेजी गई पुष्टि प्रतिलिपि
कृषि विभाग

क्रमसंख्या 17/4/63-कृषि लखनऊ दिनांक 8 जुलाई 1959

पुष्टि के लिए प्रतिलिपि डाक द्वारा प्रेषित

(रामचन्द्र)
कृते कृषि सचिव,
उत्तर प्रदेश सरकार

तार का दूसरा नमूना

तार तुरंत सरकारी

संचालकोद्योग
लखनऊ

क्रमांक 4039/ग्यारह-सी आपका 13 फरवरी का क्रमसंख्या 418 नयी मद औद्योगिक सहकारी पर्यवेदाण कर्मचारी अगले वर्ष की उच्चतम सीमा बीस हजार है सैंतीस हजार के प्रस्ताव भेजे गये हैं स्पष्ट कीजिए कि छह महीनों की ही व्यवस्था क्यों प्रस्तावित है।

(32 शब्द) वाणिज्योद्योग

तार से न भेजा जाय

(हरीसिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार

डाक से भेजी गई पुष्टि प्रतिलिपि

वाणिज्य तथा उद्योग मन्त्रालय

क्रमसंख्या 18/3/64 नई दिल्ली दिनांक 8 फरवरी 1964

पुष्टि के लिए प्रति डाक द्वारा प्रेषित

(हरीसिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार

१२. द्रुत पत्र (Express Letter)

भारत सरकार

गृह मन्त्रालय

प्रेषक :

रामस्वरूप
अवर सचिव,
गृह मन्त्रालय

सेवा में,

श्री..................

मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश सरकार

क्रमसंख्या 18/3/63 नई दिल्ली दिनांक 5 नवम्बर 1963

विषय : संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में हिन्दी का प्रयोग

संघीय लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में हिन्दी के प्रयोग के सम्बन्ध में आपकी ओर से अभी तक अपेक्षित विवरण प्राप्त नहीं हुआ है। क्योंकि यह मामला अत्यन्त आवश्यक है अत: आपका अपेक्षित विवरण अविलम्ब भेज दिया जाय।

(रामस्वरूप)
भारत सरकार, अवर सचिव

१३. मितव्यय पत्र (Savingram)

भारत सरकार

गृह मन्त्रालय

प्रेषक : स्वराष्ट्र मन्त्रालय नई दिल्ली*

सेवा में—बाढ़ नियन्त्रण, लखनऊ*

क्रमसंख्या 8-11-63 (बाढ़ सहायता) नई दिल्ली दिनांक 8 नवम्बर 1956

विषय : बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता

इस मन्त्रालय के क्रमसंख्या 3-6/63 सामान्य दिनांक 8 जुलाई 1956 के पत्र के प्रसंग में निवेदन है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ पीडितों की सहायता के लिए 25 हजार रुपये की एकमुश्त रकम शीघ्र भेजी जायेगी।

(रामस्वरूप)
अवर सचिव, भारत सरकार

---

* ये तारांकित शब्द क्रमशः प्रेषक ओर प्रेषिती के लिए तार-पते के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

१४. कार्यालय आदेश (Office Order)

क्रमसंख्या 9-6-54 प्रशासन

भारत सरकार

विधि मन्त्रालय

नई दिल्ली दिनांक 11 जून 1962

कार्यालय आदेश

श्री रामचन्द्र, ट्रेसर को तारीख 25 जून 1962 से 16 जुलाई तक 20 दिन की अर्जित छुट्टी मंजूर की जाती है। इसके साथ ही उनको············दिन की आधे वेतन की छुट्टी भी तारीख 17 जुलाई 1962 से 31 जुलाई 1962 तक (दोनों दिन सम्मिलित) दी जाती है।

प्रमाणित किया जाता है कि यदि रामचन्द्र ट्रेसर तारीख 25 जून 1962 से 31 जुलाई 1962 तक छुट्टी पर न जाते तो ट्रेसर के पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य करते रहते।

(हरीबाबू)
अवर सचिव, भारत सरकार

१. श्री रामचन्द्र ट्रेसर
ड्राइंग अनुभाग,
विधि मन्त्रालय, नई दिल्ली

२. नकदी तथा लेखा अनुभाग

कार्यालय आदेश का दूसरा नमूना

क्रमसंख्या 4-3-61-प्रशासन

भारत सरकार

परिवहन मन्त्रालय

नई दिल्ली 8 जनवरी 1964

कार्यालय आदेश

केन्द्रीय सचिवालय सेवा में चतुथ पदक्रम (Grade) के अधिकारी के रूप में नियुक्त श्री द्वारिकाप्रसाद को पदवृद्धि करके 1 जनवरी 1964 से परिवहन मन्त्रालय में कार्यवाहक अनुभाग अधिकारी बना दिया गया है और नये आदेश होने तक उनकी नियुक्ति सामान्य-क अनुभाग में कर दी गई है।

(चन्द्र मोहन)
अवर सचिव, भारत सरकार

१. सब मन्त्रालय के अधिकारी तथा अनुभाग
२. श्री द्वारिका प्रसाद, सहायक
पेंशन अनुभाग, परिवहन
मन्त्रालय

१५. अनुस्मारक (Reminder)

(क) सरकारी पत्र के रूप में

क्रमसंख्या 8-9/63-प्रशासन

भारत सरकार
वित्त मन्त्रालय

प्रेषक,

श्री हरिमोहन श्रीवास्तव,
अवर सचिव,
भारत सरकार

सेवा में,

मुख्य सचिव,
पश्चिमी बंगाल सरकार,
कलकत्ता

नई दिल्ली दिनांक 8 अप्रैल 1963

विषय : कलकत्ता में राजस्व-भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की मंजूरी

महोदय,

उक्त विषय पर इस मन्त्रालय के इसी क्रमसंख्या तथा दिनांक 18 मार्च 1963 के पत्र के प्रसंग में निवेदन है कि अपेक्षित विवरण अभी तक आपके यहाँ से प्राप्त नहीं हुआ है।

चूँकि यह मामला अत्यावश्यक है अतः आवश्यक विवरण तत्काल भिजवाने की कृपा करें।

भवदीय,

(हरिमोहन श्रीवास्तव)
अवर सचिव, भारत सरकार

अनुस्मारक का दूसरा नमूना

(ख) अर्ध-सरकारी पत्र के रूप में

अर्ध-सरकारी पत्र क्रमसंख्या 8/9/62

भारत सरकार
गृह मन्त्रालय

नई दिल्ली दिनांक 8 दिसम्बर 1962

प्रिय विनयमोहन जी,

हिन्दी कक्षाओं के सम्बन्ध में 7 नवम्बर 1962 को मैंने आपको क्रमसंख्या 6-5/63 का एक अर्ध-सरकारी पत्र भेजा था, जिसमें कुछ विवरण माँगा गया था। अभी तक इस सम्बन्ध में आपका कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। कृपया बताइए कि अपेक्षित विवरण कब तक भिजवायेंगे।

आपका,

(महेन्द्रसिंह)
अवर सचिव, भारत सरकार

श्री विनय मोहन,
प्रवर डाकघर अधीक्षक,
अलीगढ़।

परिशिष्ट VI

कुछ गैर-सरकारी पत्रों के नमूने

1. Write a letter to your father requesting him to postpone the question of your marriage

Nicholson Road,
New Delhi.
15th Feb. 1971

My dear father,

Your letter bringing proposals for my marriage has upset the balance of my mind. It gives me as much pain as surprise. I never expected that such a problem would crop up so early. It passes my understanding how a farsighted and experienced man of your nature could take such a hasty step. If I am not wrong there is the hand of grandfather who urshes to see me married and you seem to have succumbed to his desire.

In spite of all this kindly do not conclude from my frank letter that I have raised a banner of revolt against you. I do not defy your orders. I respect you from the very core of my heart. But my simple contention is that it is too early to take up the question of marriage. Everything should be done at the proper time. You know that I am still a student and marriage at this stage will mean good-bye to education and a set-back to career. In my view marriage and education can not go side by side.

Besides this, I am already a burden to you and if I am married you will have to feed and support one more mouth. In view of all this, I feel that marriage is no charm and meaning, unless I stand on my own legs and am able enough to shoulder every responsibility.

Dear father marriage is an important affair and it needs cool thinking. On it depends our future happiness, I request you not to misunderstand this plain letter. I have put the cards on the table and I am sure you will postpone my marriage for a couple of years. Do accede to my request.

Please reply by the return of post. Please convey my 'PRANAM' to respected mother.

Yours Sincerley,
Avinash Saxena

१. अपने विवाह सम्बन्धी प्रश्न को कुछ समय और टाल देने की प्रार्थना करते हुए एक पत्र अपने पिता को लिखिए।

निकलसन रोड,
नई दिल्ली
15 फरवरी 1971

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम।

आपका पत्र जिसमें आपने मेरे विवाह से सम्बन्धित प्रस्ताव भेजे हैं, प्राप्त हुआ। इस पत्र से मेरे मस्तिष्क का सन्तुलन बिगड़ गया है। आपके इस पत्र से मुझे दुःख के साथ-साथ आश्चर्य भी हुआ। क्योंकि मुझे यह आशा नहीं थी कि मेरे विवाह की समस्या इतनी जल्दी खड़ी हो जायेगी। मैं यह समझने में असमर्थ हूँ कि आपके जैसे दूरदर्शी और अनुभवी व्यक्ति इस मामले में इतनी जल्दबाजी क्यों कर रहे हैं। यदि मेरा अनुमान गलत नहीं है तो लगता है कि इस सब बात में बाबाजी का भी हाथ है जो कि मेरा विवाह देखने के इच्छुक हैं। लगता है उनकी इच्छा के सामने आप भी निरुत्तर हो गये हैं।

इस सबके बावजूद भी मेरे स्पष्ट पत्र से यह अर्थ न निकालिए कि मैं आपकी किसी आज्ञा का विरोध कर रहा हूँ। मैं आपके आदेश का विरोध कभी नहीं कर सकता। मैं सच्चे मन से आपका आदर करता हूँ। मैं तो सिर्फ यह निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे विवाह की समस्या के सम्बन्ध में आप बहुत जल्दबाजी कर रहे हैं। सभी बातें समय पर ही फबती हैं। आप तो जानते ही हैं कि मैं अभी तो पढ़ ही रहा हूँ और ऐसी स्थिति में मेरे विवाह का अर्थ यह होगा कि मेरा अध्ययन पूर्णतः समाप्त हो जायेगा और मेरा भविष्य नष्ट हो जायेगा। मेरे विचार से अध्ययन तथा वैवाहिक जीवन एक साथ नहीं चल सकते।

इन सब बातों के अतिरिक्त अभी तो मैं स्वयं आप पर ही भार बना हुआ हूँ और यदि अब मेरा विवाह कर दिया गया तो एक अन्य व्यक्ति का दायित्व भी आप पर आ पड़ेगा। इन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए जब तक कि मैं अपने पैरों पर न खड़ा हो जाऊँ और अपने दायित्व का भारवहन करने में समर्थ न हो जाऊँ तब तक विवाह के प्रति न तो मेरा कोई आकर्षण होगा और न ही विवाह का कोई अर्थ।

पिताजी, विवाह एक महत्त्वपूर्ण मामला है जिस पर शान्तिपूर्वक विचार किया जाना आवश्यक है। हमारे भविष्य की खुशी इसी पर निर्भर करती है। फिर भी मेरा निवेदन है कि मेरे स्पष्ट पत्र का कोई और अर्थ न लगायें। मैंने तो आपके सम्मुख

केवल वस्तुस्थिति स्पष्ट की है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इस मामले को दो वर्ष के समय के लिए स्थगित कर देंगे। मेरी प्रार्थना को ठुकराइएगा नहीं।

कृपया लौटती डाक से उत्तर दें। कृपया पूज्य माताजी को मेरा प्रणाम कहिए।

आपका आज्ञाकारी पुत्र
अविनाश सक्सेना

2. Write a letter to the Health Officer, Municipal Committee, complaining against the insanitary condition in your locality

329-Timarpur,
Delhi,
30th January, 1971

To,
The Health Officer,
Municipal Committee,
Civil Lines, Delhi

Dear sir,

I am to draw your kind attention to the insanitary condition in this colony of Government servants and hope that you will try to promptly redress the grievances of the people.

The main roads are not properly watered and lighted in the night. The drainage is also not working smoothly. Roads are under repair for months and accidents are frequent. There is no arrangement of dust-bins and people deposit the rubbish in a small lane. In consequence the lane has become a breeding place for mosquitoes and flies. The sweepers do not remove this rubbish daily with the result that it goes on accumulating. This gives out an awful smell throughout the day. All this is a serious menace to the general health of the residents of the locality. If immediate action is not taken to improve this state of affairs, it will be no wonder if an epidemic breaks out.

I am, therefore, to request you to take a personal interest in the matter and issue necessary instructions to the sweepers to sweep the locality quite clean and sprinkle D.D.T. all over.

Yours faithfully.
Ram Chandra Sharma

२. अपनी बस्ती में फैली गन्दगी के सम्बन्ध में शिकायत करते हुए एक पत्र अपने स्वास्थ्य अधिकारी (नगरपालिका) को लिखिए।

329, तीमारपुर,
दिल्ली,
30 जनवरी 1971

सेवा में,

स्वास्थ्य अधिकारी,
नगरपालिका
सिविल लाइन्स, दिल्ली

प्रिय महोदय,

सरकारी कर्मचारियों की इस बस्ती में फैली गन्दगी की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया जाता है।

आशा है आप जल्दी ही जनता की कठिनाइयों को दूर करने का प्रयत्न करेंगे।

यहाँ की मुख्य सड़कों पर न तो पानी की व्यवस्था है और न ही रात में प्रकाश की। नालियों की व्यवस्था भी समुचिता नहीं है कई महीनों से सड़कों की मरम्मत हो रही है और इसी कारण अक्सर दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। कूड़े के कनस्तरों का भी कोई प्रबन्ध नहीं है और लोग अपने घरों का कूड़ा एक तंग गली में इकट्ठा करते रहते हैं। परिणामस्वरूप तंग गली में मच्छर और मक्खियाँ उत्पन्न होने लगती हैं। जमादार भी प्रतिदिन कूड़े को नहीं उठाते जिससे कूड़े का ढेर इकट्ठा होता जा रहा है। सारे दिन इसमें से भारी दुर्गन्ध आती रहती है। इस सबसे इस बस्ती के निवासियों के सामान्य स्वास्थ्य को बहुत खतरा है। यदि इस स्थिति में सुधार लाने की दिशा में तत्काल कार्रवाई न की गयी तो कोई आश्चर्य नहीं कि कोई व्यापक रोग फैल जाय!

अतः आपसे निवेदन है कि आप व्यक्तिगत रूप से इस मामले में रुचि लें और जमादारों को ऐसे आदेश जारी कर दें कि वे इस बस्ती की पूरी तरह सफाई करके डी०डी०टी० छिड़क दें।

भवदीय,
रामचन्द्र शर्मा

3. Write a letter to the Principal of your College praying for the remission of fee.

14/33-F. Model Town,
Civil Line, Delhi.
15th Feb. 1971

To,
The Principal,
Hindu College
Delhi University, Delhi

Sir,

With due respect I beg to state that I have recently passed the B. A. (I Year) securing first division. I got 506 marks in all. I also had a distinction in English. I have a burning desire to continue my studies but due to the meagre income of my father, I am afraid, I may have to discontinue my studies.

My father is an ordinary peon in a Goverment office and gets only Rs. 110/- in all. There is no other source of Income. Apart from me, my father has to support my mother, two brothers and two sisters. It is, therefore, impossible for him to bear the expenditure on my education.

I understand that there is a provision of scholarships and fee concessions to brilliant and needy students. I, therefore, request you to favourably consider my application and remit the college dues, so that I may continue my studies. I may also add for your kind information that I enjoyed full concession up to 10th class at the school stage.

Thanking you for the trouble.

Yours faithfully,
Bijay Bhushan

३. शुल्क की वापसी की प्रार्थना करते हुए अपने कॉलिज के प्रिंसिपल को एक पत्र लिखिए।

14/33-एफ, माडल टाउन,
सिविल लाइन्स, दिल्ली
15 फरवरी 1971

सेवा में,

प्रिंसिपल महोदय,
हिन्दू कॉलिज,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैंने हाल में ही बी० ए० (प्रथम वर्ष) की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। मैंने कुल 506 अंक प्राप्त किये और मुझे अंग्रेजी में विशेष योग्यता प्रदान की गयी। मेरी तीव्र इच्छा है कि मैं अपना अध्ययन जारी रखूं, लेकिन मेरे पिताजी की बहुत थोड़ी आय होने के कारण, मुझे भय है कि कहीं मुझे अपना अध्ययन बीच में ही न छोड़ना पड़े।

मेरे पिता एक सरकारी कार्यालय में साधारण चपरासी हैं और उन्हें कुल मिलाकर 110 रुपये मिलते हैं। इसके अतिरिक्त आय का कोई और साधन नहीं है। मेरी माता, दो भाई और दो बहिने भी पिताजी पर आश्रित हैं। अतः मेरे पिताजी के लिए मेरी पढ़ाई का खर्चा उठाना असम्भव है।

मुझे ऐसा मालूम हुआ है कि मेधावी और निर्धन छात्रों के लिए छात्रवृत्तियों तथा शुल्क में रियायत की व्यवस्था है। अतः निवेदन है कि मेरी प्रार्थना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके कॉलिज का जो शुल्क मैंने अदा किया है, वह वापिस दिलाया जाय जिससे कि मैं अपना अध्ययन जारी रख सकूं। आपके सूचनार्थ यह भी निवेदन है कि स्कूल में 10 वीं श्रेणी तक मुझे शुल्क की पूरी छूट मिली हुई थी।

कष्ट के लिए धन्यवाद।

कृपाकांक्षी
विजय भूषण

कुछ व्यापारिक पत्रों के नमूने

1. Write a letter complaining about the defective supply of goods

BHAI BHAI CARD COMPANY

Chawri Bazar,
Delhi-1,
14th Feb. 1971

To,
M/s Vatwani Card Co,
Sadar Bazar,
Jodhpur

Gentleman,

We have received your consignment just today along with the Bill for Rs. 950/-. On opening the wooden box we found that most of the cards had been spoiled because of the defective packing. On tallying with your Bill it was noted that cards were less in number also. Apart from this the printing is also very poor. We have every doubt if we could at all push this stock in the market.

If you like we can return the goods to you at your cost. If in the meanwhile your representative is visiting this city, kindly drop a line so that the goods could be handed over to him. However the following goods may please be despatched immediately.

Item	Quantity
New Year Greeting Cards	10,000
Deepawali Greating Cards	5,000

Kindly note that the goods should be supplied to our full satisfaction. Inconvenience caused to you is regretted.

Thanking you for the trouble.

Yours faithfully.
FOR BHAI BHAI CARD COMPANY

१. दोषपूर्ण माल की सप्लाई की शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए

भाई भाई कार्ड कम्पनी

चावड़ी बाजार,
दिल्ली
14 फरवरी 1971

सेवा में,
मैसर्स वाटवानी कार्ड कम्पनी,
सदर बाजार, जोधपुर

महोदय,

आपका भेजा हुआ माल तथा 950 रु० का बिल आज ही प्राप्त हुआ। लकड़ी की पेटी खोलने पर यह मालूम हुआ कि पैकिंग दोषपूर्ण होने के कारण अधिकांश कार्ड खराब हो गये हैं। आपके बिल से मिलान करने पर यह पता लगा कि कार्ड गिनती में भी कम हैं। इसके अतिरिक्त छपाई भी बहुत खराब हुई है। हमें इस बात में पूरा सन्देह है कि ऐसा माल बाजार में कैसे बिक सकेगा।

आप चाहें तो हम इस माल को आपके खर्चे पर वापस भेज सकते हैं। यदि इस बीच अपका प्रतिनिधि आ रहा हो तो लिखें ताकि यह माल उसे सौंप जा सके। फिर भी कृपया निम्नलिखित माल तुरन्त भेज दें।

मद	संख्या
नव वर्ष की बधाई कार्ड	10,000
दीपावली बधाई कार्ड	5,000

कृपया यह ख्याल रखें कि माल पूरी तरह सन्तोषजनक हो। आपको हुई असुविधा के प्रति खेद है।

कष्ट के लिए क्षमा।

भवदीय,

कृते भाई भाई कार्ड कम्पनी

2. Write a letter to a firm who has placed an order with you and has requested an immediate execution of the same informing him that there would be a slight delay in the despatch of the goods

MOHAN BROTHERS

Chashma Building,
Ballimaran.
Delhi
15th January 1971

To,
M/s Kashyap & Co.,
General Merchants,
Colaba Road, Bombay

Gentlemen,

We have just received your valued order and thank you for the same.

As desired by you we shall try to despatch your goods expeditiously. However, it is added for your kind information that one of our welding machines has been lying out of order for many days. We are making our best efforts to get it repaired, but it has not so far started working. It seems that it will take 10--15 days before it actually starts working. Keeping all these facts in view there may be a slight delay in the despach of your goods. We hope that you will appreciate our difficulties add excuse us for the delay.

Assuring of our best services always

Yours faithfully,

For MOHAN BROTHERS

२. एक ऐसी कम्पनी को पत्र लिखिए जिसने आपके पास कुछ आर्डर भेजा है और माल जल्दी भेजने की प्रार्थना की है, उन्हें यह सूचित कीजिए कि माल भेजने में कुछ देरी लगेगी।

मोहन ब्रादर्स

चश्मा बिल्डिंग,
बल्लीमारान,
दिल्ली,
15 जनवरी 1971

सेवा में,
मैसर्स कश्यप एण्ड कम्पनी,
जनरल मर्चेण्ट्स,
कोलाबा रोड, बम्बई

महोदय,

अभी-अभी आपका अमूल्य आर्डर प्राप्त हुआ। धन्यवाद।

आपके कहे अनुसार माल जल्दी से जल्दी भिजवाने का प्रयत्न किया जायेगा। फिर भी आपके सूचनार्थ निवेदन है कि हमारी एक वैल्डिंग मशीन बहुत दिनों से खराब पड़ी है। इसे ठीक कराने की दिशा में भरसक प्रयत्न किये गये हैं लेकिन अभी तक इस मशीन ने काम करना आरम्भ नहीं किया है। लगता है, इस मशीन के वास्तव में चालू होने में 10-15 दिन और लग जायेंगे। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हो सकता है कि आपका माल भेजने में कुछ देरी हो जाय। आशा है आप हमारी कठिनाइयों को स्वीकार करेंगे और इस देरी के लिए क्षमा करेंगे।

सदैव सर्वोत्तम सेवाओं के आश्वासन के साथ।

भवदीय,
कृते मोहन ब्रादर्स

कुछ निमन्त्रण पत्रों तथा उनके उत्तरों के नमूने

1. A formal invitation to a Tea-party

Shri D. K. Jain requests the pleasure of your company at a tea party at his residence 3016, Masjid Khajoor, Dariba Kalan, Delhi at 5 P. M. Sharp on Thursday the 16th Feb. 1966.

R. S. V. P.
Tel. No. 2645
VIR KUTIR,
3016, Masjid Khajoor,
Dariba Kalan, Delhi
11th Feb. 1971.

१. जलपान के लिए एक औपचारिक निमन्त्रण

श्री डी० के० जैन द्वारा अपने निवास स्थान 3016, मस्जिद खजूर, दरीबा कलां दिल्ली में वृहस्पतिवार दिनांक 16 फरवरी 1971 को सायं ठीक 5 बजे आयोजित जलपान के अवसर पर आप सादर आमन्त्रित हैं

उत्तराकांक्षी
टेलीफोन नम्बर 2645,
वीर कुटीर,
3016, मस्जिद खजूर,
दरीबा कलां, दिल्ली
11 फरवरी 1971

2. Acceptance of the Invitation

Shri Suresh Chandra Jain acknowledges with thanks the kind invitation of Shri D. K. Jain to a tea-party at his house on the 16th Feb. 1971 and gladly accepts the same.

892, Kidwai Nagar,
New Delhi 13th Feb. 1971

२. निमन्त्रण की स्वीकृत

श्री डी० के० जैन द्वारा दिनांक 16 फरवरी 1971 को अपने निवास स्थान पर आयोजित जलपान में सम्मिलित होने का निमन्त्रण प्राप्त हुआ। धन्यवाद।

मैं उक्त जल-पान में सहर्ष सम्मिलित हूँगा।

892, किदवई नगर,
नई दिल्ली,
13 फरवरी 1971 (ह.) सुरेशचन्द्र जैन

3. Refusal to the Invitation

Shri Suresh Chandra Jain acknowledges with thanks the invitation of Shri D. K. Jain to a tea-party at his residence on the 16th Feb. 1971 but regrets his inability to attend the same due to some other important engagement.

892, Kidwai Nagar,
New Delhi,

३. निमन्त्रण की अस्वीकृति

श्री डी० के० जैन द्वारा दिनांक 16 फरवरी 1971 को अपने निवास स्थान पर आयोजित जल-पान में सम्मिलित होने का निमन्त्रण प्राप्त हुआ। धन्यवाद।

खेद है कि किसी अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य के कारण मैं उक्त जल-पान में सम्मिलित न हो सकूँगा।

892, किदवई नगर,
नई दिल्ली,
13 फरवरी 1971

(ह.) सुरेशचन्द्र जैन

परिशिष्ट VII

आदर्श टिप्पणियों के नमूने

टिप्पणी I

गृह मन्त्रालय द्वारा आयोजित हिन्दी कक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना के सम्बन्ध में गृह मन्त्रालय को रेलवे बोर्ड से एक पत्र प्राप्त हुआ। इस पत्र में उक्त योजना के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण माँगा गया है। गृह मन्त्रालय द्वारा इस पत्र के सम्बन्ध में तैयार की गयी टिप्पणी का एक नमूना नीचे दिया गया है।

रेलवे बोर्ड का पत्र

रेलवे बोर्ड

क्रमसंख्या 9-6/63-हिन्दी

नई दिल्ली, दिनांक 8 अक्तूबर 1970

सेवा में,

अवर सचिव,
हिन्दी प्रशिक्षण योजना,
गृह मन्त्रालय, नई दिल्ली

विषय : हिन्दी परीक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना

महोदय,

इस कार्यालय के श्री......................(पद) ने जून 1970 में हुई प्रवीण परीक्षा 208 अंक लेकर पास की है। नकद पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उन्होंने भी अपना अभ्यावेदन भेजा है—जो संलग्न किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में आपको विदित होगा कि हिन्दी प्रशिक्षण की दृष्टि के केन्द्रीय

कर्मचारियों को उनकी मातृभाषा के अनुसार क, ख, ग तथा घ इन चार श्रेणियों में बांटा गया है। क्योंकि श्री.....................की मातृभाषा सिन्धी है अतः उन्हें श्रेणी 'ख' में रखा गया है।

क्योंकि श्री...............ने उनके लिए निर्धारित स्तर से निचले स्तर की हिन्दी परीक्षा पास की थी, अतः उन्हें नकद पुरस्कार नहीं दिया गया था। अब श्री.....................ने अपने अभ्यावेदन में यह कहा है चूँकि वह पूर्वी क्षेत्र में सर्व प्रथम आये थे, अतः वह नकद पुरस्कार प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

कृपया यह बताइए कि यदि 'ख' श्रेणी के किसी कर्मचार ने 8 वीं श्रेणी के स्तर की कोई हिन्दी परीक्षा न पास की हो और यदि वह प्रवीण परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त कर सका हो, तो क्या वह कर्मचारी नकद पुस्कार प्राप्त करने का अधिकारी है।

....

हिन्दी अधिकारी

उक्त पत्र पर टिप्पणी

टिप्पणी पृष्ठ संख्या 18

हिन्दी अनुभाग

क्रमांक......................**(पावती)**
पृष्ठ 120/प० व्य० 20

रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली का क्रमसंख्या
9-/6/63, दिनांक 8 अक्टूबर 1970
का पत्र

विषय : हिन्दी कक्षाओं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार योजना।

नकद पुरस्कार योजना के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड का उक्त पत्र तथा उसके साथ श्री...............का अभ्यावेदन पृष्ठ कृपया 120/प० व्य० पर देख लें।

इस सम्बन्ध में निवेदन है कि प्रशिक्षार्थियों को नकद पुरस्कार देने के विस्तृत अनुदेश हमारे क्रमसंख्या 13/3/64-हिन्दी, दिनांक 4 जुलाई 1964 द्वारा सभी मन्त्रालयों/विभागों को प्रसारित कर दिये गये थे। इसी पत्र के तीसरे अनुच्छेद में अत्यन्त स्पष्ट रूप से यह बता दिया गया था कि नकद पुस्कार ऐसे प्रशिक्षार्थियों को नहीं दिये जायेंगे—

पृष्ठ 80/ प० व्य०

(१) जिन्होंने अपनी श्रेणी के अनुसार निर्धारित स्तर की परीक्षा पास की हो ; या

(२) प्रबोध और प्रवीण परीक्षाओं के मामले में मिडिल या उससे उच्चतर स्तर की परीक्षा हिन्दी विषय लेकर पास की हो ; या

(३) प्राज्ञ परीक्षा के सम्बन्ध में हिन्दी विषय सहित मैट्रिक, दसवीं या कोई समकक्ष परीक्षा पास की हो ।

इन परिस्थितियों में श्री........................को नकद पुरस्कार नहीं दिया जा सकता क्योंकि अभ्यावेदन में श्री................ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि उन्होंने हिन्दी सहित मिडिल कक्षा पास की थी ।

इस आधार पर हिन्दी पर्यवेक्षक (उत्तर) के अनुमोदनार्थ मसौदा नीचे रखा है ।

कार्यालय क्लर्क के
आद्याक्षर तथा
तारीख

हिन्दी पर्यवेक्षक

रेलवे बोर्ड को उत्तर भेजने से पूर्व हिन्दी अफसर भी कृपया देख लें ।

....

हिन्दी पर्यवेक्षक

हिन्दी आफीसर

देख लिया, धन्यवाद । अच्छा हो यदि इस सम्बन्ध में और अधिक स्पष्ट आदेश सभी मन्त्रालयों/विभागों आदि को एक बार फिर भेज दिये जायँ जिससे कि इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति न हो । अबकी बार यह आदेश उपसचिव के हस्ताक्षरों के अन्तर्गत भेजे जाने चाहिए । फिलहाल रेलवे बोर्ड का पत्र तो भेज दिया जाय और फिर तुरन्त बाद सभी मन्त्रालयों आदि के लिए उपसचिव के अनुमोदनार्थ उपयुक्त मसौदा प्रस्तुत किया जाय ।

....

हिन्दी अफसर

टिप्पणी II

रेल विभाग के देश भर में फैले अधीनस्थ तथा संलग्न कार्यालयों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग की दृष्टि से प्रयेक अधीनस्थ/संघग्न कार्यालय में हिन्दी की श्रेष्ठ पुस्तकों सहित पुस्तकालय स्थापित करने के सम्बन्ध में मण्डल अधीक्षक, अजमेर मण्डल, अजमेर से रेलवे बोर्ड को एक पत्र प्राप्त हुआ है। इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड में लिखी गयी टिप्पणी का एक नमूना नीचे दिया गया है।

मण्डल अधीक्षक, अजमेर का पत्र

मण्डल अधीक्षक का कार्यालय

अजमेर मण्डल

क्रमसंख्या 10/1/63-हि० प्र०

अजमेर दिनांक 18 अप्रैल 1970

सेवा में,

हिन्दी अफसर,
रेलवे बोर्ड
रेल भवन, नई दिल्ली

विषय : रेलवे अधीनस्थ/संलग्न कार्यालयों में पुस्तकालय की व्यवस्था।

महोदय,

उक्त विषय पर आपके क्रमसंख्या 18/4/70-हिन्दी, दिनांक 11 अगस्त 1969 के पत्र की ओर आपका ध्यान अर्कषित करने तथा यह निवेदन करने का मुझे निदेश हुआ है कि पुस्तकालय की स्थापना करने तथा उसके अनुरक्षण (Maintenance) के लिए अभी तक आपके यहाँ से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में यदि आपने पहले कोई आदेश प्रसारित किये हों तो हमारे पथ-प्रदर्शन के लिए उनकी एक प्रति जल्दी भिजवाने की कृपा करें।

अपने उल्लिखित पत्र में आपने हिन्दी की जिन पुस्तकों को खरीदने तथा पुस्तकालय में रखने की सिफारिश की है, उन्हें प्राप्त करने की दिशा में कोई भी कार्रवाई आपका उत्तर आने पर की जा सकेगी।

भवदीय

....

मण्डल अधीक्षक

उक्त पत्र पर टिप्पणी

टिप्पणी पृष्ठसंख्या 28

हिन्दी अनुभाग

क्रमांक............(पावती)
पृष्ठ 139/प० व्य०

मण्डल अधीक्षक, अजमेर मण्डल, अजमेर
क्रमसंख्या 10/1/63-हि० प्र०, दिनांक
18 अप्रैल 1963 का पत्र

हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग की दृष्टि से अपने संलग्न/अधीनस्थ कार्यालयों में पुस्तकालय स्थापित करने के सम्बन्ध में मण्डल अधीक्षक, अजमेर का उक्त पत्र कृपया देख लें।

इस सम्बन्ध में निवेदन है कि हिन्दी के प्रसार के सम्बन्ध में राष्ट्रपति के आदेश (1960 के) में निर्दिष्ट लक्ष्यों तथा योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी सिखाने के उद्देश्य से गृह मन्त्रालय ने सभी प्रमुख शहरों में हिन्दी प्रशिक्षण केन्द्र खोल दिये हैं। कर्मचारियों के हिन्दी प्रशिक्षण की दिशा में की गयी प्रगति सन्तोषजनक रही है।

अभी कुछ दिन हुए उपमहाप्रबन्धक, राजनिरीक्षण ने मण्डल अधीक्षक, अजमेर के कार्यालय में अपने दौरे के समय यह अनुभव किया था कि रेल विभाग के हिन्दी प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त हिन्दी पुस्तकें पढ़ने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में उपमहाप्रबन्धक ने यह इच्छा व्यक्त की थी कि हिन्दी प्रशिक्षणार्थियों को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त हिन्दी साहित्य से परिचय प्राप्त कराने की दिशा में सक्रिय प्रयत्न किये जाने चाहिए। उन्होंने यह सुझाव दिया था कि प्रत्येक संलग्न/अधीनस्थ कार्यालय में हिन्दी पुस्तकालय खोले जायँ।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने क्रमसंख्या 18/4/62 हिन्दी, दिनांक 11 अगस्त 1962 को सामान्य आदेश प्रसारित कर दिये थे। आदेश के साथ-साथ 100 श्रेष्ठ हिन्दी पुस्तकों को खरीदने और पुस्तकालय में रखने की सिफारिश भी की थी।

पृष्ठ 90/प० व्य०

पुस्तकालय की स्थापना तथा उसके अनुरक्षण के सम्बन्ध में अभी तक कोई अनुदेश प्रसारित नहीं किये गये हैं। इस सम्बन्ध में मण्डल अधीक्षक, अजमेर को कोई भी उत्तर देने से पूर्व अपने पुस्तकाध्यक्ष से पूछताछ कर लेनी आवश्यक है।

कार्यालय क्लर्क के
तारीख सहित
आद्याक्षर

हिन्दी पर्यवेक्षक

क्योंकि इस सम्बन्ध में क्रियाविधि सम्बन्धी सामान्य आदेश प्रसारित करने होंगे, अतः पुस्तकाध्यक्ष, रेलवे बोर्ड से निवेदन है कि वह विचाराधीन पत्र देख लें और पुस्तक अनुरक्षण सम्बन्धी पूर्ण क्रियाविधि साथ में भेज दें।

पृष्ठ 139/प० व्य०

....

हिन्दी पर्यवेक्षक

पुस्तकाध्यक्ष,
रेलवे बोर्ड

पुस्तकालय अनुभाग

पुस्तकालय अनुसरण सम्बन्धी पूरी क्रियाविधि साथ भेजी जा रही है।

....

पुस्तकाध्यक्ष

हिन्दी पयवेक्षक

हिन्दी अफसर के अनुमोदनार्थ उपयुक्त मसौदा प्रस्तुत किया जाय।

परिशिष्ट VIII

कुछ प्रशासनिक शब्द तथा उनके हिन्दी पर्याय

A

Abandonment–परित्याग

Abatement–१. कमी, छूट, २. समाप्ति, अन्त

Abbreviation–संक्षिप्त (रूप), संक्षिप्त शब्द

Abeyance–आस्थगन

Abnormal–असामान्य, अप्रकृत

Abolish–अन्त करना, उन्मूलन करना, समाप्त करना, तोड़ना

Abolition of post–पद समाप्ति, पद समाप्त करना

Aborginal–आदिवासी

Above cited (quoted)–ऊपर उद्धृत, ऊपर दिया हुआ

Above par–औसत से ऊँचा

Absence–गैरहाज़िरी, अनुपस्थिति

Absentee–अनुपस्थित, गैरहाजिर

Absolutely–पूर्णतः, बिल्कुल

Absolutely correct–बिलकुल सही

Absolutely necessary–परमावश्यक, नितान्त आवश्यक

Abstract–(सं) सार, (क्रि) सार तैयार करना, चोरी से निकालना

Absurd–अर्थहीन, निरर्थक

Abuse–(क्रि) दुरुपयोग करना, गाली देना, (सं) अपशब्द, गाली, दुरुपयोग

Academic–शैक्षिक, शिक्षा सम्बन्धी, विद्या सम्बन्धी

Academic qualification–शैक्षिक योग्यता

Academic year–शैक्षिक वर्ष, शिक्षा वर्ष

Academy–अकादमी

Accede–१. मान लेना, २. शामिल होना, अधिमिलन

Accept–स्वीकार करना, मानना

Acceptance of office–पद स्वीकृति

Access–पहुँच, प्रवेश

Accessory–उपसाधन

Accommodation–स्थान, जगह, निवास

Accommodation charges–जगह का किराया

Accompanied by–के साथ, सहित

Accompanying letter–संलग्न पत्र, साथ का पत्र, सहपत्र

Accord–अनुकूलता
Accord sanction, to–मंजूरी देना
Accordance with, in–के अनुरूप, के अनुसार
Accordingly–तदनुसार, अतः, लिहाजा
According to–के अनुसार
Accord priorty, to–प्राथमिकता देना
Account–लेखा
Account, head of–लेखा शीर्ष
Accretion–जमा होना
Accurate–यथातथ्य, सही, ठीक-ठीक
Acknowledgement–पावती, प्राप्ति सूचना, प्राप्ति स्वीकृति
Acknowledgement due–रसीदी, पावती
Acquire–अर्जन करना
Acquisition – अधिग्रहण, अर्जन, अध्याप्ति
Acquisition of land–भूमि अधिग्रहण
Acquittance Roll–वेतन चिट्ठा
Acquitted honourably–ससम्मान मुक्ति/बरी
Act (n)–१. कर्म, कार्य, २. अधिनियम
Acting allowance–कार्यकारी भत्ता
Action–कारंवाई
Action, line of–कार्य दिशा
Active–१. चुस्त, फुर्तीला २. सक्रिय
Active consideration–सक्रिय विचार, तत्परता से विचार
Activities–कार्यकलाप
Actuals–सही आँकड़े, वास्तविक आँकड़े
Acute–अत्यधिक
Adaptation–रूपान्तर
Additional–१. अतिरिक्त २. अवर (सचिव आदि)
Additions & alterations–परिवर्तन और परिवर्धन
Address–१. पता, २. अभिभाषण, ३. सम्बोधन
Addressed to–के नाम, को सम्बोधित
Addressee–प्राप्तकर्ता, प्रेष्य, पाने वाला
Addressograph–पतालेखी
Adequate–पर्याप्त, समुचित
Ad hoc–तदर्थ
—indent–तदर्थ माँगपत्र
Adjourn–रोकना, स्थगित करना
Adjourn sine die–अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना
Adjourment–स्थगन
Adjustment–समायोजन
Administration–प्रशासन
Administrative action–प्रशासनिक कारंवाई
—approval–प्रशासकीय अनुमोदन
—department–प्रशासकीय
—system–प्रशासनिक पद्धति
Admission, No–प्रवेश वर्जित/निषिद्ध, अन्दर आना मना है
Adopt–अपनाना, अंगीकार करना
Adopted–दत्तक, गोद लिया
Adult–वयस्क
—education–प्रौढ़ शिक्षा
Adulteration–मिलावट
Adult franchise–वयस्क मताधिकार
Ad valorum–यथामूल्य
Advance–अग्रिम, पेशगी

Advance increment–अग्रिम वेतन वृद्धि
—payment–अग्रिम अदायगी
Advanced–उन्नत, उच्च
Adverse–प्रतिकूल
—entry–प्रतिकूल लिखना, इंदराज
—party–प्रतिपक्षी
Adverse report–प्रतिकूल रिपोर्ट
Advertised tender–विज्ञापित निविदा
Advice–परामर्श, मन्त्रणा, सलाह
Advisory Committee–सलाहकार समिति
—council–सलाहकार परिषद्
Affairs–कार्य, मामले
Affidavit–शपथ पत्र, हलफनामा
Affiliate–सम्बद्ध करना
Affirm–पुष्टि करना
Affirmative–स्वीकारात्मक
Affix–जोड़ना, लगाना
Affranchise–मताधिकार देना
Aforesaid–पूर्वोक्त, पहले कहा
Age–आयु
Entry–वय का इन्दराज
—limit–आयु सीमा, वय सीमा
—of retirement–निवृत्ति आयु, निवृत्ति वय
Agenda–कार्य सूची, कार्यक्रम
Aggregate–कुल, समाहार, पूर्ण योग
Agreement – रजामन्दी, समझौता, करार
Aggrieved–असन्तुष्ट
Aid–सहायता, मदद
—financial–आर्थिक सहायता
—grant in–सहायक अनुदान

Aided–सहायता प्राप्त
Aim–लक्ष्य, उद्देश्य
Airmail–हवाई डाक
Airmail route–हवाई मार्ग
Alert–सतर्क
All concerned–सभी सम्बन्धित व्यक्ति
Allegiance–निष्ठा
All India service–अखिल भारतीय सेवा
Allocation–बँटवारा बांटना
Allot–नियत करना, आबंटन
Allotment of fund–निधि नियतन
Allow–मंजूर करना
Allowance–भत्ता
—compensatory–प्रतिकर भत्ता
—dearness–मँहगाई भत्ता
—house rent–मकान किराया भत्ता, आवास भत्ता
—overtime–समयोपरि भत्ता
—travelling–यात्रा भत्ता
All rights reserved–सर्वाधिकार सुरक्षित
Along with–के साथ
Alteration–परिवर्तन, हेर-फेर
Alternative–वैकल्पिक, विकल्प
Ambiguous–संदिग्ध, अस्पष्ट, गोलमोल
Amendment–संशोधन
Amenity–सुख-सुविधा
Amount due–देय रकम
Ancillary–आनुषंगिक
Annexture–अनुबन्ध
—(for papers)–अनुलग्न (युक्त पत्र)
Announce–एलान करना

Annual–वार्षिक
—review–वार्षिक समीक्षा
—accounts–वार्षिक लेखा
Annuiry–वार्षिकी
Annul–रद्द करना
Antecedents–पूर्ववृत्त
Antisipated–प्रत्याशित
—expenditure–प्रत्याशित व्यय
Appeal–अपील
Appellate authority–अपील अधिकारी
—powers–अपील अधिकार
Appendix–परिशिष्ट
Appliance–उपकरण साधित्र
Applicable–लागू, प्रयोज्य
Application–प्रार्थनापत्र, आवेदनपत्र, अर्जी
Appointment–नियुक्ति
—permanent–स्थायी नियुक्ति
—temporary–अस्थायी नियुक्ति
—officiating–स्थानापन्न नियुक्ति
Appointing Authority–नियुक्ति प्राधिकारी
Appraisal–जानकारी
Appropriation–विनियोजन
Approval–अनुमोदन
Approved–अनुमोदित
—contractor–अनुमोदित ठेकेदार
Approximate–लगभग, अनुमानित
Arbitrary–स्वच्छन्द, एकतरफा
Arbitration–मध्यस्थ निर्णय
Arbitrator–मध्यस्थ
Arrangement–प्रबन्ध, विन्यास, व्यवस्था
Arrears–बकाया

Arrival and departure–आगमन और प्रस्थान
Article–अनुच्छेद, नियम
Articles of Association–संगम की नियमावली
As above–जैसा ऊपर दिया गया है, ऊपर जैसा
—against–के विरुद्ध, की अपेक्षा, की तुलना में
—a result of–के परिणामस्वरूप, के फलस्वरूप
—before—यथापूर्व, पूर्ववत्, पहले जैसा
—compared to–की तुलना में
—desired by–की इच्छानुसार
—directed–यथा निर्दिष्ट, निदेशानुसार
—early as possible–यथा शीघ्र, जल्दी से जल्दी
—far as possible–यथासम्भव, जहाँ तक सम्भव हो
—follows–निम्नलिखित
—hereinafter provided–आगे उपबन्धित जैसा, आगे दिये अनुसार
—in force for the time being–जैसा फिलहाल चालू/लागू हो
Aspects–पहलू, दृष्टिकोण
As proposed–जैसा कि प्रस्ताव है, यथा प्रस्तावित
—regards–के बारे/सम्बन्ध/विषय में
Assent–अनुमति
Assessment–निर्धारण
Assessed value–निर्धारित मूल्य
Assessment–कर-निर्धारण
Assets–परिसम्पत्ति, माल

Assign–सौंपना
Assistance–सहायता
Assumption–१. ग्रहण, २. कल्पना
—of charge–भार ग्रहण
Assurance–१. आश्वासन, २. बीमा
As the case may be–स्थिति अनुसार, यथा प्रसंग, यथा स्थिति, यथा अवस्था
At all–पूर्णतया, बिलकुल
—any rate–किसी भी दशा में, किसी भी स्थिति में
—least–कम से कम
—once–तत्काल, तुरन्त, फौरन
—par–समकक्ष, सममूल्य
Attached office – संलग्न / सम्बद्ध कार्यालय
Attendance register–उपस्थिति रजिस्टर, हाजिरी रजिस्टर
Attestation–साक्ष्यांकन, तसदीक
Auctioneering–नीलामी
Audio-visual–दृश्य-श्रव्य
Audit–लेखा परीक्षा
—objections–लेखा परीक्षा आपत्तियाँ
Authentic–अधिप्रमाणित
Authorised–प्राधिकृत
Authority–प्राधिकारी, प्राधिकार
Autograph–स्वाक्षर
Autonomous–स्वायत्त
Auxiliary–सहायक, सहकारी
Available–उपलब्ध, प्राप्य
Average–औसत
Aviation–विमानन
Avoidable–परिहार्य, निवार्य
Award–अधिनिर्णय

B

Background–पृष्ठभूमि, पृष्ठाधार
Backward classes–पिछड़े वर्ग
—tribes–पिछड़ी जनजातियाँ, आदिम जाति
Bad conduct–दुराचरण
—debt–बट्टाखाता, डूबी रकम, अशोध्य ऋण
Balance–१. शेष, २. तुला, ३. सन्तुलन
—opening–अथशेष, आदिशेष
—closing–इतिशेष, अन्तशेष
—sheet–तुलन पत्र, पक्का चिट्ठा
Ballot–मतपत्र
Ballot box–मतपेटी
Ban–पाबन्दी, रोक, प्रतिबन्ध
Bank–बैंक
Bar–रोध, रुकावट
—efficiency–दक्षता-रोध
Basic education–बुनियादी शिक्षा
—pay–मूल वेतन
Because of–के कारण
Before hand–पहले से
Behalf of, on–की ओर से, के निमित्त
Benefit–लाभ, हित, फायदा, सुविधा
—of doubt–सन्देह लाभ

Benevolent fund–हितकारी निधि
Besides–के अलावा/सिवाय/अतिरिक्त
Biased–पक्षपातपूर्ण
Bicameral–द्विसदनी
Biennial–द्विवर्षी, दोसाला, द्विवार्षिक
Bilateral–दोतरफा, द्विपक्षीय
Bill–१. बिल, २. विधेयक
—pay–वेतन पत्र, वेतन बिल
Binding–बन्धनकारी
Bipartite–उभयपक्षी
Bi-weekly–अर्द्ध-साप्ताहिक
Blue print–नीला नक्शा, रूपरेखा
Bonafide–वास्तविक, असली
Bonafides–सदाशयता
Bond–बन्धपत्र, बॉन्ड
Bonus–बोनस, लाभांश
Breach of contract–संविदा-भंग
— of law–कानून तोड़ना, विधि-भंग
—previlege–विशेषाधिकार-भंग
—of trust–विश्वास-भंग, न्यास-भंग
Brief–संक्षेप, पक्षकथन
Budget–बजट, आयव्ययक
Budget deficit–घाटे का बजट
— estimates–बजट प्राक्कलन, अनुमान
—provision–बजट व्यवस्था
—revised–पुनरीक्षित बजट
—supplementary–अनुपूरक बजट
—surplus–बचत का बजट, अधिशेष बजट
Bulk purchase–थोक खरीद
Bureau–ब्यूरो, कार्यालय
—philatelic–डाक टिकट संग्रह ब्यूरो/कार्यालय
Bureaucracy–नौकरशाही
Business hours–कार्य समय
By air mail–हवाई डाक से
—authority of–के अधिकार से
—order–के आदेश से
—return of post–लौटती डाक से
—special messenger–विशेष सन्देश-वाहक/हरकारे द्वारा
—virtue of–के नाते, के आधार पर, की हैसियत से
Bye-law–उपनियम, उपविधि

C

Cabinet–मन्त्रिमण्डल
Cablegram–केबल-तार
Cadre–संवर्ग
Calculation–गणना, गिनती
Camera meeting in–बन्द बैठक
Cancel–रद्द करना
Cancellation of allotment–आवंटन रद्द करना
Candidate–उम्मीदवार
Capable–योग्य
Canvass–वोट माँगना/प्रचार करना
Capacity–१. क्षमता, २. हैसियत
Capita, per–प्रति व्यक्ति
Capital, working–कार्यकारी पूंजी
Capitation fee–प्रति व्यक्ति फीस
Care of–के द्वारा, मार्फत
Carried forward–अग्रेनीत, आगे ले जाया गया

Cartage–गाड़ी भाड़ा ढुलाई
Case–मामला, विषय स्थिति
Cash–नकद, रोकड़
—and Carry–नकद दो और माल उठाओ
— book–रोकड़ बही
—purchase–नकद खरीद
Casual employment–सामयिक नियुक्ति
—leave–आकस्मिक छुट्टी/अवकाश
Cease to hold office–प्रभावी न रहना
Censure–निन्दा
—motion–निन्दा-प्रस्ताव
Census of population–जनगणना
Central Government–केन्द्रीय सरकार
—registry–केन्द्रीय रजिस्ट्री
—revenue–केन्द्रीय राजस्व
Ceritificate–प्रमाणपत्र
Certificate, last pay–अन्तिम वेतन पत्र
—medical–डाक्टरी/चिकित्सा प्रमाणपत्र
—of fitness–आरोग्य पत्र, स्वस्थता पत्र
Certified copy–प्रमाणित प्रति
Cess–उपकर
Chairman–अध्यक्ष
Channel, Through proper–उचित माध्यम से
Chapter–अध्याय
Character roll–चरित्रपंजी, आचरण पुस्तक
Charge–१. प्रभार, खर्च, २. कार्यभार, ३. आरोप, दोषारोप
Charge assumption of–भार/पद ग्रहण
—free of–निःशुल्क, बिना मूल्य
—relinquishment of–भार/पद त्याग
—report–कार्यभार रिपोर्ट
—sheet–आरोप-पत्र
Check–१. पड़ताल, जाँच, रोक, २. पड़ताल
Cheque–चेक
Chief–मुख्य
Child welfare–बालकल्याण
Chronological order–काल-क्रम
Circle–परिमण्डल
Circular letter–परिपत्र, गश्ती चिट्ठी
Circulate–प्रसारित करना
Circumstances–परिस्थितियाँ
Citation–१. उद्धरण, २. विरुद्ध-पत्र
City allowance–नगर भत्ता
Civil Services–असैनिक सेवाएँ
Claim–दावा
Claimant–दावेदार
Clarification–स्पष्टीकरण
Class–वर्ग, श्रेणी, प्रकार
Classification–वर्गीकरण
—of stores–सामान का वर्गीकरण
Clear vacancy–स्पष्ट रिक्ति
Clause–धारा, खण्ड
Clerical error–लिखाई की भूल, लेखन अशुद्धि/त्रुटि
Clerk–लिपिक, क्लर्क
Closing date–अन्तिम तारीख
Coastal–तटीय
Code–१. संहिता, २. कूट
—word–संकेत/कूट शब्द

Codification–संहिताकरण
Come into force–लागू होना
—into operations–चालू होना
Comment–टीका, टिप्पणी
Commission–१. आयोग, २. कमीशन
—emergency–आपाती समादेश/कमीशन
Committee–समिति
—standing–स्थायी समिति
Communication–संचार, सन्देश
Communique–विज्ञप्ति
Commutation–परिवर्तन (पेंशन, छुट्टी आदि का)
Comparative–तुलनात्मक
Compassionate grounds–दयामूलक/करुणामूलक कारण/आधार
Compensation–मुआवजा, प्रतिकर, क्षतिपूर्ति
Compensatory allowance–प्रतिकर भत्ता
Competent–सक्षम, समर्थ
Competitive examination–प्रतियोगी परीक्षा
Compliation–संकलन
Complementery–पूरक
Complaint–१. परिवाद, २. शिकायत
Completion–समाप्ति, पूर्ति
Compliance–पालन, अनुपालन
Complimentary–मानार्थ
Comply with–पालन करना
Compulsary–अनिवार्य, बाध्य
—retirement–अनिवार्य निवृत्ति
Concession–रिआयत, छूट
Concise–संक्षिप्त
Conclusivc–निश्चयात्मक, निर्णायक
Concurrence–सहमति
Condition–१. शर्त, २. स्थिति, दशा
Conditional–सशर्त, शर्त सहित
Confession–संस्वीकृति
Conduct–१. आचरण, २. कार्य-संचालन
Confidential–१. गोपनीय, २. विश्वस्त/अंतरंग
Confirmation–पुष्टि, पक्का करना
Connection–सम्बन्ध, सम्पर्क
Consecutivc–क्रमिक, लगातार
Consent–सहमति
Conservation–संरक्षण
Consideration, Under–विचाराधीन
Consistent–संगत
Consolidated–संचित
Consultation–परामर्श
Contents–१. अन्तर्वस्तु, अन्तर्विषय, २. विषय-सूची
Context–प्रसंग, प्रकरण, संदर्भ
Contingency fund–आकस्मिकता/प्रासंगिक निधि
Continuation sheet–अनुवर्ती कागज
Continuous–अविरत, लगातार, निरंतर, अविच्छिन्न
Contract–१. संविदा, २. ठेका
Contradictory–विरोधात्मक, विरोधी
Contrary–विपरीत, प्रतिकूल, विरुद्ध
Contractual document–ठेका सम्बन्धी प्रलेख
Contravention–उल्लंघन
Contrary–प्रतिकूल, विपरीत

Contributory–अंशदायी
Control–नियन्त्रण
Controlling officer–नियन्त्रण अधिकारी
Convene–संयोजन करना, बुलाना
Coversant–परिचित
Conveyance allowance–सवारी भत्ता
Co-ordination–समन्वय, एकसूत्रता
Copy–नकल, प्रतिलिपि
Corporation–निगम
Correction–संशोधन, शुद्धि
Correspond–१. पत्र-व्यवहार करना, २. समरूप होना संगति होना, मेल खाना
Correspondence–पत्र-व्यवहार, पत्राचार
Corrigendum–शुद्धिपत्र
Cost–लागत, मूल्य, खर्च
—of living–निर्वाह व्यय/खर्च
—of production–उत्पादन व्यय/लागत
Council–परिषद्
Counter–खिड़की काउन्टर, पटल
Counterfoil–अवपन्ना, मुसन्ना, प्रतिपर्ण
Coupon–कूपन
—gift–उपहार कूपन
Cover–आवरण लिफाफा
Creation–सृजन, निर्माण
Credence, Letter of–प्रत्यय-पत्र
Credit–१. श्रेय, मान्यता २. उधार, जमा, साख
Crew–कर्मी-दल
Criminal offence–दंडनीय अपराध
Critical–नाजुक, गम्भीर, आलोचनात्मक
Cross reference–अन्योन्य संदर्भ
Cumulative–संचित, इकट्ठा
Current–चालू, वर्तमान प्रचलित,
Cursory–सरसरी
Curtail–कम करना
Custody–१. परिरक्षा, अधीन, हिरासत
Custom–सीमा शुल्क, बहिःशुल्क
Cut–कटौती
—motion–कटौती प्रस्ताव

D

Daily allowance–दैनिक भत्ता
—wages–दिहाड़ी, दैनिक मजदूरी
—daily–दैनिकी
Data–आधार सामग्री, आँकड़े
Date of arrival–आगमन तिथि
—of birth–जन्म तिथि
Damages–१. क्षति, २. हर्जाना
Day book–रोजनामचा
Days of grace–रियायती दिन
Day, Republic–गणतन्त्र दिवस
Dearness allowance–मँहगाई भत्ता
Dear Sir/Madam–प्रिय महोदय/महोदया
Death cum retirement gratuity–मृत्यु एवं निवृत्ति उपदान
Debar–रोकना/वर्जन करना
Debarred–वारित (सेवा से)
Debit–नामे, नाम डालना
Deceased–मृत
Decentralised–विकेन्द्रीकृत
Decision–निर्णय, निश्चय, विनिश्चय
Declaration–घोषणा

Deduction–१. कटौती २. परिणाम निकालना
Deface–विरूप करना, मोहर लगाना
Default–चूक, व्यतिक्रम, अभाव
Defective–दोषपूर्ण, त्रुटिपूर्ण
Deferred–आस्थगित
Deficiency–कमी
Deficit–घाटा, कमी
—budget–घाटे का बजट
Deffinite–निश्चित, नियत
Degradation–दर्जा घटाना
Degree–१. उपाधि, मात्रा, २. अंश
De jure–विधित:
Delegate–(क्रि) दे देना, सौंप देना, प्रत्यायोजन, (सं) प्रतिनिधि
Delete–निकालना, हटाना, काटना
Delimitation–परिसीमन
Demand–माँग, अभियाचना
—note–माँगपत्र
—supplementary–अनुपूरक माँग
Demarcation–सीमांकन
Demi-official letter–अर्द्ध-सरकारी पत्र
Demotion–पदावनति, अवनति
Demarrage–विलम्ब शुल्क, डेमरेज
Denial–इन्कार, वंचित करना, नकार, त्याग
Denomination–मूल्य वर्ग, अभिधान
De novo–नये सिरे से
Department–विभाग
Departure–विचलन, प्रस्थान, रवानगी, जाना, फूट
Dependant–आश्रित
Deposit–जमा, निक्षेप, संग्रह, संचय
Deposit fixed–मियादी जमा
—initial–प्रारम्भिक जमा
—time–सावधि जमा
— account–जमा लेखा
Depositor–जमाकर्ता, जमा करने वाला
Depository–निक्षेप स्थान
Deposits–जमानिधियाँ
Depot–डिपो
Depreciation–मूल्य-ह्रास
Depressed classes–दलित जाति, दलित वर्ग
Deprive–वंचित करना
Deputation–१. प्रतिनियुक्ति, २. शिष्ट मण्डल
—on–प्रतिनियुक्ति पर, डेप्युटेशन पर
Derogatory–अप्रतिष्ठाजनक, अनादरपूर्ण
Description–विवरण, हुलिया, वर्णन
Deserving–योग्य, सुपात्र
Designation–पदसंज्ञा, पदनाम, ओहदा, अभिधान
Desirability–वांछनीयता
Desirable–अभीष्ट, वांछनीय
Despatch–भेजना, प्रेषण
Despatcher–प्रेषक, भेजने वाला
Destination–गंतव्य स्थान, लक्ष्य, मंजिल
Detail–ब्योरा
Detailed–विस्तृत
Detain–निरुद्ध करना, रोकना, रोक लेना
Determination–१. अवधारण, २. संकल्प
Devaluation–अवमूल्यन
Development–विकास अभिवृद्धि, उन्नति, प्रगति

Development Commissioner–विकास आयुक्त, विकास कमीश्नर
Deviation–भेद, अन्तर, फर्क
Device–युक्ति, विधा, उपाय
Devotion to duty–कर्तव्य-निष्ठा
Diarist–दैनिकी-लेखक, डायरी-लेखक
Dictate–लिखवाना
Difference–व्यतिरेक, भेद, भिन्नता, अन्तर
Digest–सार-संग्रह
Dignitary–सम्भ्रान्त व्यक्ति
Dimnish–घटाना
Diplomatic Bag–राजनीतिक डाक-थैला
Direct–(वि) सीधा, सरल, प्रत्यक्ष, (क्रि) निर्देश करना
—action–सीधी/प्रत्यक्ष/अमली कार्रवाई
Direction–निदेश, दिशा
Directive–निदेश, निदेशपत्र, (वि) निदेशात्मक
Director–निदेशक
Directorate–निदेशालय
Directorate General–महानिदेशालय
Director General–महानिदेशक
Direct recruitment–सीधी भर्ती
Direct report–प्रत्यक्ष रिपोर्ट, सीधी रिपोर्ट
Disability–निर्योग्यता, अशक्तता
Disadvantage–अलाभ हानि, असुविधा
Disagreement–असहमति
Disallow–अस्वीकार/मना करना
Disapproval–अनुमोदन
Disband–तोड़ देना, भंग करना
Disburse–राशि वितरण करना
Disbursing officer–राशि वितरण अधिकारी
Discharge–(क्रि) निर्वहण/पालन करना, उन्मुक्त करना, बरखास्त करना
Discharge certificate–विमुक्ति पत्र, मुक्ति पत्र
Disciplinary action–अनुशासनिक कार्यवाही
Discrepancy–असंगति विसंगति
Discretion–विवेक, स्वनिर्णय
Discretionary power–विवेकाधिकार, स्वेच्छाधीन शक्ति
Discussion–विचार-विमर्श, चर्चा, बहस
